YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-72 | रविवार, 13 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




वैशाखी, विषु, बोहाग बिहू, पोयला बोइशाख, मेषादी, वैशाखादि और पुतादुं पिरापु के शुभ अवसर पर मैं भारत और अन्य देशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। ऊर्जा और उल्लास से भरपूर ये त्योहार हमें अपने राष्ट्र के विकास में दृढ संकल्प के साथ योगदान देने के लिए प्रेरित करें। **द्रौपदी मुर्मु**


आईजीएनसीए में 'अयोध्या पर्व' के अवसर पर तीन प्रदर्शनियों का उद्घाटन 11

चारधाम यात्रा के लिए पशुपालन विभाग तैयार 12


## संक्षेप

### सेना ने आतंकवादियों के घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, सुंदरबनी सेक्टर में जेसीओ शहीद

श्रीनगर। जम्मू के सुंदरबनी सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में सेना ने शुक्रवार रात आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गया। सेना ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, ल्जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी रैंक 9 पंजाब के बहादुर उप निरीक्षक कुलदीप चंद के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। उन्होंने 11 अप्रैल की रात को सुंदरबनी के केरी बट्टल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ विरोधी अभियान का बहादुरी से नेतृत्व करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। सेना ने कहा, उनकी टीम की वीरता और उप निरीक्षक कुलदीप के बलिदान ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हम इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।

### अंबेडकर जयंती पर हिसार से अयोध्या के लिए वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखायेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को हरियाणा का दौरा करेंगे और हिसार से अयोध्या के लिए वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे तथा हिसार हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे।श्री मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह इस अवसर पर भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री हवाई यात्रा को सुरक्षित, किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के 410 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे। इसमें अत्याधुनिक यात्री टर्मिनल, कार्गो टर्मिनल और एटीसी भवन शामिल होंगे। वह हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को भी हरी झंडी दिखाएंगे। हिसार से अयोध्या (सप्ताह में दो बार) के लिए निर्धारित उड़ानों, जम्मू, अहमदाबाद, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में तीन उड़ानों के साथ, यह विकास हरियाणा की विमानन कनेक्टिविटी में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएगा। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के साथ-साथ अंतिम छोर तक बिजली पहुंचाने के विजन के साथ, प्रधानमंत्री यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की 800 मेगावाट की आधुनिक थर्मल पावर यूनिट की आधारशिला रखेंगे। कुल 233 एकड़ में फैली यह यूनिट, जिसकी कीमत लगभग 8,470 करोड़ रुपये है, हरियाणा की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगी और पूरे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करेगी।

# बंगाल में वक्फ कानून को लेकर फिर हिंसा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज इलाके में वक्फ कानून को लेकर फिर हुए विरोध प्रदर्शन ने अचानक हिंसक शक्ल ले ली, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी, इस हिंसा में अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात को देखते हुए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े, जबकि कुछ इलाक़ों में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की भी मदद ली गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार दोपहर शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में हालात उस वक्त और बिगड़ गए जब हिंसक भीड़ ने गांव पर अचानक धावा बोल दिया। इस हमले में एक ही परिवार के दो लोग- पिता और पुत्र की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बड़ी तादाद में लोग सड़क पर उतर आए और वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। शमशेरगंज से सटे धूलियन इलाके में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे-12 को जाम कर दिया, पुलिस की गाड़ी पर पत्थर फेंके और कुछ वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कम से कम 10 पुलिसकर्मी घायल



- चार जिलों में जमकर हिंसा, सीएम ने की शांति बनाए रखने की अपील
- भीड़ ने की पिता-पुत्र की बेरहमी से हत्या, हालात बेकाबू

हुए। कुछ पुलिसकर्मियों को जान बचाने के लिए एक मस्जिद में पनाह लेनी पड़ी। शनिवार को हिंसा धुलियान तक फैल गई, जहां एक व्यक्ति को गोली लगने की खबर है। पुलिस ने हालात काबू में लाने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में बीते 24 घंटे के भीतर चार अलग-अलग जिलों में भड़की हिंसा ने प्रशासन की चिंताएं बढ़ा दी हैं। मुर्शिदाबाद जिले के सूती और जंगीपुर इलाकों में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के अलावा मालदा, हुगली और उत्तर 24 परगना में भी हिंसा हुई थी। हालांकि बाकी तीन जिलों में प्रशासन की सक्रियता के बाद हालात सामान्य बने हुए हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए दावा किया कि इस बिल को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने देंगे।

इसी बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार ने एक सख्त संदेश देते हुए कहा है कि पुलिस के संयम को कमजोरी न समझा जाए, हालात बिगड़ने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को कोलकाता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी ने कहा कि अगर हालात और बिगड़े तो पुलिस सख्त से सख्त कदम उठाने में हिचकेगी नहीं।

डीजीपी ने बताया कि शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के सूती क्षेत्र में प्रदर्शन के दौरान हालात बेकाबू होने पर पुलिस को चार राउंड फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें दो प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। हालांकि दोनों की हालत अब स्थिर है और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। एडीजी ने अफवाहों पर चेताया, 118 गिरफ्तारराज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने प्रेस वार्ता में कहा, एक सुनियोजित तरीके से सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के ज़रिये अफवाहें फैलाई जा रही हैं। आम लोगों से अपील है कि वे किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें और सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि अब तक 118 लोगों को हिंसा और अराजकता फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने राज्यभर में निगरानी बढ़ा दी है और कंट्रोल रूम पूरी तरह से सक्रिय है। राज्यपाल ने भी जताई चिंता, मांगी रिपोर्टराज्यपाल सीवी आनंद बोस ने जंगीपुर की हिंसा को लेकर गहरी चिंता जताते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में विरोध का अधिकार ● शेष पेज 11 पर

## राष्ट्रपति को विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए : न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पहली बार यह निर्धारित किया है कि राज्यपाल द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर उन्हें तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना चाहिए।

दरअसल चार दिन पहले शीर्ष अदालत ने उन 10 विधेयकों को मंजूरी दी जिन्हें तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा था। साथ ही न्यायालय ने सभी राज्यपालों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई के लिए समयसीमा निर्धारित की थी। 415 पृष्ठों का यह फैसला शुक्रवार रात 10.54 बजे शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। न्यायालय ने कहा, ''हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाना उचित समझते हैं और निर्धारित करते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लेना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने कहा, 'इस अवधि से परे किसी भी देरी के मामले में, उचित कारण दर्ज कराने होंगे और संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और अगर कोई प्रश्न उठाए जाएं तो उनके उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने राष्ट्रपति के विचारार्थ 10 विधेयकों को सुक्षित करने के फैसले को आठ अप्रैल को अवैध और



कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया था। संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को उसके समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर स्वीकृति देने, स्वीकृति रोकने या राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का अधिकार देता है। उच्चतम न्यायालय ने समयसीमा निर्धारित की और कहा कि इसका अनुपालन न करने पर राज्यपालों की निष्क्रियता न्यायालयों के न्यायिक समीक्षा के अधीन हो जाएगी। न्यायालय ने कहा, ''विधेयक को मंजूरी न दिए जाने या राज्य मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने की स्थिति में राज्यपाल से तत्काल कदम उठाने की अपेक्षा की जाती है, जो अधिकतम एक महीने की अवधि के अधीन है। आदेश में कहा गया,'' राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह के विपरीत, मंजूरी न दिए जाने की स्थिति में राज्यपाल को अधिकतम तीन महीने की अवधि के भीतर एक संदेश के साथ विधेयक को वापस करना होगा। पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। पीठ ने कहा, ''अनुच्छेद 201 के तहत अपने ● शेष पेज 11 पर

## 100 कुंतल से ऊपर गेहूं विक्रय पर किसानों को सत्यापन से छूट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अन्नदाता किसानों के हित में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लिया है। सीएम के निर्देश पर एक तरफ अन्नदाता किसानों के हित में एक और कदम बढ़ाते हुए खाद्य व रसद विभाग ने सत्यापन प्रक्रिया को सरल बना दिया है तो वहीं दूसरी तरफ 100 कुंतल से ऊपर गेहूं विक्रय पर किसानों को सत्यापन से छूट दे दी गई है। किसान अनुमानित उत्पादन के 3 गुने तक बिक्री कर सकेंगे, जिससे कि अभिलेखों में त्रुटि इत्यादि से गेहूं बेचने में उन्हें परेशानी न हो।

योगी सरकार ने व्यवस्था की है कि पंजीकृत किसान सत्यापन के बिना भी 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकते हैं। सत्यापन के बाद कुल उत्पादकता के आधार पर अगेंस्ट उत्पादन क्षमता के तीन गुना तक गेहूं बेचने की सुविधा है, जिससे सत्यापन अथवा अभिलेखों में त्रुटि के कारण किसान को उत्पादित गेहूं बेचने में

- किसानों के हित में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया बड़ा फैसला
- किसानों को गेहूं बेचने में नहीं होगी बाधा
- अनुमानित उत्पादन के 3 गुने तक बिक्री कर सकेंगे



असुविधा न हो। गेहूं की बिक्री के लिए किसान खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in या विभाग के मोबाइल ऐप UP KISHAN MITRA पर पंजीकरण-नवीनीकरण करा लें।

## यूपी में 16 लाख से अधिक बेसहारा गोवंश की सेवा कर रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सत्ता संभालने के बाद गोवंश संरक्षण को अपनी सरकार की प्राथमिकता में सबसे ऊपर स्थान दिया है। योगी स्वयं गोपालक हैं और गोवंश से उनका लगाव जगजाहिर है। पिछले आठ वर्षों में गो-संरक्षण की दिशा में किए गए उनके प्रयासों ने प्रदेश को एक नई पहचान दी है। राज्य में 7713 गोआश्रय स्थलों की स्थापना करते हुए 16,09,557 बेसहारा गोवंश को संरक्षित किया गया है। यह आंकड़ा गोमाता के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 2,37,369 गोवंश इच्छुक किसानों और पशुपालकों को सौंपे गए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिला है।

पूरे देश में योगी सरकार के गो-संरक्षण मॉडल की चर्चा हो रही है। सबका साथ,

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश को दिया गो-संरक्षण का सर्वश्रेष्ठ मॉडल
- बीते 8 साल में की गई 7 हजार से ज्यादा गो-आश्रय स्थलों की स्थापना
- सहभागिता योजना से पशुपालकों को सौंपे गये 2.37 लाख गोवंश
- डीबीटी के जरिए प्रति गोवंश 1500 रुपए मासिक की मिल रही सहायता



सबका विकास के मंत्र के साथ कार्य कर रही प्रदेश की योगी सरकार में पशुओं को लेकर भी अत्यधिक संवेदनशीलता देखने को मिली है। गोवंश संरक्षण के साथ ही इनके स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत कुल 14 करोड़ 50 लाख पशुओं का टीकाकरण किया गया, जिसमें लम्पी रोग से बचाव के लिए 1 करोड़ 92 लाख पशुओं को वैक्सीन दी गई। इसके अतिरिक्त, निःशुल्क पशु चिकित्सा सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1962 प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। यह पहल पशुपालकों के लिए वरदान साबित हुई है, जिससे उनके पशुधन की सुरक्षा और उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

गोवंश के लिए समर्पित योगी सरकार ने समाज को भी इस अभियान का हिस्सा बनाते हुए कई प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना और स्वदेशी गौवंश संवर्धन ● शेष पेज 11 पर

## यूपीआई सर्विस 3 घंटे रही बाधित

नई दिल्ली। देशभर में शनिवार को तकनीकी समस्या के चलते यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) सर्विसेज ठप हो गईं। इसके कारण लाखों उपयोगकर्ता भुगतान और धन हस्तांतरण पूरा करने में असमर्थ रहे। भारत में यूपीआई सर्विस में व्यापक व्यवधान की खबरें आई हैं, जिसका असर गूगल-पे, फोनपे और पेटीएम जैसे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म को यूज करने वाले उपयोगकर्ताओं पर पड़ा है। उपयोगकर्ताओं ने लेन-देन विफल होने और 2-3 घंटे की अवधि के लिए सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों की सूचना दी है। डाउनडिटेक्टर के अनुसार दोपहर तक यूपीआई सेवाओं के बारे में शिकायतें 2,000 से अधिक हो गईं, जिनमें भुगतान और फंड ट्रांसफर से जुड़ी सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। इस बीच नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में इस इस समस्या को स्वीकार किया है। एनपीसीआई ने कहा है कि वे इसे हल करने के लिए काम कर रहे हैं। एनपीसीआई ने आगे कहा है कि हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं, और आपको ● शेष पेज 11 पर

## 10 हजार पर्यावरण सखियों को प्रशिक्षित करेगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए एक अनूठी पहल शुरू की है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह दिखाएगी। इस बार का फोकस सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है, जहां प्रदेश में 10 हजार पर्यावरण सखियों को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का एक शानदार कदम है। माना जा रहा है कि योगी सरकार की यह पहल प्रदेश को पर्यावरण के अनुकूल विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रेरणा ओजस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काम

- सौर ऊर्जा से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही योगी सरकार
- प्रदेश में तीन हजार से अधिक सौर शॉप्स की स्थापना से बदलेगी ग्रामीण महिलाओं की तकदीर
- प्रदेश के हर मंडल में एक सोलर प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करेगी योगी सरकार

कर रही है, जो सौर उत्पाद निर्माण, सौर शॉप्स, विकेंद्रीकृत सौर उत्पाद, और क्लीन कुकिंग उत्पादों पर केंद्रित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लखनऊ में एक सौर उत्पाद निर्माण इकाई शुरू की गई, जबकि 20 जनपदों के 207 विकास खंडों में 414 सौर शॉप्स स्थापित किए गए, जिनसे 414 महिलाओं को लाभ हुआ। इसके अलावा 80 सौर फूड प्रोसेसिंग मशीन, ड्रायर, और डीफ्रीजर स्थापित किए गए साथ ही 60 महिलाओं को ● शेष पेज 11 पर

## स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को मिलेगा नया मुख्यालय

### आम नागरिकों को पारदर्शी रूप से सेवाएं उपलब्ध कराने का बनेगा माध्यम, निर्माण पर 47 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि होगी खर्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नागरिकों को उत्तम सेवाएं देने का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार जल्द ही स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के नए हेडक्वॉर्टर के निर्माण व विकास का कार्य शुरू करने जा रही है। सीएम योगी का स्पष्ट विजन है कि विभागों की कार्यप्रणाली को भविष्य की जरूरतों अनुरूप ट्रांसफॉर्म किया जाए। ऐसे में, जनता से सीधे तौर पर जुड़े विभाग में पारदर्शिता को बढ़ावा देने, बिचौलियों पर लगाम लगाने तथा जन समस्याओं की उत्तम प्रबंधन प्रक्रिया को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार का यह प्रयास सहायक सिद्ध होगा।

नियोजन विभाग द्वारा इस संबंध में तैयार किए गए खाके के अनुसार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के नए हेडक्वॉर्टर का निर्माण शहीद पथ के समीप 20 हजार स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में होगा। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन भवन भूतल समेत 4 मंजिला होगा जिसके निर्माण में 47 करोड़ रुपए

- शहीद पथ के समीप भूतल समेत 4 मंजिला भवन का होगा निर्माण, 20 हजार स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में फैला होगा नवीन परिसर
- नियोजन विभाग ने खाका किया तैयार, देश की प्रतिष्ठित आईआईटी से भी ली जाएगी निर्माण व विकास कार्यों में राय
- 350 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का भी होगा परिसर में निर्माण, पास ऑफिस, पुलिस बैरक समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से होगा युक्त

(जीएसटी अतिरिक्त) की लागत आएगी।

परियोजना के अनुसार, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के हेड क्वॉर्टर को भविष्य की जरूरतों को अनुसार निर्मित किया जाएगा। शहीद पथ के समीप होने के कारण इसकी कनेक्टिविटी उत्तम होगी। इसके साथ ही, परिसर में 350 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का निर्माण किया



जाएगा। परिसर में पास ऑफिस, पुलिस बैरक समेत विभिन्न अनावासीय खंडों का निर्माण प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। नियोजन विभाग की योजना के अनुसार, इस परिसर के निर्माण के लिए देश की प्रतिष्ठित आईआईटी समेत उच्च अनुसंधान केंद्रों की राय भी ली जाएगी। परिसर में हरित क्षेत्र का भी विकास किया जाएगा। 45 सीसीटीवी कैमरे वाला सर्विलांस सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, प्रसाधन खंड, पार्किंग, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, एसटीपी, 75 किलोवॉट पावर के सौर ऊर्जा संयंत्र तथा सोलर ग्लासेस के इंस्टॉलेशन, कॉन्फ्रेंस हॉल के निर्माण, विभिन्न क्षमता के लिफ्ट के संचालन समेत अन्य कई प्रकार की सुविधाओं का निर्माण व विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

नियोजन विभाग द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन भवन के हेडक्वॉर्टर के सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने के लिए एक वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले सीएम योगी ने निर्देश दिया था कि प्रदेश में निबंधन कार्यों को पूरा करने के लिए विभाग के पास अच्छा फ्रेमवर्क होना चाहिए। इस तथ्य को भले ही पूर्ववर्ती सरकारों की ओर से अधिक महत्व नहीं दिया गया, मगर योगी सरकार इस दिशा में सार्थक प्रयासों की शुरुआत कर चुकी है।

लखनऊ में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन भवन के हेडक्वॉर्टर का निर्माण इसमें अहम कड़ी शामिल होगा। उल्लेखनीय है कि सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सहारनपुर, सीतापुर, चंदौली, मथुरा, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, औरैया व मुरादाबाद उप निबंधक कार्यालयों के निर्माण व विकास के लिए कुल 36.56 करोड़ की लागत स्वीकृत करते हुए पहली किस्त के तौर पर 18.28 करोड़ की धनराशि जारी भी की जा चुकी है। दूसरी ओर, कानपुर, बुलंदशहर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में निबंधन भवन के रिकॉर्ड रूम के नवनिर्माण व विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

**चैत्र पूर्णिमा, हनुमान जन्मोत्सव व रामलला छठी उत्सव पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु**

# अद्भुत संयोग पर अयोध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

एजेंसी



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में शनिवार को एक अद्भुत संयोग ने आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि सरयू घाट से लेकर मठ-मंदिरों तक भक्तों का तांता लगा रहा। रामलला का छठी उत्सव, हनुमान जन्मोत्सव और चैत्र पूर्णिमा का पावन पर्व एक साथ होने से अयोध्या भक्ति के रंग में सराबोर हो गई। इस अवसर पर हर भक्त के मुख पर सिर्फ ''राम-राम'' का जाप सुनाई दे रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या की व्यवस्था और सुरक्षा इतनी सुदृढ़ थी कि लाखों श्रद्धालुओं ने बिना किसी अव्यवस्था के दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया।

राम मंदिर में रामलला के छठी उत्सव का आयोजन बड़े ही भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर रामलला को कढ़ी-चावल सहित 56 भोग अर्पित किए गए। दोपहर 12:30 बजे मध्यकालीन आरती हुई, जिसमें हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। वहीं कनक भवन, श्रीरामबल्लभाकुंज, दशरथ महल, रामलला सदन, लक्ष्मण किला और रंग महल जैसे प्रमुख मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। इन अनुष्ठानों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जो रामलला के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट कर रही थी। दूसरी ओर, हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अयोधया हनुमानगढ़ी में सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो गए। घंटे-घड़ियालों व शंखनाद के बीच हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया। नाका, सिविल लाइन्स, सहादतगंज और अन्य हनुमान मंदिरों में भी रामायण पाठ, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का आयोजन हुआ। भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ-साथ आध्यात्मिक माहौल में डूबने का अवसर मिला। चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। भोर में ही श्रद्धालु सरयू तट पर स्नान के लिए पहुंच गए। स्नान के बाद दान-पुण्य और पूजा-अर्चना कर उन्होंने मठ-मंदिरों का रुख किया। इस दौरान अयोध्या की गलियों में भक्ति का ऐसा माहौल था कि हर ओर राम और हनुमान के भजनों की गूंज सुनाई दे रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अयोध्या की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को पहले से ही निर्देश दे दिए थे। उनकी देखरेख में सुरक्षा और सुविधाओं का ऐसा प्रबंध किया गया कि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए भक्तों को दर्शन कराए गए। योगी सरकार की यह प्रतिबद्धता कि अयोध्या में हर भक्त को सुरक्षित और सुगम दर्शन का अवसर मिले, इस पर्व में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। राम मंदिर में रामलला का छठी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रामलला को 56 भोग अर्पित किए गए, जिसमें कढ़ी-चावल विशेष रूप से शामिल था। मध्यकालीन आरती में भक्तों की भारी भीड़ ने भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया।

# कम्पोज़िट मुस्तफाबाद में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मियांगज, उन्नाव। विकासखंड मियागंज जनपद उन्नाव के कंपोजिट विद्यालय मुस्तफाबाद में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान शिवभान सिंह द्वारा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । अपने उद्बोधन में मनींद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में नामांकन को बढ़ाए जाना,ठहराव में वृद्धि और छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास है साथ ही छात्रों में आत्मविश्वास,अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने के लिए अभिभावकों और समुदाय को भी प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है जिससे बच्चों को स्कूल छोड़ने से रोका जा सके।

शारदा कार्यक्रम का लक्ष्य किन्हीं कारणों से ड्रॉप आउट हुए बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इस अवसर पर समारोह में छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षण सामग्री किट के साथ विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी दौरान मुख्य अतिथि द्वारा लर्निंग बाय डूइंग कक्ष का उद्घाटन किया गया । समारोह का संचालन शैलेन्द्र कुमार ने करते हुए शारदा संगोष्ठी पर विस्तृत प्रकाश डाला । इसके पूर्व मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मियागंज मनींद्र कुमार , नोडल शिक्षक संकुल राघवेन्द्र सिंह,ग्राम प्रधान शिवभान सिंह,एस एम सी अध्यक्ष कैलाश चंद्र आदि का स्वागत करते हुए माल्यार्पण किया गया। समारोह के अंत में प्रभारी प्रधान शिक्षक मोहम्मद ज़ुबैर अख़्तर ने गोष्ठी में आए हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- बाबा साहब के विचारों को किया याद
- ब्लाक प्रमुख के हाथों उपहार पाकर बच्चों के खिलें चेहरे



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को विद्यालय में भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए । आने वाले 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उन्हें व उनके विचारों को याद कर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा , जेपी वर्मा एवं सम्भूदत्त ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 12 ए की शिवानी ने प्रथम स्थान व दूसरे स्थान पर कक्षा 9 की छात्रा मैजाद बानों का रहा और तीसरे स्थान पर कक्षा 8 ए की छात्रा नंदिनी वर्मा का रहा। और भाषण प्रतियोगिता में नंदिनी का प्रथम, द्वितीय खुशी का और तीसरा स्थान अंजुम ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा व पतंजलि योग समिति गंगागंज अध्यक्ष नागेश वर्मा ने पुरस्कार भेंट किया।इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# शूटिंग बाल चैंपियनशिप का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रीमा वर्मा मेमोरियल 44 वीं प्रदेशिक शूटिंग बाल चैंपियनशिप जोन -3 बालक/बालिका का आयोजन एल पी एस वृन्दावन लखनऊ के प्रांगण में लखनऊ शूटिंग बाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया। जोन -3 में प्रदेश के विभिन्न जिलो से आयीं 11 टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुशील कुमार एम डी लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कालेज द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि जीतराज तोमर जनरल सेक्रेटरी एवं डां रूपाली पटेल द्वारा लखनऊ एवं बाराबंकी की टीमों के खिलाड़ी से परिचय लेकर मैच की शुरुआत की, लखनऊ शूटिंग बाल के सचिव अंजय कुमार दास ने बताया बालक वर्ग में लखनऊ की टीम 25-16 अंको के अन्तर से विजयी रहीं दूसरा मैच बालक वर्ग में उन्नाव एवं सुल्तानपुर के बीच खेला गया जिसमें उन्नाव की टीम 25-23 के अन्तर से विजयी रहीं तीसरा मैच प्रतापगढ़ एवं अयोध्या के बीच खेला गया जिसमें प्रतापगढ़ 25-12 के अन्तर से विजयी रहीं चौथा मैच कोशाम्बी एवं फतेहपुर के मध्य हुआ जिसमें कोशाम्बी 25-20 के अन्तर से विजयी रहीं सेमीफाइनल प्रथम कोशाम्बी एवं लखनऊ के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ 25-19 के अन्तर से विजयी रहीं दूसरा सेमीफाइनल उन्नाव एवं प्रतापगढ़ मध्य खेला गया जिसमें 25-21 के अन्तर से विजयी रहीं तृतीय स्थान के लिए उन्नाव एवं कोशाम्बी के मध्य खेला गया जिसमें उन्नाव 25-16 के अन्तर से विजयी रहीं फाइल मुकाबला लखनऊ एवं प्रतापगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें प्रतापगढ़ ने। लखनऊ को तीन सेट में त25-21 22-25 25-23 अंकों के अन्तर से विजयी रहीं बालिका वर्ग में 5 जिलों की टीमों के खिलाड़ीयों ने प्रतिभाग किया पहला मुकाबला लखनऊ एवं अमेठी के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ 25-11 के अन्तर से विजयी रहीं दूसरा मुकाबला सीतापुर एवं कोशाम्बी के मध्य खेला गया जिसमें सीतापुर 25-21 के अन्तर से विजयी रहीं तृतीय स्थान के लिए मुकाबला अमेठी एवं कोशाम्बी के मध्य खेला गया जिसमें कोशाम्बी 25-22 के अन्तर से विजयी रहीं प्रथम स्थान प्राप्त द विजयी टीम को जीत राज तोमर द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को संतोष सिंह सहसचिव उ प्र तृतीय स्थान प्राप्त टीम को अखिलेश कुमार रस्तोगी ने सार्टिफिकेट एवं मैडल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया बालिका वर्ग में लखनऊ ने 25-13 25-16 अंकों के अन्तर से विजयी घोषित हुईं प्रथम स्थान प्राप्त टीम को सदर अहमद द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को सुधीर सहगल अध्यक्ष शूटिंग बाल एसोसिएशन तृतीय स्थान प्राप्त टीम को यादवेन्द्र पाण्डेय ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

# संकट कटे मिटे सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शनिवार हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई कहा जाता है कि हनुमान न जन्मोत्सव का दिन मंगलकारी होता है क्योंकि हनुमान जी मंगल करने वाले जो हैं इस पावन पर्व के अवसर पर दुबग्गा स्थित कन्हैया माधोपुर शांति नगर मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो कन्हैया माधोपुर समाज सेवक विनोद व उमेश राजा राहुल लोधी द्वारा किया गया साथ ही संयोजक भी उपस्थित रहे पिंटू गोविंद रहे जिसमे भंडारे के साथ भजन और हनुमान चालीसा का उदघोष भी सुनाई दिया जो भक्ति को और भी प्रबल करने का काम कर रहा था। हनुमान भक्त सुबह से ही पूजा पाठ और भंडारे के आयोजन में व्यस्त दिखाई दे रहे था भीषण गर्मी के बावजूद भी हनुमान भक्त लंबी लाइन में लग कर प्रसाद लेते नजर आ रहे थे भंडारे का और राहगीरों को भी प्रसाद वा शीतल जल मिलता रहा वैसे तो हनुमान जन्मोत्सव हिंदू धर्म में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष यह पर्व शनिवार, 12 अप्रैल 2025 को मनाया गया जो विशेष रूप से शुभ माना जाता है।

# रामपुर तुलापुर में राजस्व टीम ने हटवाया सरकारी भूमि से अवैध कब्जा

**दो बार नोटिस देने के बावजूद नहीं खाली कर रहे थे ग्राम पंचायत की भूमि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव।शनिवार को तहसील कोरांव अंतर्गत रामपुर तुलापुर गांव में ग्राम समाज की भूमि पर बीते तीन वर्षों से अवैध कब्जा किए हुए लोगों को मौके पर कोरांव पुलिस के साथ पहुंची राजस्व टीम ने बेदखल कर दिया। ग्राम समाज की भूमि खाली होने पर ग्रामीणों में खुशी देखी गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर तुलापुर गांव में लगभग 15 बिस्वा के करीब नवीन परती सरकारी भूमि है।

उक्त भूखंड पर बीते तीन चार सालों से गांव के ही रहने वाले गुलाब शंकर पुत्र गया प्रसाद,छोटेलाल पुत्र प्रभुनाथ,भगवान दास पुत्र पन्नालाल,बंशीलाल पुत्र प्रभुनाथ,गायत्री प्रसाद पुत्र पन्नालाल,भगवती प्रसाद पुत्र पन्नालाल तथा अश्वनी प्रसाद पुत्र गया प्रसाद आदि लोगों ने मड़हा चढ़ाकर अवैध कब्जा कर रखा था। उक्त मामले को लेकर गांव के ही रहने वाले शेर बहादुर, इंदू तथा रोहित ने उपजिलाधिकारी के यहां गुहार लगाई थी। इनका कहना था कि जनहित को देखते हुए उक्त भूखंड को मुक्त कराया जाना आवश्यक है। नायब तहसीलदार डइय्या राम मूर्ति की माने तो उक्त प्रकरण में अवैध कब्जाधारको को दो बार नोटिस देकर मड़हा हटाने का निर्देश दिया गया था। बावजूद इसके अतिक्रमण करने वाले निर्देश को बार बार अनसुना करते रहे। अंततः शनिवार को नायब तहसीलदार राम मूर्ति क्षेत्रीय लेखपाल अंकित कुशवाहा और स्थानीय पुलिस बल को साथ लेकर मय जेसीबी मौके पर पहुंचे और सरकारी भूमि पर लगाए गए मड़हों को जमींदोज कर दिया। नायब तहसीलदार राम मूर्ति ने ग्रामीणों से कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कत्तई स्वीकार्य नहीं है। जो भी ऐसा दुस्साहस करेगा उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। राजस्व टीम के इस कारनामे से अवैध कब्जा धारको में खौफ देखा गया।

# ग्रामीण क्षेत्र की जन समस्याओं को दूर करना ही लक्ष्य - राजमणि कोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। ग्रामीण क्षेत्र की जन समस्याओं को दूर कर प्रत्येक गांवो का संपूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य है। जिस लक्ष्य पर 11 वर्ष से लगातार केंद्र की नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार काम कर रही हैं। गांव को मुख्य संपर्क मार्गो से जोड़ने का मामला हो अथवा प्रत्येक मजरों में विद्युतीकरण कार्य अथवा गरीब पत्र लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास गरीबों को निःशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन शौचालय आदि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कराया जा रहा है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने शनिवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब विधानसभा कोरांव के बड़ोखर मंडल के मैलहा गांव में भाजपा गांव चलो संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत आयोजित चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर गांव चलो संपर्क अभियान चलाया गया है। जिसका आशय लाभार्थी संपर्क, स्वच्छता मिशन के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करना, बूथ कमेटी के साथ बैठकें करना वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान आदि किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा गांव चलो अभियान को लेकर जहां कार्यकर्ता उत्साही हैं, वही हम जैसे जनप्रतिनिधि पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं, और उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। विधायक राजमणि कोल ने आवास, शौचालय व सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर उनका हाल-चाल लिया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष रामराज सिंह, राजेश मिश्रा, भोला पाण्डेय, जमुना प्रसाद मिश्र, अखंड पाण्डेय, सुरेंद्र केशरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# खंतारी में पुलिस पर पथराव, अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बवाल





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। शनिवार दोपहर लखनऊ कमिश्नरेट के महिंगवा थाना अंर्तगत खंतारी गांव में प्रशासन की बिना अनुमति के सरकारी भूमि पर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने को लेकर विवाद हो गया और लोग प्रदर्शन करने लगे,वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और अक्रोशित होकर पुलिस पर ही ईट पत्थर बरसाने लगे जिससे मौक़े पर कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार महिंगवा थाना अंतर्गत खंतारी गांव के प्रधानपति वीरेंद्र कुमार ने गांव के दलित वर्ग के लोगों के साथ मिलकर बीती रात बीआर अंबेडकर की प्रतिमा प्रशासन की बगैर अनुमति के स्थापित करवा दिया था और अन्य वर्ग के लोगों को भनक तक नहीं लगने दिया।वही शनिवार सुबह गांव के जब अन्य वर्गो के लोगों ने देखा तो इसकी शिकायत पुलिस से किया।वही स्थानीय थाना पुलिस ने उच्च अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी,उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शनिवार दोपहर महिंगवा थाना, इटौंजा थाना,बीकेटी थाना,महिला थाना लखनऊ-2 पुलिस सहित एक कम्पनी पीएसी बल के साथ उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी मौक़े पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया,लेकिन वह लोग नहीं मानें और पुलिस कर्मियों सहित सभी से धक्का मुक्की करने लगे और उसके बाद लगभग तीन सौ से चार सौ के आस पास महिला,पुरुष प्रदर्शन कारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया,जिसके बाद मजबूरन पुलिस ने बचाव के लिए कई बार आंसू गैस के गोले दागे,लेकिन भी पथराव में एसएसआई महिंगवा रावेंद्र सिंह,एसआई शेषमणि मिश्रा, एलआईयू एसआई शिद्देश वर्मा,महिला थाना प्रभारी मेनका सिंह घायल हो हुए तथा हेड कॉन्स्टेबल जय प्रकाश,लाल मोहम्मद, थाना महिंगवा सहित मौक़े पर मौजूद अन्य पुरुष/महिला पुलिसकर्मी चोटिल हुए है,जिनको उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

### विधायक ने किया समझाने का प्रयास लेकिन नहीं बनी बात, तनाव बरक़रार

वही घटना की जानकारी पाकर मौक़े पर पहुंचे बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह उनकी भी बात नही माने और ख़बर लिखे जाने तक मामला तनावपूर्ण बना हुआ था, वही तनाव को देखते हुए डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी सहित लगभग एक दर्जन से अधिक थानों की फोर्स मौक़े पर मौजूद थी।

### ग्राम समाज की जमीन पर स्थापित की गई थी मूर्ति, जिस पर थी आपत्ति

शुक्रवार की रात्रि को बीआर अंबेडकर साहब की मूर्ति बिना सरकारी अनुमति के स्थापित की गई थी,शनिवार सुबह कुछ लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर प्रतिमा स्थापित जब देखी तो आपत्ति की मूर्ति लगाने वाले ग्रामीण भी मूर्ति न हटाने को लेकर अड़ गए।एक पक्ष ने दावा किया कि जिस जमीन पर मूर्ति लगाई गई है।उसका इस्तेमाल सामाजिक कार्यों के लिए होता है।इन लोगों के द्वारा मूर्ति रखने को लेकर पहले से ही पूरी रूप रेखा तैयार की गई थी और बिना किसी को बताए मूर्ति रखी गई हालांकि दूसरे पक्ष ने ग्राम प्रधान के प्रस्ताव के बाद मूर्ति स्थापित किए जाने की बात कही यह पूरा मामला शनिवार सुबह से ही विवाद का रूप ले रहा था जो दोपहर तक उग्र हो गया और पुलिस पर पथराव कर दिया हालांकि यह पूरा मामला जांच का विषय है।

# हनुमान जयंती पर बरिगवाँधाम बालाजी मन्दिर में विशाल भण्डारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । हनुमान जन्महोत्सव के अवसर पर श्री बालाजी मन्दिर बरिगवांधाम आशियाना रोड कृष्णानगर लखनऊ में पहले रात्रि जागरण कर सुबह विशाल शोभायात्रा निकाली गई।दोपहर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।जो देर रात तक चलता रहा।भण्डारे में हजारों की संख्या में भक्तगणों ने पहुंचकर पहले हवन पूंजन किया।फिर भण्डारे में सम्लित होकर प्रसाद ग्रहण किया।मन्दिर पर कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मन्दिर के महंत श्री विनोद जी महाराज द्वारा प्रभु की महाआरती के बाद हुई।भक्तगणों ने खूब भजन कीर्तन किया और महाराज जी का आशिर्वाद प्राप्त किया।भण्डारे में प्रसाद के रूप में गुड़धनिया,बूंदी,हलुवा,खीर,पूड़ी-सब्जी,कड़ी,चावल सहित विभिन्न प्रकार के पकवान की व्यवस्था मन्दिर समिति द्वारा की गई थी।महंत श्री विनोद जी महाराज द्वारा भगवान का भोग लगाकर प्रसाद वितरण सुरु किया गया।श्रीबाला जी महाराज के दरबार मे बाला जी को छप्पन प्रकार का भोग लगाया गया।भक्तगणों ने बालाजी के दरबार में,भैरव जी व प्रेतराज सरकार,काली माता के दरबार मे अपनी-अपनी अर्जी लगा कर महाराज जी का आशिर्वाद लिया।भण्डारे में मन्दिर के कार्य सेवक बराबर लोगों को प्रसाद उपलब्ध कराते रहे।मंदिर में एक दिन पूर्व उत्तर प्रदेश विधानसभा में

**हजारों भक्तगणों ने चखा प्रसाद, भण्डारे में दिग्गजों ने की शिरकत**

अध्यक्ष सतीश महाना पहुंच पूजा अर्चना की।भण्डारे में मुख्य रूप से यूपी महिला आयोग की सदस्य अर्पणा सिंह विष्ट यादव,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमन सिंह चौहान,पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर,जिला पंचायत अध्यक्ष उन्नाव प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह,विभाग प्रचारक आरएसएस अनिल कुमार,समाजवादी पार्टी के पूर्व सचिव कुँअर राव कमलेंद्र सिंह यादव,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन एवं सहकारी संघ लिमिटेड सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव सहित तमाम दिग्गजों ने भण्डारे में पहुंच कर प्रसाद चखा।

# खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन विजेताओं को मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। एस.आर. ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस, लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव ''शौर्य-2025'' का आज भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट विजय सिंह चौहान एवं प्रसिद्ध कुश्ती कोच श्रीमती शिखा त्रिपाठी (कोच विनेश फोगाट) ने एसआर ग्रुप के वाईस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान के साथ कबूतर उड़ाकर किया।एस.आर. ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस, लखनऊ द्वारा वार्षिक खेल महोत्सव ''शौर्य-2025'' में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अनुशासन, कौशल और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। सम्पूर्ण खेलों में सीएस ब्राँच बेहतरीन प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर आर ग्रुप और तीसरे स्थान पर एआई/एआईएमएल/ डीएस ब्राँच रही। सम्पूर्ण खेलों में सीएस ब्राँच बेहतरीन प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर आर ग्रुप और तीसरे स्थान पर एआई/एआईएमएल/ डीएस रही।इस अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को माननीय एमएलसी पवन सिंह चौहान द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने प्रेरणास्पद संबोधन में पवन सिंह चौहान ने कहा जीवन में सफलता की कुंजी धैर्य और अनुशासन है। खेल हमें ये दोनों गुण प्रदान करते हैं और साथ ही टीम भावना, निष्ठा व नेतृत्व क्षमता जैसे जीवन मूल्यों का भी विकास करते हैं। शौर्य' जैसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को एक सशक्त मंच मिलता है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है।

# हरदोइया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के हरदोइया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई । विद्यालय के शिक्षक समेत छात्र छात्राओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्रपट पर पुष्प माला अर्पित किए और उनके बताए गए विचारों को मानने का संकल्प लिया। इस दौरान पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान निर्माता थे , जिनका 14 अप्रैल को जन्म हुआ था। जिन्होंने विशेष परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई को पूरा कर भारत के संविधान को बनाया और उस समय देश मे व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ एक आंदोलन के रूप अभियान चलाया। उन्होंने ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाया

**विद्यालय में डॉ भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई जयंती , विचारों को मानने का लिया संकल्प**

और सभी को समान अधिकार दिलाया। वहीं भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से बच्चों को शिक्षा लेने की बात कही। इस दौरान छात्रों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता में कक्षा 12 बी की छात्रा खुशी यादव का प्रथम स्थान व दूसरे स्थान पर मुस्कान सिंह और तीसरे स्थान पर 12 ए की छात्रा पारूल रही।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम शंकर अवस्थी, उप प्रधानाचार्य मिथलेश तिवारी, देशबन्धु , शैलेन्द्र त्रिवेदी, हरीश, शैलेन्द्री सिंह, वैशाली, अनुराग, अंकित सिंह, आशीष, सुनील समेत स्कूली छात्र छात्राओं सहित प्रबुद्ध जन मौजूद रहे ।

# डायल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में संपन्न हुआ रोजगार मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव लक्ष्मण पुर स्थित दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में ''डीजीआई-सिनर्जी, जॉब जंक्शन'' रोजगार मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 50 से अधिक कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप कई छात्रों को उनके सपनों की नौकरी प्राप्त हुई। इस एक दिवसीय रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।इस आयोजन में मारुति सुजुकी, यस बैंक, बंधन बैंक, आदित्य बिड़ला, जस्ट डायल, टेंडर पाम हॉस्पिटल और कोटक महिंद्रा बैंक जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हुई। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों के साथ सीधे संवाद किया और, उनकी योग्यताओं का आकलन किया उसके बाद मौके पर ही कई छात्रों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। रोजगार मेले में छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार दिए और अपनी शैक्षणिक योग्यताओं और कौशल का प्रदर्शन किया। कंपनियों ने इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वित्त, विपणन, स्वास्थ्य सेवा और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की तलाश की। छात्रों और कंपनियों के बीच यह सीधा संवाद दोनों पक्षों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में करियर बनाने का अवसर मिला, वहीं कंपनियों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योग्य उम्मीदवार चुनने में मदद मिली। दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधन ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान हमेशा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के रोजगार मेले छात्रों को सही मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भाग लेने वाली सभी कंपनियों और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस रोजगार मेले की सफलता दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने और उन्हें बेहतर करियर के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हरदोइया बाजार: हनुमान जयंती पर सुंदर काण्ड के साथ भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के हरदोइया बाजार में शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदर काण्ड व भंडारा कर धूमधाम से मनाई गई। हनुमान भक्तों ने अपने अपने संस्थानों , घरों और मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ का आयोजन किया। हरदोइया निवासी सत्य बैटरीज के प्रोपराइटर उमेश मिश्रा ने अपने संस्थान सत्य बैटरीज परिसर में सुंदरकांड के साथ पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उमेश मिश्रा ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# हनुमान जयंती के अवसर पर बालाजी मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। इलाके के न्यू हनुमान पूरी गली नंबर 8 स्थित बाला जी मंदिर संकट मोचन धाम में शनिवार को हनुमान जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं। हनुमानजी के जन्मोत्सव पर भक्तों ने पूजा अर्चना की साथ ही मन्दिर प्रांगण में सुबह से श्री बाला जी संकट मोचन धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से सुबह से ही बाला जी का श्रृंगार, आरती,सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आए भक्तों ने पहुंच का श्री बालाजी महाराज, श्री प्रेतराज सरकार, श्री कोतवाल कप्तान भैरव जी जागेश्वर महादेव के दर्शन व प्रसाद प्राप्त किया।

इस मौके पर श्री बालाजी संकट मोचन धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सिंह चौहान (गुरुजी) वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह उर्फ स्वतंत्र उपाध्यक्ष अमन सिंह चौहान (उत्तम) महासचिव अमर सिंह चौहान मुख्य सचिव दिनेश सिंह चौहान सचिन उर्फ वरिष्ठ मीडिया प्रभारी रामराज रावत सचिन हिमांशु मिश्रा पुजारी अंश बाजपेई सदस्य यशवीर सिंह मोनू सिंह (गणेश) एवं भक्तगण सूरज सिंह सुषमा सिंह विजय गुप्ता महाबली एवं श्री बालाजी के तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## ठाकुरगंज पुलिस ने चंद घंटों में लौटाया गुम हुआ मोबाईल फोन



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठाकुरगंज पुलिस अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने मे कोई कसर नही छोड़ना चाहती जिसका उदाहरण शनिवार को उस वक़्त दिखाई दिया जब काकोरी निवासी सलमान को उसका मोटोरोला फोन जिसकी कीमत लगभग 40 हज़ार रुपये थे उसे गुम होने के कुछ घंटों भीतर ही बुलाकर वापस कर दिया गया। अपना गुम हुआ मोबाइल पाकर सलमान काफी खुश हुए और ठाकुरगंज पुलिस वा मुफ्तीगंज चौकी टीम का शुक्रिया अदा किया । आपको बता दें इस सफलता मे ठाकुरगंज थाना अध्यक्ष के साथ एस पी ओ अनिल गुप्ता मोहम्मद हसीब खान और शब्बू खान सुधीर का विशेष योगदान रहा ।

# गांव चलो अभियान के तहत घर–घर किया संपर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी में भारतीय जनता पार्टी के 'गांव चलो' अभियान के तहत विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया।कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांव घुसकर में भी लोगों से संपर्क किया और और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया गया और उनके अनुभवों को सुना गया । पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से संपर्क में आने वाले लोगों को सरकार की ओर से चल रही योजनाओं व विकास कार्यों के बारे में ग्रामीणों को बताया बताया गया। कार्यक्रम में गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा (डिम्पल) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा पतंजलि योग सीमित गंगागंज के अध्यक्ष नागेश वर्मा, अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन पटेल भाजपा नेता डी डी त्रिपाठी और मंडल मंत्री राजेंद्र साहू ,शक्ति केंद्र संयोजक राम विलास कश्यप, युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष अंकित प्रजापति, दीनानाथ चौहान, देवेश त्रिपाठी, सत्यनाम चौधरी, गंगाराम यादव, उदय प्रकाश यादव, संतोष निषाद, श्यामलाल रावत, दुर्गेश रावत, समेत स्थानीय कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

# लखनऊ वालों को ही नहीं मिल रही जीने की बुनियादी सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुस्कुराइए आप लखनऊ में हैं ये नारा अब उन लोगों के लिए कटाक्ष बन चुका है जो राजधानी लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र के शाहपुर भमरौली, मुर्दापुर और फरीदीपुर जैसी बस्तियों में रहते हैं। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों का बजट आता है, विकास के बड़े-बड़े दावे होते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इतनी बदतर है कि यहां के बाशिंदे खुद को राजधानी का नागरिक तक नहीं मान पाते।

**जहाँ नहीं है मुस्कुराने की वजह**

शाहपुर भमरौली और मुर्दापुर फरीदीपुर रोड की गलियों में आज भी जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं है। स्थानीय निवासी राहुल प्रजापति, राजू लोधी, वीरेंद्र प्रजापति और सुरेंद्र सोनू ने बताया कि इन कालोनियों को बसे वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन हर साल की तरह इस साल भी बिना बारिश ही 'बरसात' का आलम बना हुआ है। गंदा पानी सड़कों पर बहता है, नालियां या तो टूटी पड़ी हैं या



फिर बनी ही नहीं।

**बिना बरसात बाढ़ जैसा मंजर, कब सुधरेगा प्रशासन?**

स्थिति इतनी भयावह है कि स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना दूभर हो गया है। आए दिन लोग फिसलकर गिरते हैं, बीमार होते हैं और कोई सुनवाई नहीं होती। फरीदीपुर की गलियों में शनिवार को एक ई-रिक्शा गड्ढे में पलट गया, जिसमें कई महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। यह कोई पहली घटना नहीं थी—इसी गली में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन अब तक आंखें मूंदे बैठा है।

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी, जनता का गुस्सा**

यह क्षेत्र देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र में आता है। वहीं स्थानीय पार्षद बादशाह गाजी लगातार दो बार से चुने गए हैं। लेकिन स्थिति यह है कि जनता द्वारा दी गई बार-बार की लिखित और मौखिक शिकायतों के बावजूद आज तक न तो कोई ठोस कार्य हुआ और न ही कोई स्थायी समाधान मिला।

**वीआईपी लखनऊ की गंदी गलियों में बहता नालों का पानी, जलभराव से हादसे, मासूमों की जिंदगी खतरे में**

किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार को एक महीने पहले लिखित शिकायत भी दी थी। दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया, लेकिन वह आश्वासन आज तक सिर्फ फाइलों और कागजों में ही दबा रह गया।

**क्या सिर्फ वीआईपी इलाकों तक ही सीमित है 'स्मार्ट सिटी'?**

फरीदीपुर, शाहपुर और मुर्दापुर के लोग सवाल उठा रहे हैं—क्या स्मार्ट सिटी सिर्फ गोमती नगर, हजरतगंज और अलीगंज तक सीमित है? क्या आम आदमी को विकास देखने और महसूस करने का हक नहीं है? क्या राजधानी में रहना अब केवल नाम भर है?

**सरकार से उम्मीद, लेकिन भरोसा डगमगाता**

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (ऋब्ख्ट्ट) तक शिकायत भेजी, लेकिन हर बार सिर्फ 'बजट की कमी' बताकर मामले को बंद कर दिया गया। अब जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो उन्हें सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। लखनऊ के कई हिस्से आज भी विकास से कोसों दूर हैं। जब राजधानी का यह हाल है तो प्रदेश की बाकी तस्वीर का अंदाज़ा लगाना मुश्किल नहीं। सवाल यह है कि क्या सरकार और प्रशासन जनता की पीड़ा सुनने के लिए तैयार है या फिर अगली दुर्घटना का इंतजार कर रहा है?

# भारत रत्न जनजानक कर्पूरी ठाकुर पार्क कादीनगर मे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्म जयंती




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य देहात । थाना नैमिषारण्य के अन्तर्गत विकास खण्ड मिश्रित केन्द्रीय शासन पदृति के जनक एवं मगध साम्राज्य के सम्राट महापदम नन्द की जन्म जयन्ती स्थानीय भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क कादीनगर मे आयोजित उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भा.ज.पा. नेता देवेन्द्र नन्दवशी एडवोकेट ने चक्रवर्ती सम्राट महापदम नन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला उन्होनो कहा कि लगभग 34 ई.पू.मगध साम्राज्य मे महापदम नन्द का शासन था जो नाई के महापुरखे थे इन्होने नन्दवश की स्थापना की साम्राज्य का विस्तार करते हुए सोलह महा जनपदो को जीतकर अपने राज्य मे मिलाते हुए अखंड भारत मे केन्द्रीय शासन व्यावस्था पहली बार लागू की इसलिए इन्हे केन्द्रीय शासन पदृति का जनक कहा जाता है नन्दवश मे कुल नौ राजा हुए आन्तिम शासक धनानन्द था धनानन्द को चन्द्रगुप्त मौर्य ने हराकर मौर्य वंश की स्थापना जो की महापदम नन्द की उपरानी मुरा का पुत्र था इसलिए नन्दवंश और मौर्यवंश एक ही है इस अवसर पर सियाराम नन्द सुनैना नन्दा सुनील नन्द कपील नन्द सूरज नन्दवंशी अमित मौर्या इस कार्यक्रम मे सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

# शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापक को फंसाने के लिए शिक्षिकाओं ने रचा षणयंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पहला, सीतापुर। महमूदाबाद तहसील इलाके के कंपोजिट विद्यालय तुरसेना का एक मामला प्रकाश में आया है।जहाँ पर कुछ महिला शिक्षिकाओं के द्वारा नाबालिक बच्चियों को उकसाकर शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापक पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। विद्या प्रसाद पुत्र राम अधार ग्राम महमदपुर मजरे तुरसेना विकास खण्ड पहला जनपद सीतापुर द्वारा मीडिया से जानकारी देते हुए पूरी घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि मेरी पुत्री ग्राम पंचायत में स्थित कम्पोजिट विद्यालय तुरसेना में पढ़ने जाती है। विद्यालय में कार्यरत कुछ महिला शिक्षिकाओं ने जैसे कि स्वेता शुक्ला, अनपमा डेविड, ममता यादव, आकांक्षा सक्सेना,आदि ने एक राय होते हुए लामबंद होकर अपनी ब्यक्तिगत खुन्नस निकालने के लिए विद्यालय में अध्ययनरत कई बालिकाओं को उकसाया गया। सभी बालिकाओं को विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों पर अश्लील हरकते करने, बैडटच, अभद्रता का झूठा आरोप लगाने के लिए डराया धमकाया तथा लालच भी दिया ल्लेकिन नाबालिग बालिकाएं शिक्षिकाओं से डर गयीं, शिक्षिकाओं के द्वारा बताई गई बातों को अपने घर में बता दिया।जिससे परिजन लोकलाज एवं बालिकाओं के साथ अभद्रता की बात से अभिभावकों में रोष आ गया। मामला इतना ही नहीं हुआ बल्कि सूत्रों ने जानकारी दी कि 2 दिन पहले खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुँचे थे। और जाँच के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई जैसे ही ग्रामीण एकत्र हुए तो खंड शिक्षा अधिकारी भी उनकी एक बात भी नही सुनी। और अपनी गाड़ी में बैठ कर रफूचक्कर हो गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 2 महिला शिक्षिकाएं विद्यालय को महीने में एक आध दिन ही आती हैं। कहीं ऐसा तो नहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी को लेनदेन की बात तो नहीं। लेकिन ग्रामीणों ने अगले दिन स्कूल पहुंचकर पता किया कि विद्यालय की शिक्षिकाओं ने शिक्षक मर्यादा को ताख पर रखकर अबोध बच्चों को ऐसी गन्दी बातें क्यों सिखा रही है। कि विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक सुनील कुमार एंव शिक्षामित्र राजकुमार समय से आते हैं। एवं मेहनत से शिक्षण कार्य करते हैं। किन्तु विद्यालय में कार्यरत उपरोक्त शिक्षिकाएं अक्सर विद्यालय से गायब रहती हैं। एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी की मिलीभगत व आपसी तालमेल के चलते एक दूसरे के हस्ताक्षर बना लेती है। विद्यालय में उपस्थित तमाम अभिभावकों एवं मीडिया के सामने इन शिक्षिकाओं की गन्दी मानसिकता जैसी करतूत का राजफाश हो गया है। शिक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद पर तैनात इन शिक्षिकाओं के इस घृणित कृत्य से अभिभावकों में काफी रोष व्याप्त है। परिजन बच्चों के भविष्य को लेकर चिन्तित हैं शिक्षामित्र राजकुमार व सहायक अध्यापक सुनील कुमार की छवि खराब करने तथा नौकरी पर संकट उत्पन्न करने की नियति से शिक्षिकाओं ने अबोध बच्चों को ढाल बनाया गया, जोकि बाल अधिकारों, शिक्षा का अधिकार अधिनियम व बाल संरक्षण नियमों का खुला उल्लंघन है इस कुकृत्य के बाद अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से डर रहे हैं इन शिक्षिकाओं ने शिक्षक छात्र मर्यादा को तार तार करने व अबोध बच्चों को समाज में बदनाम करने, अनैतिक ब्यवहार करने के प्रति उकसाने का जघन्य अपराध किया है म्ऐसी हरकत को देखकर सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय को घेराव किया गया। जिससे ग्रामीणों के द्वारा काफी हंगामा किया गया।लेकिन मामले को शांत कराने के लिये कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं

आया।काफी देर तक ग्रामीणों का हंगामा चलता रहा, इसकी सूचना जैसे ही सिरौली चौकी इंचार्ज को हुई तो वह आनन फानन में मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाते हुए आश्वासन दिया कि जाँच करके उचित कार्यवाही की जाएगी।

क्या बोले खंड शिक्षा अधिकारी* इस प्रकरण में हम किसी प्रकार की टिप्पणी करना नही चाहते है अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या खंड शिक्षा अधिकारी मोटी रकम लेकर मामले को तबाने की प्रक्रिया शुरू कर चुके है?जो ऐसे बोल रहे हैं। इसके बाद जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सी यू जी नम्बर पर फोन लगाया गया तो फोन नहीं उठा। अब देखना यह है कि शिक्षा के मंदिर में शिक्षण कार्य कर रही महिला शिक्षिकाओं के द्वारा दलित वर्ग की नाबालिक छात्राओं को क्यों उकसाया गया? क्या इन शिक्षिकाओं पर प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही की जाएगी?

# सीएचसी साडां के फार्मासिस्ट तिलकराम पर गंभीर आरोप

## 300 रुपये न देने पर मरीज़ का पर्चा फेंका, कहा– निकल जाओ बाहर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) साडां में तैनात फार्मासिस्ट तिलकराम एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गए हैं। आरोप है कि उन्होंने इलाज के लिए आए मरीजों से अभद्र व्यवहार किया और इलाज व दवाओं के नाम पर खुलेआम पैसे की मांग की। ताजा मामला तब सामने आया जब एक गरीब मरीज ने 300 रुपये देने में असमर्थता जताई। इस पर तिलकराम ने न केवल उसका पर्चा फेंक दिया बल्कि उसे केंद्र से यह कहते हुए भगा दिया कि ल्लनिकल जाओ बाहरङ्क।

स्थानीयों में आक्रोश

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब फार्मासिस्ट तिलकराम पर इस तरह के आरोप लगे हों। पहले भी उन पर दवाओं के बदले पैसे मांगने और अभद्र भाषा के इस्तेमाल की शिकायतें मिल चुकी हैं।

शिकायतें दर्ज, प्रशासन अब भी खामोश

ग्रामीणों ने इस मामले की लिखित शिकायत स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों से की है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो कोई कार्रवाई हुई है और न ही किसी अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। इससे लोगों में गहरा असंतोष है।

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

फार्मासिस्ट जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के इस तरह के व्यवहार से न केवल मरीजों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि भी धूमिल होती है। लोगों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# भ्रष्टाचार में लीन ग्राम पंचायत बारेपारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा - सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बारेपारा भ्रष्टाचार के रास्ते सही चल रही है, वैसे तो सभी ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार अपने पैर पसार चुका है। लेकिन कही कम तो कही ज्यादा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत बारेपारा में नल मरम्मत , नाली निर्माण , प्राथमिक विद्यालय में शौचालय मरम्मत , ग्राम पंचायत स्वच्छता पर व्यय , ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी स्थापना , प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण , सामुदायिक केंद्र का सुंदरीकरण हो या ग्राम पंचायत में कोई भी कार्य क्यों न कराया गया। भ्रष्टाचार सभी कार्यो में हावी होता दिखाई देता है , ग्राम पंचायत में कुछ कार्य तो कराये गए है लेकिन कुछ कार्य जमीनी स्तर पर कराये ही नही गए है। यही नही मनरेगा के तहत जो भी कार्य करवाये जाते है उसमे भी खूब फर्जी हाजरी लगाई जाती है जबकि सम्बंधित अधिकारियों द्वारा बताया जाता है कि बिना फोटो के हाजरी नही लग सकती है , सवाल यह भी उठता है कि कभी - कभी तो तीन की ही दिखती है और हाजरी तीस की लगी होती है। ग्राम पंचायत में सरकारी धन की खूब बंदरबाट की जा रही है, जिसकी ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय के निर्देशन मे द्वितीय पुलिस चौकी का नवनिर्माण



मछरेहटा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आम जनमानस में अकसर पुलिस का नाम लेते ही एक अलग ही छवि उभरकर आती है परंतु जनपद सीतापुर के मछरेहटा थाना में तैनात थानाध्यक्ष पांडेय का नाम आते ही पुलिस की नकारात्मक छवि के सारे मिथक धराशाई हो जाते हैं। थाना अध्यक्ष अमित पांडेय के दिशा निर्देशन में ही दो चौकियों का नवनिर्माण कार्य भी कराया गया है । जिसकी सराहना सभी क्षेत्रवासी कर रहे है , जिससे आम जनमानस सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर सुखानुभूति कर रही है थाना अध्यक्ष जी का नेतृत्व क्षमता और पुलिसिंग की प्रतिबद्धता वास्तव में प्रशंसनीय है और अल्प कार्यकाल में अपराध दर में कमी आई है और अपराधियों को पकड़ने में पुलिस टीम ने उत्कृष्ट काम किया है।

## करोड़ों के गबन में आरोपित बैंक मैनेजर का सहयोगी गिरफ्तार

फिरोजाबाद । जसराना थाना पुलिस ने शनिवार को बैंक में धोखाधड़ी कर करोड़ों की रकम गबन के आरोपित बैंक मैनेजर के सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि आगरा अंचल कार्यालय इंडियन बैंक के प्रमुख तरुण कुमार विश्नोई ने 27 मार्च को जसराना कस्बा की इंडियन बैंक शाखा में खाताधारकों के रुपये के गबन मामले में राघवेंद्र सिंह पुत्र रामपाल व जय प्रकाश सिंह पुत्र अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।आरोपितों ने बैंक शाखा के 91 खाताधारकों से कुल 1,85,97,900 करोड़ रुपये पद का दुरुपयोग करते हुए गबन किए थे। बैंक कर्मचारी ने खाताधारकों के पैसों को गिरोह में शामिल आकाश मिश्रा, सौमिल, सुखदेव, नीलेश व वीरबहादुर के खाते जमा कर दिया था। उन पैसों के एवज में राघवेन्द्र व अन्य साथियों ने ब्याज वसूल करके आर्थिक लाभ प्राप्त कर बैंक से धोखाधड़ी की गई थी। कोतवाल ने बताया कि इस प्रकरण में सुखदेव सिंह पुत्र छोटोलाल बघेल निवासी 25 बालाजीपुरम थाना हाइवे जिला मथुरा को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित बैंक मैनेजर का साथी है।

## युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत है : राज हंस सिंह

जौनपुर। मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज के सौदागर हॉल में शनिवार ''विकसित भारत के संकल्प'' विषय पर प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण की मूल शक्ति के रूप में रेखांकित किया। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजहंस सिंह ने युवाओं को देश की प्रगति का मेरुदंड बताते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि यदि युवा शिक्षा, नवाचार, तकनीक और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने ''स्टार्टअप इंडिया'' और ''मेक इन इंडिया'' जैसी योजनाओं को अपनाने की सलाह दी।

विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने पत्रकारिता को समाज को दिशा देने वाला शक्तिशाली माध्यम बताया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सत्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब शिक्षा डिग्री के साथ-साथ नैतिकता और सेवा का माध्यम बने। युवाओं से आत्मावलोकन, कौशल विकास और सामाजिक चेतना के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्य अतिथि राजहंस सिंह एवं विशिष्ट अतिथि हेमंत तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और आयोजन समिति को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया।

## बाबा साहब की जयंती को पर्व की तरह मनाएगी भाजपा

कानपुर । भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिले की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। जिसमें बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जन्म जयंती को पर्व की तरह मनाने पर चर्चा व रूपरेखा बनाई गई। इसी क्रम में तय हुआ कि कल 13 अप्रैल को कानपुर उत्तर जिले में स्थापित बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं की साफ सफाई की जाएगी और शाम को सभी प्रतिमाओं पर दीपक जलाकर रोशनी की जाएगी। यह जानकारी शनिवार को जिला उपाध्यक्ष रंजीता पाठक ने दी।

# क्षेत्रीय विधायक मिश्रिख एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर के द्वारा फीता काटकर पुलिस चौकी परसदा का किया गया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा-सीतापुर । मछरेहटा थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय के निर्देशन मे द्वितीय पुलिस चौकी परसदा का नवनिर्माण कराया गया जिसका उद्घाटन दिनांक : 10-04-2025 को सायंकालीन लगभग 7 बजकर 30 मिनट पर क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा के द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त पुलिस चौकी के उद्घाटन से कानून व्यवस्था की स्थापना, अपराधों की रोकथाम और निवारक कार्यवाही के साथ-साथ क्षेत्र मे विश्वास और सुरक्षा की भावना को बल प्राप्त हुआ है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस चौकी का उद्घाटन क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा। साथ ही थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि थाना मछरेहटा का क्षेत्रफल विस्तृत होने के कारण सुदूर के नागरिकों को किसी आपातकालीन समय मे या साधन अनुपलब्धता के कारण समय से थाने तक नही पहुंच पाते थे ,अब वह सभी समस्याएं दूर हो गयी है, रिपोर्ट दर्ज कराने के अतिरिक्त सारी कार्यवाही चौकी परसदा से हो जाया करेगी।इस अवसर पर उक्त अतिरिक्त उपजिला अधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा,पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा अधीक्षक डॉ. कमलेश , रामकोट थाना प्रभारी जे.बी. पाण्डेय, संदना थानाध्यक्ष चन्दभानु यादव ,वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ,दीवान विजय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक, निरीक्षक, आरक्षी, चौकी प्रभारी, ग्राम प्रधान और समाजसेवी बबलू दीक्षित, गम्पू सिंह, अंजनी शुक्ला, अंकित श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीआईओएस ने जारी किए एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई करवाने के निर्देश

मुरादाबाद। गत सप्ताह निजी स्कूलों की फीस, पुस्तकों व यूनिफॉर्म को लेकर हुई बैठक के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने शनिवार को जारी कर दिए। डीआईओएस ने आगे कहा कि विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके साथ ही प्रति वर्ष किताबों में बदलाव न करने के निर्देश दिए हैं। बीती तीन अप्रैल को कलक्ट्रेट में आयोजित की गई जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। डीआईओएस ने बताया कि शिकायत मिली थी कि स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करवाई जा रही थी। इसके बाद समिति ने कहा कि एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध पुस्तकों को डाउनलोड किए जाने के लिए लिंक एवं वेबसाइट को नोटिस बोर्ड व विभिन्न माध्यमों से प्रचार कराकर पढ़ाई करवाई जाए। एडीएम सिटी ने स्कूलों को निर्देश दिए थे कि किसी भी छात्र-अभिभावक को निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए स्कूलों द्वारा बाध्य नहीं किया जाएगा। इसके अलावा एनईपी 2020 के अनुसार यदि पाठ्यक्रम में परिवर्तन की आवश्यकता हो तब ही पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया जाए।

## सौतेले भाई ने छोटे भाई की गला दबाकर कर दी हत्या

रायबरेली।सौतेले भाईयों के आपसी विवाद में छोटे भाई की पीट पीट कर हत्या कर दी गई।शनिवार की दिन दहाड़े हुई इस घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच कर रही है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के दुन्ना खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार(36) और उसके सौतेले बड़े भाई सोहन लाल के बीच विवाद था।शनिवार को भी दोनों के बीच भूसा रखने को लेकर विवाद शुरू हुआ जो मारपीट में बदल गया। इस बीच सोहन लाल ने आवेश में आकर सर्वेश(36) का गला दबा घोंट दिया और फ़रार हो गया। बेहोशी की हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी पिंकी ने बताया कि खेतों में भूसा रखने को लेकर विवाद हुआ और दोनों लोग लड़ रहे थे।जेठ सोहनलाल के गला दबाने से पति की मौत हो गई।पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक के तीन बच्चे हैं ।

# कमलापुर में प्राचीन (वार्षिक) विशाल महोठे रानी मेले का हुआ शुभारंभ

## आस्था की उमंग में क्षेत्रीय युवाओं, बच्चों ने दंडवत करते हुए मां के दरबार में पहुंचकर दर्शन पूजन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कमलापुर सीतापुर। जनपद के कस्बा कमलापुर में विगत वर्षो की भांति मां महोठे रानी मंदिर प्रांगण पर एक माह तक चलने वाले वार्षिक मेले का शनिवार को प्रारंभिक तरीके से शुभारंभ हुआ। इस मौके पर हजारों महिलाओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्राचीन परंपरा के अनुसार सुहाग सामग्री सहित मटकी अर्पित करते हुए माता रानी का दर्शन पूजन किया गया। भक्तों की मान्यता के अनुसार मां के दरबार में सच्चे मन से आकर लोग मनौती मांगते हैं कहा जाता है कि यहां आने वाले हर किसी की मनोकामना पूरी होती है जब मनोकामना पूरी होती हैं तो श्रद्धालु यहां पर महिलाओं के लिए लोकरीति के अनुसार अनेकानेक दुरकइया और कन्या भोज आदि का आयोजन करते हैं। यह मेला कसमंडा स्टेट राज परिवार द्वारा विगत कई वर्षों से प्रतिवर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा से वैशाख मास की पूर्णिमा तक आयोजित किया जाता है। यहां पर प्रसाद के रूप में मिट्टी की हांडी एवं सुहाग सामग्री मां को अर्पित की जाती है मेले में आस पास के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं मेले की सुरक्षा,को,लेकर कमलापुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए मेला ग्राउंड में भारी पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर पर व आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए भी लगवाए गए हैं । मां महोठे रानी का इतिहास जनपद सीतापुर के कस्बा कमलापुर में रेलवे लाइन के किनारे माता महोठे रानी का दरबार है जो चबूतरे पर विराजमान है दरबार की देखरेख कसमण्डा स्टेट द्वारा की जाती है मंदिर की स्थापना के बारे में स्थानीय लोग बताते हैं कि महोली गांव के महोठा सिंह की महोठे रानी बेटी थी। इनकी शादी राजा महासेन डेंगरा के साथ हुई थी ।

मुगलों से युद्ध के दौरान डेंगरा में महासेन महाराज शहीद हो गए थे तब महोली में मुगल सैनिक मैया महोठे रानी को ले जाने के लिए आए थे स्थानीय सैनिकों ने मैया महोठे रानी की मुगल सैनिकों से रक्षा की थी रक्षा करते हुए पासी समुदाय के सैनिक बीसरदार शहीद हुए थे बाद में मैया महोठे रानी सती हो गई थी। तभी से मां का यह दरबार श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा का केंद्र बन गया सती मां का मंदिर राज परिवार कसमंडा स्टेट द्वारा बनवाया गया ।मंदिर बनने पर मां ने,राज परिवार व पुजारी को स्वप्न में कहा कि हम बाहर चबूतरे पर रहेंगे हमारा पूजन बिसरदार के परिजन करेंगे तब से बीसरदार के परिजन पुजारी की भूमिका निभा रहे है।

# सम्राट अशोक के पदचिन्हों पर चल रहे हैं पीएम मोदी: डिप्टी सीएम केशव मौर्य

**0 शनिवार को कुशीनगर पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य, सपा पर बरसे**



कुशीनगर। सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह से प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने बुद्धम शरणम गच्छामि के बाद अपने साम्राज्य की सीमा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे ठीक वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सीमा सुरक्षा के लिए काम किया है। उन्होने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव फर्जी पीडीए की बात करते है उनके पीडीए का मतलब है '' परिवार डेवलपमेंट एजेंसी '' । सपा सरकार से परिवार और गुण्डा माफियाओं को छोड किसी का उत्थान नही हुआ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को कुशीनगर में थे। वह पडरौना नगर के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण मे राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा द्वारा सम्राट अशोक के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सम्राट अशोक की तरह पूरी जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा कर रहे हैं और लगातार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। सम्राट अशोक की न्याय व्यवस्था को देश के प्रधानमंत्री मोदी साकार करते हुए दुनिया को शांति का संदेश भी दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मंच से प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध दिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में महान अशोक के सुशासन का अनुसरण करने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुप में देश को मिला है। उन्होने वर्ष 2014 से अब तक तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी के कार्यो का बखान करते हुए तमाम योजनाओ व उपलब्धियो को गिनाया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज से भेदभाव को खत्म करने के लिए सम्राट अशोक के पद चिन्हों पर चलते हुए आगे बढ रहे है, वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का मंत्र धारण कर हर वर्ग के उत्थान मे जुटे है। डिप्टी सीएम ने विपक्ष को आडे हाथो लेते हुए कहा कि जहां सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकार होती है वहा बिजली आती नही, और जहां भाजपा की सरकार होती है वहा बिजली जाती नही। मौर्य ने सपा के परिवार डेवलपमेंट एजेंसी वाली पीडीए की धज्जियाँ उडाने का आह्वान करते हुए 2027 में उत्तर प्रदेश मे पुनः भाजपा को भारी बहुमत से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इससे पहले सांसद, विधायक ने अपने विचार रखे वही कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा ने सभी अथितियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अनूप मिश्रा ने किया।

### भाजपा नेता के माता-पिता के मूर्ति का किया अनावरण

सम्राट अशोक के कार्यक्रम से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पडरौना नगर के भारतीय इंटर कालेज पहुचे, जहां वह भाजपा नेता व कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा के माता-पिता ( स्वर्गीय बन्नी देवी व उमाशंकर कुशवाहा) के मूर्ति का अनावरण किया। यहा विद्यालय के संस्थापक व भाजपा नेता नथुनी कुशवाहा व प्रधानाचार्य नबेन्दु भूषण सहित विद्यालय के शिक्षको ने उप मुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल,खड़ा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय गोड, फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कुशीनगर के होम्योपैथिक चिकित्सकों को लखनऊ में किया गया सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

राजापाकड़/कुशीनगर। होम्योपैथी के जनक डा. सैमुअल हैनीमैन की 270वीं जयंती के उपलक्ष्य में लखनऊ में गत 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर भव्य रूप से होम्योशक्ति - 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को सुरक्षित, सरल और जनहितैषी बताया।कार्यक्रम में एनएचएमसी के प्रधानाचार्य डा. पुष्कर विजय, पूर्व चेयरमैन मेडिसिन बोर्ड डा. बीएन सिंह, डा. उमंग खन्ना, डा. पंकज श्रीवास्तव व डा. ममता पंकज आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही जहां प्रदेश भर से आए होम्योपैथिक चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुशीनगर जनपद से जुड़े होम्योपैथिक चिकित्सकों डा. सुभाष यादव, डा. अनिल गुप्त, डा. बलीराम यादव, डा. सिब्बू अंसारी, डा. वाजिद अली व डा. आकाश गुप्ता को उनके क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों और सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना और इसके वैज्ञानिक पक्ष को समाज के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना था। विशेषज्ञों नेंहोम्योपैथी को एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प बताया और चिकित्सकों से इस विधा को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की।

# दलित युवक की हत्या के मामले में परिजनों ने एसपी आवास का किया घेराव

**0 परिजनों ने अरोपियों के विरूद्ध की कठोर कार्रवाई की मांग**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



आजमगढ़। जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव में दलित युवक की हत्या के मामले में शनिवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। और सैकड़ों की संख्या में परिजन और ग्रामीणों ने एसपी आवास का घेराव किया। परिजनों का कहना है कि संतोष कुमार की सुनियोजित तरीके से उसे मारा- पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि परिजन एसपी से नहीं मिल पाए। मौके पर पहुंची सिधारी थाने की पुलिस ने आश्वासन देकर उन्हें घर भेज दिया। आपको बता दे की सिधारी थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी पीड़ित परिजनों का आरोप है। कि 30 मार्च 2025 को सिधारी थाने में लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते सुरेश, हरिनंद और लल्लू ने उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में उनके पुत्र संतोष कुमार को पेट में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। इलाज के दौरान अस्पताल में संतोष कुमार की मृत्यु हो गई। घटना के तीन दिन बीत चुके लेकिन अभी तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे नाराज परिजन और ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में शनिवार को एसपी आवास का घेराव किया। ग्रामीणों ने एसपी से मिलने की मांग की लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की सूचना जैसे ही सिधारी थाने की पुलिस को मिली वैसे ही शिकारी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों और ग्रामीणों को घर भेज दिया।

# एसडीएम ने कराई क्राप कटिंग

महराजगंज, रायबरेली। शासन के निर्देश व जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने क्षेत्र के भटसरा गांव के उन्नतशील किसान के गेहूं के खेतों में जाकर क्रॉप कटिंग करवाई तथा गेहूं की गुणवत्ता परखी।

बताते चले की गेहूं के फसल की क्रॉप कटिंग विकासखंड महराजगंज के ग्राम सभा भटसरा के उन्नतशील किसान अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार , पवन कुमार पुत्र सुखदीन के खेत में उपजिलाधिकारी सचिन यादव व राजस्व विभाग की टीम ने खेत में जाकर गेहूं की गुणवत्ता को जांचने एवं परखने हेतु एवं पैदावार जानने हेतु क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया तथा 10 गुणा 10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के अनुसार माप कराई गई। जिसमें अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार की गाटा संख्या 163 में 11.680 किलोग्राम तो वहीं पवन कुमार पुत्र सुखदीन के गाटा संख्या 464 में 19.00 किलोग्राम गेहूं निकला तो वहीं उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने कहा कि विभिन्न फसलों में क्रॉप कटिंग का प्रयोग राजस्व विभाग और कृषि सांख्यिकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से किया जाता है।

# शिक्षकों ने निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष को दी भव्य विदाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ कुशीनगर के कार्यसमिति की बैठक रविन्द्र नगर धूस पर सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, कोटा मनी शीघ्र जमा करने, शिक्षक समस्याओं का समाधान कराने, संगठन का चुनाव आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही शिक्षकों ने निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष की भव्य विदायी दी।शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष मु जाकिर अंसारी के कार्य व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले भारतीय सेना में तैनात थे, वहां से रिटायर होने के बाद बेसिक शिक्षा में शिक्षक के पद पर तैनात हुए। 2011 में वे जूशिसं विशुनपुरा इकाई के अध्यक्ष बने, फिर 2020 में संगठन के जिला कोषाध्यक्ष बने। उन्होंने कहा कि जाकिर जी की छवि जुझारू शिक्षक नेता की रही है। जिलामंत्री छेदी प्रसाद ने जाकिर अंसारी को संगठन के प्रति समर्पित शिक्षक नेता बताया। उन्होंने 23 अप्रैल तक कोटा मनी जमा करने की बात कही। अपने स्वागत से अभिभूत निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष मु जाकिर अंसारी ने कहा कि हम भले ही सेवानिवृत हो गये लेकिन शिक्षक हितों की रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर प्रान्तीय संयुक्त मंत्री कलमदानी सिंह, कुंजेश्वर सिंह, बांके बिहारी लाल, मद्धेश मिश्र, ऐजूलहक, अंजनी सिंह, रामप्रकाश शर्मा, अनिल चौरसिया, इन्द्रजीत मणि, दिनेश सिंह, मोलई प्रसाद, रामेश्वर सिंह, महेश रज्जक,सतीश पासवान, अमित तिवारी, रामकेवल प्रसाद, योगेन्द्र शर्मा, विनोद सिंह, राजकुमार राय, बृजमोहन प्रसाद, प्रेमचंद, पारसनाथ साहनी, वेदप्रकाश गुप्ता, हारून रसीद, अबुलैश अंसारी, तेजप्रताप आदि रहे।

# पीड़ित महिला का साइबर सेल ने वापस कराया 38,500 रूपये



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

आजमगढ। जनपद के थाना-कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी साइबर फ्राड के 38,500 रूपये वापस कराया गया। आजमगढ़ आवेदिका वन्दना सिंह पुत्री श्याम नरायन सिंह निवासी सलेमपुर, थाना कोतवाली ,जनपद आजमगढ़ के साथ 38,500 रूपये का साइबर फ्राड हुआ था जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा पोर्टल पर शिकायत की गयी। जिसमे मामला पंजीकृत किया गया था। जिसके आधार पर आवेदिका का 38,500 रूपये होल्ड कराया गया। उक्त शिकायत पर विधिक कार्यवाही कराते हुये कम्प्यूटर आपरेटर सनत सिंह व म0आ0 उमा वर्मा के द्वारा होल्ड हुए पैसे पर मा0 न्यायालय से आदेश कराकर आवेदिका के पैसे को वापस कराया गया।

रिकवरी मामले में टीम के उ0नि0 रवि प्रकाश गौतम ,थाना कोतवाली ,जनपद आजमगढ़,उ0नि0 विनय कुमार सहाय ,थाना कोतवाली ,जनपद आजमगढ़, कम्प्यूटर ऑपरेट सनत सिंह ,थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़,म0आ0 उमा वर्मा ,थाना कोतवाली शामिल है।

# प्रेरणास्त्रोतों का युवाओं ने किया सम्मान, लिया अनुशासित जीवन जीने का संकल्प

**पं. कृतिकर महाराज व आईआईटीयन हर्षित पांडेय का हुआ अभिनंदन**

**साधना और समर्पण की मिली सीख, युवाओं ने अनुकरण की कही बात**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत विजयपुर उत्तर पट्टी में आयोजित एक निजी समारोह में क्षेत्र के युवाओं ने प्रख्यात कथा प्रवक्ता राजन जी महाराज के शिष्य पं. कृतिकर महाराज व आईआईटी कानपुर के मेधावी छात्र हर्षित पांडेय का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र से सम्मान किया।

इस दौरान अभिनन्दन मिश्र, दयानंद, शाश्वत, नीरज सहित अन्य युवाओं ने दोनों को अपना रोल मॉडल और प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि इनकी साधना, समर्पण और उद्देश्य के प्रति अडिगता से हम सभी न केवल प्रेरणा लेते हैं, बल्कि स्वयं के भीतर भी श्रेष्ठता की तलाश में जुटते हैं। इस अवसर पर सभी ने अपने जीवन में अनुशासन, निरंतर अभ्यास और लक्ष्य के प्रति निष्ठा अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पं. कृतिकर महाराज ने कहा कि साधना का अर्थ केवल ध्यान नहीं, बल्कि अपने कर्म, सोच और लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ होना है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन को सार्थक बनाना है तो हर युवा को आत्ममंथन कर यह तय करना होगा कि वह जीवन से क्या चाहता है, फिर उसी राह पर तप और त्याग के साथ आगे बढ़ना होगा। आईआईटीयन हर्षित पांडेय ने कहा कि लक्ष्य केवल सोचने से नहीं, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से प्राप्त होता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि समय को साधकर, पूरी तन्मयता से अपनी पढ़ाई और कौशल निर्माण में लग जाएं। समारोह में दुर्गेश मिश्र, बृजेश मिश्र, नवेंदु मिश्र, दीपक पांडेय, विकास पांडेय, राजेश पांडेय, शशिरंजन मिश्र, उत्कर्ष मिश्र, प्रतीक मिश्र, रविरंजन ओझा, सनी ओझा, आदित्य पांडेय, मनीष पाठक, रीतिक शाही, अतुल मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# अंबेडकर प्रतिमा को अराजकतत्वों ने किया क्षतिग्रस्त ग्रामीणों में आक्रोश




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

आजमगढ़। जनपद के सगड़ी तहसील अंतर्गत रौनापार थाना क्षेत्र के रसूलपुर नंदलाल गांव में स्थापित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा को अराजकतत्वों ने रात में क्षतिग्रस्त कर दिया । शनिवार सुबह ग्रामीणों को सूचना लगते ही आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया । घटनास्थल पर धीरे-धीरे ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और लोग नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग करने लगे । सूचना पाकर मौके पर भारी संख्या में स्थानीय पुलिस बल के साथ प्रशासन के अधिकारी पहुंचे । सगड़ी नायब तहसीलदार, रौनापार थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल व अन्य ने ग्रामीणों को समझा बूझाकर मामले को शांत कराया । वही आनन फानन में प्रशासन द्वारा नई प्रतिमा मंगवाकर स्थापित कराई गई तब जाकर मामला शांत हुआ । इस अवसर पर बसपा के गोपालपुर विधानसभा अध्यक्ष अवनीश कुमार धम्मदर्शी, बसपा नेता विजय प्रताप यादव, शैलेंद्र प्रधान, विजय कुमार, राजू राजभर, हरेंद्र गौतम, रिंकू कुमार, रामकेश राजभर, सहित अन्य लोग मौजूद रहे । इस पूरे मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन का कहना है मामले की जांच की जा रही है जो भी अराजक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

# प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर दोस्त ने की दोस्त की हत्या, गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



आजमगढ़। जनपद जीयनपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अमित यादव है जिसे आजमगढ़-दोहरीघाट मार्ग पर केशवपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा, गमछा और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। आपको बता दे की 3 मार्च को जीयनपुर थाने में एक शिव कुमारी नाम की महिला ने शिकायत दर्ज कराया था कि उसका बेटा अश्वनी चौहान 28 मार्च को गांव के ही मैकु उर्फ रामचन्द्र यादव और गौरव सिंह के साथ दावत में शामिल होने गया था। लेकिन देर रात उसका शव नरहन गांव के पास सड़क किनारे पड़ा मिला, जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। शिवकुमारी ने आरोप लगाया कि मैकु और गौरव ने मिलकर अश्वनी की हत्या की है। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो इस हत्याकांड में 10 अन्य लोगों के नाम सामने आए, जिनमें अमित यादव भी शामिल था। पुलिस अधीक्षक ने अमित की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पकड़े जाने के बाद अमित यादव ने जो खुलासे किए, वो चौंकाने वाले हैं। उसने बताया कि रामचन्द्र उर्फ मैकु और अश्वनी चौहान के बीच पुरानी रंजिश थी।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, टॉपर आरुषि गुप्ता को मिला विशेष पुरस्कार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। गुरवलिया बाजार स्थित एसपी पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित समारोह के दौरान छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और साइकिल प्रदान की गई। विद्यालय की टॉपर छात्रा आरुषि गुप्ता को विशेष रूप से 5100 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान को पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर आदित्य विशाल पाठक ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जब बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंच से सम्मानित किया जाता है, तो इससे न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों को भी गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है।विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज के दौर में जब शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा चरम पर है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र का यह विद्यालय गुणवत्ता की दृष्टि से एक मिसाल कायम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चयनित छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी जाती हैं और जो छात्र इस बार चयनित नहीं हो सके हैं, वे इससे प्रेरणा लेकर आगे और बेहतर करने की ओर अग्रसर होंगे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक इमरान और शिक्षिका रिजवाना खातून ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका साजिदा, अमर गिरी, आकाश, राज सिंह, रियाज अंसारी, निर्भय सिंह, राजकपूर, रीता सिंह, प्रीति चौहान, राबिन, सज्जाद, सुचिता सिंह, वीना राय, पूनम तिवारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।सम्मानित छात्र-छात्राएं:हिमांशु मौर्य, विनायक, सोनी, जन्नत खातून, अंशी कुशवाहा, सुकृति शर्मा, अयांश मौर्य, आविदा आफरीन, आदेश कुमार बरनवाल, आहना खातून, आरुषि गुप्ता, श्वेता गुप्ता, आंचल कुशवाहा, संजना गुप्ता, शहरबानो, मधु चौधरी, सुजाता गुप्ता, अनामिका गुप्ता, गुलाम मोहम्मद, रितेश यादव, ब्यूटी कुमारी और तन्नू यादव।

# बहराइच डिपो का हुआ निरीक्षण, यात्रियों की सुविधाओं के लिए दिए गए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के पी आर ओ और देवीपाटन मण्डल के नोडल अधिकारी अमर नाथ सहाय ने आज जिले के बहराइच डिपो का दौरा कर जमीनी सच्चाई जानने का प्रयास किया। हालांकि बहराइच दौरे से पूर्व उन्होंने गोंडा डिपो का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर उन्होंने देवीपाटन मण्डल के आरएम अरविन्द यादव एस एम अजीम और बहराइच डिपो के एआरएम ज्ञान चंद्र को तत्काल यात्री सुविधाओं को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।शासन के निर्देश पर परिवहन निगम के श्री देवीपाटन मण्डल के नोडल अधिकारी अमर नाथ सहाय आज बहराइच पहुँचे। यहां उन्होंने डिपो की कार्यशाला में उपलब्ध अग्नि सुरक्षा यंत्रों तथा बसों में यांत्रिक रखरखाव, बसों की सीट, फर्श की दशा को देखा। नोडल अधिकारी के आगमन की सूचना से पूरे अमले में हड़कम्प मचा रहा पूरा महकमा सुबह से ही नोडल अधिकारी को ऑल इज वेल दिखाने के लिये युद्धस्तर पर जुटा रहा। हालांकि बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में खामियां मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए तत्काल इसे दुरुस्त कराने का निर्देश एआरएम ज्ञान चन्द्र को दिया।बस स्टेशन पर उन्होंने यात्री सुविधाओं यात्रियों की बैठने की व्यवस्था,स्वच्छ हवा हेतु पंखे,पीने के पानी हेतु वॉटर कूलर की दशा देख वो भड़क गए और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक को सभी डिपो के प्रतिफलों में वृद्धि के भी निर्देश दिये। उन्होंने मण्डल में महिला परिचालकों की भर्ती में वृद्धि हेतु महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रेरित करने का भी निर्देश दिया। महाकुंभ मे अच्छा कार्य करने के लिए उन्होंने 10 चालक परिचालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नोडल अधिकारी श्री सहाय ने आर एम अरविन्द यादव से यात्रियों के साथ ही चालक परिचालकों को ज्यादा से ज्यादा पथदद्धद्ब एप्प डाउनलोड कराने की बात कही।

उन्होंने बताया कि इससे मौसम की जानकारी हमें आसानी से प्राप्त हो सकेगी। कहा कि यह एप्प प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।एक अनौपचारिक वार्ता में उन्होंने बताया कि इस वर्ष हीटवेव के चलते यात्रियों के साथ ही चालक परिचालकों को ओआरएस वितरित किये जाने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोंडा के साथ सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बहराइच भी मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गयी झांकी

गोरखपुर। ग्राम सभा पतरा में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर परहनुमान जी की झांकी व शोभा यात्रा निकाली गयी।इस अवसर पर सुंदर काण्ड का तथा ग्राम वासियों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।शोभा यात्रा में वैकुण्ठ वर्मा यजमान के रूप में रहे।तथा बरडीहा उर्फ रौजा के ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी विपिन कुमार यादव द्वारा समस्त ग्राम वासियों हेतु मिष्ठान की व्यवस्था की गई ।

अमन झांकी ग्रुप द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, विपिन कुमार गोंड(प्रधान पद प्रत्याशी),रोजगार सेवक अरविन्द गुप्ता,क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रसन्नजीत यादव, अमृत वर्मा तथा ग्राम सभा पतरा के बजरंग दल के कार्यकता प्रमोद सिंह, वीरेंद्र वर्मा,पंकज गुप्ता, हरिलाल गुप्ता, लालमोहन गुप्ता, सोहन वर्मा, विपिन साहनी,अम्बुज साहनी,अनिरुद्ध विश्वकर्मा, परमेन्द्र सिंह, गोधन वर्मा, विनोद गुप्ता, संदीप गुप्ता,धनञ्जय गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# निजी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर हो रही लूट को खुली छूट क्यों?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। हम सभी जानते है कि किताब ऽ कॉपी ,स्टेशनरी , यूनिफार्म और फीस के नाम पर देश के प्रत्येक राज्य में अभिभावको से लूट साल दर साल बढ़ती ही जा रही है सरकार से लेकर शिक्षाधिकारियों एवम केंद्र और राज्यो में बैठे शिक्षा मंत्रियों से इस लूट की शिकायत अभिभावको द्वारा की जाती है और ऐसा भी नही है कि इन सबको इस लूट के बारे में जानकारी नही है लेकिन ये समझ नही आ ता है कि आखिर ये सभी निजी स्कूलों द्वारा खुलेआम की जा रही लूट पर अंकुश क्यो नही लगा पाते है कही इसका कारण ये तो नही की शिक्षामाफियाओ की जड़े अब सत्ता में मजबूत हो चुकी है और इनको प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक सरक्षंण प्राप्त हो गया है जिसके कार ण आने वाली हर सरकार में बैठे नीतिनिरोधरक देश के अभिभावको की पीड़ा को नजरअंदाज कर इनके सामने नतमस्तक होकर बेबस और लाचार हो जाते है और अभि भावको की समस्या जस की तस बनी रहती है कही इस का कारण यह तो नही की इन राजनैतिक पार्टियों को पता लग गया है कि जनता मंदिर, मज्जिद,जात -पात और धर्म को आधार मानकर वोट करती है शिक्षा,स्वास्थ्य और अप ने बच्चों को रोजगार के नाम पर वोट नही करती है आपने देश के कितने राज्यो के सांसद और विधायको को लोक सभा और राज्य सभा मे शिक्षा के बढ़ते व्यापार और देश के सरकारी स्कूलों की बदहाली के मुद्दों को उठाते हुये दे खा है शायद ही आपके पास कोई दस उदाहरण हो।हम हर बार जनता द्वारा चुनी हुई सरकार से उम्मीद करते है कि ये देश के अभिभावको के मसीहा बनेंगे और शिक्षा के बढ़ते व्यापर पर अंकुश लगाकर अभिभावको को निजी स्कूलों की लूट से मुक्ति दिलाकर देश के प्रत्येक बच्चे को सस्ती और सुलभ शिक्षा के सपने को साकार करने का संकल्प लगे लेकिन जैसे जैसे समय बीतता है परिणाम वो ही ढाक के तीन पात।हमारे देश की जनता सरकार को टै क्स देती है और उम्मीद करती है।

# नशे में धुत शख्स का हाई वोल्टेज ड्रामा, बिजली के पोल पर चढ़कर किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में आएं दिन कभी कोई बिजली के पोल पर चढ़ने की घटनाएं और पानी की टंकी पर चढ़ने की घटनाएं सामने आती है एक बार फिर थाना क्षेत्र के नवाबगंज के दुर्गागंज गांव में ऐसी ही एक घटना सामने आई है।यहां पर एक शराबी व्यक्ति विजली के पोल पर ही चढ़ गया जिसके बाद पूरे गांव में हंगामा मच गया,गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतरने के लिए कहने लगे,इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसे नीचे उतरने के लिए मनवाने लगी लेकिन वह नहीं उतरा. काफी देर तक वह हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा इस इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### पोल की बिजली सप्लाई थी बंद, बड़ा हादसा टला

नशे में धुत ये व्यक्ति सड़क के किनारे पर लगे 132 केवी के बिजली के पोल पर चढ़ गया था इसके बाद काफी देर तक वह बिना डरे ऊपर ही बैठे रहा नीचे गांव के लोग और पुलिस उसको नीचे उतरने के लिए कहती रही लेकिन उस ने किसी की भी बात नहीं मानी और वह खुद कहता रहा मैं सिपाही का बेटा हूँ।

इस दौरान गनीमत रही कि बिजली सप्लाई बंद थी,नहीं तो कोई हादसा भी हो सकता था। बिजली के पोल से व्यक्ति काफी देर बाद उतरा नीचेइस दौरान काफी देर तक लोग और पुलिस वाले उसको मनवाते रहे लेकिन वह नीचे नहीं उतरा आखिरकार काफी घंटो के बाद ये शख्स नीचे उतरा और भाग गया ये शख्स कौन था,इसकी पहचान नहीं हो पाई है।हालांकि कैंनविज टाइम्स वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय का जरवलरोड शिव मन्दिर प्रागंण में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र भेंटकर भब्य स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जरवल मण्डल अध्यक्ष मुकेश जायसवाल व संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और स्नेह की वजह से ही दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने का मौका मिला है।आप सब के मेहनत,सहयोग और आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव के इम्तिहान को भी हमने पास कर लिया। स्वागत से अभिभूत श्री पाण्डेय ने कहा कि कैसरगंज की जनता का जीवन भर ऋणी रहूंगा। भाजपा विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने कहा कि बृजेश पाण्डेय कार्यकर्ताओं के साथ चलने वाले और उनके सुख दुख में खडे रहने वाले है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व मोदी योगी की नीतियों को देख रहा है।भारत का आने वाला समय स्वर्णिम होगा। इस अवसर पर राहुल राय,राघवेंद्र प्रताप सिंह,अनिल सिंह,शशि भूषण सिंह,मनदीप सिंह वालिया ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेन्द्र सिंह, श्याम जी त्रिपाठी,सौरभ पाण्डेय,अन्य लोग मौजूद थे।

# समाधान दिवस पर एसपी ने सुनीं जनता की शिकायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने थाना कोतवाली नगर व थाना ख रगूपुर में जनसुनवाई की,पुलिस अधीक्षक विनीत जायस वाल ने जनता की जनसमस्याओं को सुना तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राज स्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाक र शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।कोतवाली नगर में जनसुनवाई के दौरान छह शिका यती प्रार्थना व थाना खरगूपुर में 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने अ पने क्षेत्र के थानों पर व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरि यादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिये तीन ग्रामों की भूमि प्रभावित

### नगर मजिस्ट्रेट ने भूमि प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण, 27 फरवरी 2025 को जारी की गई है भूमि अर्जन की अधिसूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। नगर मजिस्ट्रेट बहराइच शालिनी प्रभाकर द्वारा श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का स्थलीय सत्यापन उपजिलाधिकारी इकौना के साथ किया गया। स्थलीय सत्यापन में क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व कर्मी व भूमि अध्याप्ति के कर्मी उपस्थित रहें। श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु भूमि अर्जन की अधिसूचना धारा-11 के अन्तर्गत दिनांक 27 फरवरी 2025 को जारी की गयी है, जिसमें ग्राम कटरा की 0.3690 हे. भूमि ग्राम खरगूपुर की 6.1996हे. भूमि व ग्राम विदुहनी की 2.1644 हे. भूमि कुल 8.7330हे. भूमि ली जा रही है।नगर मजिस्ट्रेट द्वारा योजना प्रभावित ग्राम कटरा, खरगूपुर व विदुहनी की प्रभावित भूमि का गाटावार निरीक्षण किया गया। ग्राम के प्रभावित जिन भूखण्डों में परिसम्पत्तियां मकान आदि बने पाये गये उन्हे मौके पर जाकर देखा गया। एयरपोर्ट निर्माण कम्पनी द्वारा मौके पर सीमा स्तम्भ नहीं लगाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा उपजिलाधिकारी को राजस्व कर्मियों की टीम गठित करके एयरपोर्ट निर्माण कम्पनी के साथ मिलकर सीमांकन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट यह भी निर्देश दिया गया है कि अर्जन प्रभावित जो भी खातेदार, कुटुम्ब भूमिहीन हो रहे है, उनके पास अर्जन के पश्चात कोई भूमि या मकान नहीं बच रहा है उनका सघनता से परीक्षण भी कराया जाये।

# रुद्र महायज्ञ के लिए डुमरी खास में निकली कलश यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के डुमरी खास के मठिया में होने वाले रुद्र महायज्ञ के लिए शनिवार को हाथी, घोड़ा, डीजे और मनमोहक झांकियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में शामिल 1001 कन्याओं ने यज्ञ स्थल से कलश उठाया और फरेन नाला के अकटहा घाट से जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचाया। शनिवार की सुबह 10 बजे कलश यात्रा से पूर्व पूरे विधि विधान के साथ कलश की पूजा अर्चना की गई। कलश उठाने के लिए पहुंचीं 1001 कन्याओं ने कलश उठाया। इसके बाद पूर्व ग्राम प्रधान यज्ञ आयोजक राधेश्याम मौर्या व रामू प्रजापति ने कलश यात्रा को रवाना किया। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकल कर डुमरी चौराहा, पोखरा टोला शिव मंदिर, डुमरी बाजार, कस्बा, मेंहदीपुर, उसरहा होते हुए फरेन नाला के अकटहा घाट पहुंची। जहां कलश उठाने वाली कन्याओं ने जल भरा। इस कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, और डीजे के साथ मनमोहक झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में चल रहे महिला और पुरुषों की कतार लगभग डेढ़ किमी लम्बाई में लगी रही।

## जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच । वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईद-उल-अजहा (बकरीद), आदि आगामी त्योहारों/कार्यक्रमों को व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2025 व अन्य आयोजित परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेझट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।अपर जिला मजिस्टेझट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 11 अप्रैल 2025 से 07 जून 2025 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## कल न्यायालय में रहेगा अवकाश

बहराइच । बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2025 को जनपद न्यायालय बहराइच, ग्राम न्यायालय नानपारा एवं महसी में अवकाश रहेगा। यह जानकारी जनपद न्यायाधीश बहराइच ने दी है।

## नानपारा में हनुमान जन्मोत्सव की मची धूम



नानपारा, बहराइच। शनिवार को नगर की विभिन्न मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी की वंदना व पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पूरी श्रद्धा के साथ पहुंचे। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों से बड़े ही धूमधाम के साथ भक्तों ने शोभायात्रा निकाली जिसमें काफी तादाद में लोगों ने शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनाया। इसी क्रम में श्री बालाजी मंडल नानपारा धाम द्वारा शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए इमामगंज चौराहा होकर श्री विश्वनाथ मंदिर में निशान चढ़ाते हुए काली कुंडा मंदिर, श्री संकट मोचन मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर होते हुए श्री जगदीश्वरी मंदिर पहुंची। भक्त हाथों में ध्वज लेकर जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पर्व के एक दिन पूर्व से ही मंदिरों में हनुमान जन्म उत्सव को लेकर मंदिरों को लाईट, झालरों व फूलों से सजाया गया। शोभायात्रा में भगवान श्री राम व हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान जयंती को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी खासा उल्लास देखने को मिला।

## लतीफ नगर कालोनी में नाली व सड़क के लिए सभासद को लिया पत्र

गोरखपुर । पादरी बाजार के लतीफ नगर मुहल्ला वासियों का कहना है कि हमलोगों के तरफ से कई बार सभासद महोदय से मिलकर व आवेदन पत्र देखर सूचित किया गया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुआ यहाँ तक की कोई देखने तक नहीं आया कि मुहल्ला वासियों की तकलीफें क्या है।जब भी थोड़ी सी भी वर्षा हो जाती हैं तो घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता हैं।यहां तक कि घर की बहू बेटियां स्कूटी से फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती हैं।मुहल्ला वासियों को अब सभासद महोदय के साथ-साथ उच्चाधिकारियों से माँग हैं कि हमारे समस्या का निराकरण कराये।इसके लिए मुहल्ला वासी सम्बंधित उच्चाधिकारियों का सदा आभारी रहेंगे।

## बहराइच की शमा नवाचार के लिए सम्भल में हुई सम्मानित

बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वावधान में दिव्य, भव्य, नव्य शिक्षोत्सव का आयोजन आई जनरेशन माल आटा में किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने मिशन शिक्षण संवाद उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि मिशन शिक्षण संवाद द्वारा प्रथम चरण में पढ़ाई, परिवेश, प्रसार, परिवार और द्वितीय चरण में सीखना-सिखाना, संस्कार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कार्य किया जा रहा है।

# पुलिस चौकी के सामने होती रही चोरी, सोती रही पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। थाना कोतवाली देहात के सालपुर पुलिस चौकी के ठीक सामने एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में नगदी समेत सा मान की चोरी कर ली गई।बदमाश सेंध लगाकर अंदर एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में चोरी करते रहे।सामने सालपुर पु लिस चौकी में किसी पुलिस कर्मी को इसकी भनक तक नहीं लगी।देहात कोतवाली क्षेत्र के सालपुर चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में रोकथाम नहीं लग पा रही है सालपुर पुलिस चौकी के ठीक सामने पुलिस को चुनौती देते हुए देसी शराब की दुकान में चोर चोरी करते रहें और सालपुर चौकी की पुलिस सोती रही उसे चोरी की भनक तक नहीं लगी,चोरों द्वारा देसी शराब के दुकान में पीछे की दीवाल को काट कर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया ।

बताते चले कि थाना कोतवाली देहात के बिशनपुर बेरिया निवासी बालक राम गुप्ता की सालपुर बाजार में पुलिस चौकी के ठीक सा मने देसी शराब की दुकान है।बालक राम ने बतया कि सु बह दुकान के सेल्समैन को स्थानीय लोगों के बच्चों ने सूच ना दी कि पीछे तुम्हारा गल्ले का रैक व कुछ कागजात बि खरे पड़े हैं।हम लोगों ने आकर देखा तो दुकान के अंदर पी छे की दीवाल को चोरों के द्वारा दीवाल तोड़ दिया गया है और अंदर किसी लोहे से गल्ले की रिपीट निकाल लिया गया है कुछ शराब के पैकेट इधर-उधर पड़े हैं दुकान के पी छे जाकर देखा तो कुछ दूरी पर गल्ले का रैक व उसमें रखे कुछ कागजात अगल-बगल बिखरे पड़े थे।बालक राम गु प्ता का कहना है कि चोर 19270,रूपए नकद चुरा कर ले गए हैं।दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी में भी एक संदिग्ध कैद हुए हैं वहीं बाजार में लगातार हो रही चोरी की घटना ओं से यहां के व्यापारी भी आक्रोशित हैं उनका कहना है कि सालपुर चौकी क्षेत्र में पिछले चार महीने में डेढ़ दर्जन से ज्यादा चोरी की वारदात हो चुकी हैं लेकिन पुलिस एक भी चोरी का अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है।




### क्या कहते हैं स्थानीय लोग

सालपुर चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर स्थानीय लोगों का कहना है कि इधर 4-6 महीने में पुलिस चौकी क्षेत्र में दर्जनों चोरी के घटनाओं को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है कुछ लोगों के द्वारा फिर लिखने का प्रयास नहीं किया गया और कुछ लोगों द्वारा प्रयास करने पर स्थानीय पुलिस चौकी द्वारा शिकायती पत्र ले करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है जिससे लो ग आहत में हैं स्थानीय पुलिस द्वारा अभी तक इन चोरियों का खुलासा नहीं किया जा सका है।

### क्या कहते हैं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात

सालपुर चौकी क्षेत्र में हुई चोरी के संबंध में दूरभाष पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात से जानकारी लिया गया तो उन्होंने बतलाया कि सालपुर पुलिस चौकी के सामने देसी शराब की दुकान पर चोरी हुई है जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है यह पूछे जाने पर की विगत चार महीने के अंदर सालपुर बाजार में कई चोरियां हो चुकी है जिसमें बाजार से ही एक मोटरसाइकिल भी गायब हुई थी जिसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया इस पर उन्होंने बतलाया कि अभी कुछ लोगों को उठाया गया था बाजार से ही इनवर्टर व पानी के मोटर चोरी की घटना की गई थी जो बरामद किया गया है बाकी का प्रयास कि या जा रहा है चौकी इंचार्ज छुट्टी पर है जल्द ही इसका खु लासा किया जाएगा।

# डीएम ने परिषदीय विद्यालयों के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम बेहटा में प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र बेहटा का स्थलीय निरीक्षण कर अध्यनरत छात्र छात्राओं से पढ़ाई की स्थिति, मिड-डे-मील सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों और शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया इस दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं हुआ है जिस पर प्रधान प्रतिनिधि ललित सिंह द्वारा बताया गया कि भूमि विवाद के कारण निर्माण नहीं कराया जा सका जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को भूमि विवाद का निस्तारण कराते हुए विद्यालय की बाउंड्री वाल का निर्माण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं से वार्ता की, उनका हाल चाल जाना तथा



उनसे किताबें पढ़ाई, सवाल जवाब कर पढ़ाई का शैक्षिक स्तर जाना। प्रधानाचार्या राजेश कुमारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस वर्ष विद्यालय में चार नये नामांकन हुए हैं साथ ही ग्राम पंचायत में कोई भी बच्चा ऐसा नहीं है जो विद्यालय ना जाता हो। वहीं प्राथमिक विद्यालय में छह नये पंजीकरण हुये हैं। जिलाधिकारी ने रसोईया की भुगतान की स्थिति की जानकारी ली जिस पर रसोईया द्वारा बताया गया कि उन्हें माह मार्च तक का भुगतान प्राप्त है।जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में संचालित उत्कर्ष आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र में पच्चीस बच्चे हैं समय-समय पर प्राप्त पोषक आहार बच्चों में वितरण किया जाता है। आंगनवाड़ी के बच्चों ने जिलाधिकारी को कविता सुनाई जिसपर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की एवं बच्चों में टाफी व चाकलेट दिया। जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन में आज बने पकवान की जानकारी ली एवं उसे खाकर पकवान की सराहना भी की। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं हेतु विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय, पेयजल व विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया।जिलाधिकारी निशा अनंत ने छात्र उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया साथ ही विद्यालय परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश प्रधानाचार्या को दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पूरे उमराव सिंह बेहटा में नंदघर आंगनवाड़ी केंद्र में संचालित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान वहां पर उपस्थित एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि तीन से छह वर्ष के चौवन बच्चे नंदघर आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी ने एएनएम, आशा बहू से नंदघर आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध समस्त मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली एवं टीकाकरण सत्र के दौरान बच्चों का वजन, टीकाकरण, दवाओं की उपलब्धता, टीके की उपलब्धता, बच्चों को पढ़ाई जाने की विधि की जानकारी ली जिस पर एएनएम द्वारा बताया गया कि बच्चों को टीवी, कविता, गिनती इत्यादि के माध्यम से पढ़ाया एवं सिखाया जाता है एवं समस्त आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध हैं। इस दौरान उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि ललित सिंह, शिक्षक व ग्रामवासी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित भण्डारा में ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । तहसील तिलोई क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हनुमान जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। क्षेत्र के प्रमुख कस्बों चौराहों और मंदिरों पर हनुमान चालीसा के साथ संगीतमयी सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।पाठ समापन के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।विकास खण्ड सिंहपुर के गांव महेशपुर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव शरण मिश्र के आवास पर आयोजित विशाल भण्डारा में प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ ही हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा ने राज्यमंत्री को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इसी क्रम में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कस्बा अहोरवा भवानी चौराहे पर स्थित मंगलम वस्त्रालय के प्रोपाइटर धीरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा आयोजित सुंदर काण्ड पाठ समापन के बाद विशाल भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही काफी संख्या में राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण



किया। इस मौके पर सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, अखण्ड प्रताप सिंह, भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, आशीष नंदन त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय,सत्य नारायण सिंह, नवीन श्रीवास्तव,अखिलेश सिंह, कौशलेंद्र सिंह, मिंटू सिंह,राहुल पाठक, लल्लन सिंह, अनिल पाण्डेय, संजय मिश्रा, शिवेन्द्र प्रताप सिंह,दिवाकर तिवारी,जितेन्द्र मिश्रा, रिंकू तिवारी,दीपू शुक्ला सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सीएमएस से मिले कांग्रेसी नेता वरूण मिश्र, गुलदस्ता देकर दिया बधाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के मुख्य चिकित्साधिक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद से डां.आरके मिश्रा को बधाई देने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। शनिवार को कांग्रेसी नेता वरुण मिश्र 'एडवोकेट' मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा को बुके देते हुए शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ कांग्रेसी वरुण मिश्र ने सीएमएस डां.आरके मिश्रा के कार्यो की सराहना करते हुए कहाकि डां.आरके मिश्रा पूर्व में भी विभिन्न पदों पर रहते हुए बाखूबी जिम्मेदारी निभाई है,उन्होंने कहाकि मृदुभाषी के साथ ही आमलोगों के लिए सुलभ व सरल रहें,आगे भी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डां.आरके मिश्रा से आम लोगों को काफी उम्मीद है।

# बेसिक शिक्षा बच्चों के सीखने की नींव होती है : रिंकू सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दूबेपुर/सुलतानपुर। ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन ग्राम पंचायत कटावाँ के ग्राम पंचायत परिसर से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रिंकू सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी दूबेपुर राम तीरथ वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कम्पोजिट विद्यालय कटावाँ के बच्चों ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रधान जी ने अपने उद्बबोधन में कहा कि 'बेसिक शिक्षा बच्चों के सीखने की नींव होती है। इसलिए सभी बच्चों को सीखने का अवसर देने के लिए शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराना हम सभी की जिम्मेदारी है स सभी बच्चों को विद्यालय में खेल-खेल विधि से व करके सीखने का अधिक से अधिक अवसर मिले, इसे सभी विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाए। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा




कि हमारे विद्यालयों में देश के भविष्य का निर्माण होता है, इसलिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना जरुरी है बीईओने आगे कहा कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए अभिभावकों से सम्पर्क करने का सुझाव दिया। जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आपने बताया कि स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक एवं द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। आपने सभी शिक्षकों से कहा कि विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो रैली व संगोष्ठी के माध्यम से नामांकन बढ़ाने पर जोर दें। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित ग्राम प्रधान को स्मृति चिह्न और शाल पहनाकर का सम्मानित किया। स्कूल चलो अभियान रैली कार्यक्रम की व्यवस्था में एसपी सिंह सुशील सिंह हरगोविन्द सिंह बृजेश सिंह रिज़वान अहमद, मिनी पाण्डेय, शशी सिंह ने सराहनीय सहयोग किया। इस कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सुनील कुमार

## पढ़ी लिखी लड़की है घर की उजियारी

सिंह ने किया। रैली में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर के अध्यक्ष/जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि सभी शिक्षक अपने-अपने स्कूल में प्रवेश उत्सव मना रहे हैं। नोडल शिक्षक संकुल कटावा/मंत्री फिरोज अहमद ने विकास के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों का सम्मान किया। रैली को मंत्री हेमंत यादव ने भी संबोधित किया। रैली मे ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ब्रजेश सिंह नोडल शिक्षक संकुल बजरंग यादव केडी सिंह मो खालिद आरिफ प्रदीप श्रीवास्तव राजनाथ मिश्रा सत्येंद्र सिंह अवधेश पांडेय गौरव श्रीवास्तव राकेश वर्मा मोनू श्रीवास्तव प्रेम इरफ़ान अनूप उमाकांत अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी मीडिया प्रभारी सुतीक्ष्ण तिवारी जंग बहादुर सिंह रईस रितेश त्रिपाठी और विकास खंड के प्रत्येक स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षको ने प्रतिभाग किया।

## पुलिस ने छियालिस ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है।पुलिस ने छियालिस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जुनैद पुत्र रईस निवासी ग्राम राजरानीगंज मजरे बहुआ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पच्चीस वर्ष को पूरे ठकुराइन नहर पुलिया के पास से समय करीब सवा बारह बजे रात में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से छियालिस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## बाल विवाह रोकने हेतु कम्पोजिट विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए कंपोजिट विद्यालय धनीजलालपुर में आज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा बताया गया कि लड़कियों के लिये विवाह की न्यूनतम आयु अठारह वर्ष एवं लड़कों की न्यूनतम आयु इक्कीस वर्ष निर्धारित की गई है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह को अपराध माना जाता है, अगर कोई ऐसा करता है तो उसे दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना होगा, बाल विवाह से बहुत सारे दोष हैं बाल विवाह सीधा असर न केवल लड़कियों पर बल्कि उनके परिवार व समुदाय पर भी होता है जिस लड़की की शादी कम उम्र में हो जाती है उसके स्कूल से निकल जाने की संभावना बढ़ जाती है तथा उनके कमाने और समुदाय में योगदान देने की क्षमता कम हो जाती है घरेलू हिंसा, बीमारी के शिकार का खतरा बढ़ जाता है चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बाल विवाह के बारे में बताया जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य जानवी देवी गुप्ता, सहायक अध्यापिका अनुपम पाण्डेय मौजूद रही, और टीम ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बाल विवाह, भिक्षावृत्ति, मानसिक शारीरिक प्रताड़ित बच्चे, अनाथ बच्चे, बाल श्रम, खोया पाया बच्चा, गुमशुदा बच्चे की जानकारी मिलती है तो वह व्यक्ति टोल फ्री नंबर 1098 पर जानकारी दे सकता है।

## थाना गौरीगंज के समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने गौरीगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने विद्यालय के बच्चों को वितरण किए उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत कल्यानपुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। परिषदीय विद्यालय के बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया है। विद्यालय के उत्तीर्ण बच्चों को रिपोर्ट कार्ड व उपहार प्रदान कर बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य नामांकन के साथ-साथ अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापिका सुगंध अग्रवाल,ग्राम प्रधान सुरेंद्र कौर,भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, युवा भाजपा नेता विवेक तिवारी,गुरभाग सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।

# प्रेम, करुणा और भक्ति से परिपूर्ण जीवन में नहीं टिकता कोई दु:ख: पंडित मनीष शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बलदीराय/सुल्तानपुर। जब मनुष्य का हृदय प्रेम, करुणा और भक्ति से परिपूर्ण होता है, तब उसके जीवन में कोई भी दु:ख टिक नहीं सकता। यह प्रेरणादायी विचार क्षेत्र के पूरे हनुमान दूबे गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित मनीष शुक्ला ने श्रोताओ को कथा का रसपान कराते हुए व्यक्त किए। पंडित मनीष शुक्ला ने कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों के समीप रहते हैं और उनकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, किंतु मनुष्य मोह-माया में उलझकर परमात्मा को भूल जाता है। उन्होंने कथा के दौरान बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के समस्त सांसारिक पाप नष्ट हो जाते हैं और भक्ति व सत्य के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रेम हमारी दिशा को और भक्ति हमारी दशा को




### श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भक्ति, यज्ञ में उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

बदल देती है। जो व्यक्ति क्रोध पर नियंत्रण पा लेता है, वह जीवन में कभी पराजित नहीं होता। यज्ञ, दान और तप को उन्होंने आध्यात्मिक उन्नति के प्रमुख साधन बताया और कहा कि जो हम दूसरों को देंगे, वही हमें प्राप्त होगाकृप्रेम देंगे तो प्रेम मिलेगा, सहयोग देंगे तो सहयोग मिलेगा और यदि किसी को कष्ट देंगे, तो स्वयं भी कष्ट भोगने को तैयार रहना होगा।इस मौके पर भाजपा नेता विकास शुक्ला, मदन तिवारी, दीनानाथ मिश्र, रामतेज यादव, रामू, सतीश तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, हरिकृष्ण तिवारी, राम उचित दूबे, रूपेश दूबे, दिनेश दूबे, आलोक दूबे, राजेश दूबे (प्रधान), पवन दूबे, दीपू सिंह, आशीष मिश्रा, अभिनाश दूबे, शिवम सिंह, रवींद्रनाथ पांडे, रंजीत सिंह, आदेश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के समापन पर मुख्य यजमान जनार्दन दुबे व उनकी धर्मपत्नी बेला दुबे ने व्यास पीठ की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरण कर समस्त श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

# सपा नेता राजकुमार राजू ने बालीवाल टूर्नामेंट मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंच कर फीता काटकर किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने पूरनपुर के ग्राम बिलंदपुर अशोक मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँचकर ग्रामीण बालीवाल टूरनामेंट का मुख्य अतिथि के तौर पर फीता काटकर उद्घाटन किया साथ ही युवा बालीबॉल खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री (किट) का वितरण किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि ''पूरनपुर विधानसभा में प्रतिभा की कमी नहीं,जरूरत है। उसको सही अवसर प्रदान करने की प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की मांग लगातार हों रही है इस संबंध मे वह क्रीडा अधिकारी से बातचीत करेंगे विभिन्न खेल के मैदान में चाहे वो क्रिकेट हो या हॉकी,बालिबाल सहित अन्य खेल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरनपुर के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है।किट के अभाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे इन युवा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की उन्होंने कामना की ताकि ये खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।आगे भी इन खिलाड़ियों को हर संभव उनका सहयोग मिलता रहेगा।इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार भारती,गजेंद्र गंगवार.सुधीर गंगवार. जमील. हरिओम यादव.राकेश यादव, वीर सिंह, श्री पाल गंगवार. अनिल गौतम. आशीष यादव. विकास गंगवार. अंकित गंगवार आकाश यादव. डा पवित्र मण्डल. अरवल मिश्रा सहित अन्य ग्रामीण और खिलाड़ी उपस्थित रहे हैं।

## शारदा नदी में जलस्तर बढ़ने से धनाराघट पुल पर आवागमन बंद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र से तहसील मुख्यालय व जिला मुख्यालय आने के लिए। ग्रामीणों का आवागमन शारदा नदी पर बने धनाराघट पुल से होता है। पर जब शारदा नदी का जलस्तर बढ़ जाता है। तो हजारों की संख्या में शारदा पार रहे रह ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर पलिया क्षेत्र से घूमकर तहसील मुख्यालय व जिला मुख्यालय आना पढता है। शनिवार को धनाराघट पुल पर तैनात मुंशी बबलू मांझी के जानकारी देते हुए बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ने से पूरी तरह आवागमन बंद हो गया है। असुविधा से बचने के लिए जानकारी दी गई है। शारदा पार रहने वाले ग्रामीणों को अब काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## हनुमान जयंती पर शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा इस दौरान हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड समेत कई धार्मिक आयोजन होगे। इस दौरान हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। शहर में भव्य शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली जायेगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरेगी। इस दौरान इस भव्य शोभायात्रा का श्रद्धालुओं पुष्प वर्षा कर हनुमान जी की आरती उतारकर स्वागत किया जायेगा जिसमें शहर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंकर प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी यह पर्व धूमधाम से मनाई गई है।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी का सिलसिला जारी मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंहपुर टांडा के रहने वाले हुकुम सिंह पुत्र करन सिंह ने शनिवार को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है। कि गांव के रहने वाले प्रदीप सिंह से पुत्र को इंग्लैंड भेजने के लिए कहा इस पर तीन लाखों रुपए में बात फाइनल हुई थी। आरोप है हुकुम सिंह ने तीन लाख रुपए दे दिए काफी समय बीतने के बाद भी उसके पुत्र को विदेश नहीं भेजा। इस पर उसने अपने रुपए बापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने 38 हजार रुपए बापस कर दिए और शेष रुपए अब देने में टालमटोल कर रहा है।

## ट्रंप का यू टर्न

कहा जाता है कि जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा। लेकिन हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दर्शाता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके 'अमेरिका ग्रेट अगेन' के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं। बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है। बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ और आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरिफ युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि चीन भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये एक साथ खड़ा होना चाहिए। हालांकि, भारत चीन के इस अवसरवाद को बखूबी समझता है। लेकिन एक मुश्किल बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। लेकिन अतीत में चीन की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं और जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी कर रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत को सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

## ब्रह्म नित्य हैं, जगत अनित्य

संस्कृति मनुष्यता के सत्कर्मों का शिव और सौंदर्य है। यह राष्ट्र की आत्मा होती है। राष्ट्र किसी सुनिश्चित भूमि पर लोगों के रहने के आधार पर ही नहीं बनते। भूमि, जन और राजव्यवस्था से राज्य बनते हैं। लेकिन राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण घटक संस्कृति है। संस्कृति का मूल आधार दर्शन होता है। राष्ट्र का दार्शनिक चिंतन ही राष्ट्र जीवन का बीज है। यही संस्कृति को विकसित होने की प्रेरणा देता है। कुछ विद्वान दर्शन को बौद्धिक कार्यवाही कहते हैं। प्रत्यक्ष, प्रमाण, अनुमान, तर्क, संशय, संदेह और सकारात्मक चिंतन के मूल उपकरण हैं। भारतीय दर्शन की प्रतिष्ठा समूचे विश्व में है। दार्शनिक विकास भी 100-50 वर्षों का काम नहीं है। भारत में हजारों वर्ष पीछे से सांस्कृतिक निरंतरता का प्रवाह है। इस सांस्कृतिक विकास को दर्शन और विज्ञान की धाराओं ने लगातार मजबूत किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में सांस्कृतिक विकास के पहले दर्शन नहीं था। समाज ने उन्नति की। पंथ और संप्रदाय ने सामाजिक जीवन को नियंत्रित किया। शुभ और अशुभ की विभाजक रेखाएं विकसित हुईं। पंथिक विकास के क्रम में विश्वास का वातावरण बना। इस विकास में तर्क और संशय नहीं थे। पंथ और विश्वास बढ़ते गए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्वीकारने का साहस नहीं हुआ। विचार अंधविश्वास हो गए। भारत में ऐसा नहीं हुआ। भारत में दर्शन का जन्म जिज्ञासा से हुआ है। आदिम समाज में धरती, आकाश, सूर्य, और चन्द्र के प्रति जिज्ञासा थी। इस जिज्ञासा ने सोच, विचार और अध्ययन के नए रास्ते खोल दिए। तर्क चले। कुतर्क भी चले। लेकिन दर्शनाभिलाषी सतर्क रहे। तर्क ही यहाँ मार्गदर्शक रहा है। मूर्ति देव प्रतीक होती हैं। यह साधारण पत्थर या मिट्टी नहीं है। इसलिए मंदिर में जाने को दर्शन करना कहा जाता है। सतत विवेचन से दर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ी। विज्ञान और दर्शन में अंधविश्वास को जगह नहीं है। संकीर्णता के लिए भी कोई स्थान नहीं है। पूर्वजों ने समूचे अस्तित्व को एक इकाई जाना था। वैदिक काल में दार्शनिक चिंतन की सुस्पष्ट धारा दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है। इस सूक्त के प्रत्येक शब्द में जिज्ञासा का अमृतघट उफनाता दिखाई पड़ता है। सूक्त के रचयिता ऋषि परमेष्ठिन हैं। कहते हैं, तब न सत था, न असत। न दिवस था न रात्रि। कौन जानता है कि पहले क्या था? सृष्टि का अध्यक्ष भी नहीं जानता होगा कि सबसे पहले क्या था? -यह सूक्त सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा से जुड़ा है। तब से लेकर प्राचीन भारतीय दर्शन में तर्क, बहस और शास्त्रार्थ जीवंत परंपरा है। गीता और उपनिषदों में यही परंपरा आज तक जारी है। यह धारा बेशक किसी न किसी कालखण्ड में मध्यम भी रही है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, यह ज्ञान मैंने सूर्य को, सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। समय के अंतराल में यह ज्ञान लुप्त हुआ। अब मैं तुमको वही ज्ञान दे रहा हूं। ज्ञान सदा रहता है। सनातन है ज्ञान का तत्व। भारत की धरती पर मूल ज्ञान को युग अनुसार बनाए रखने वाले महानुभावों की लम्बी परंपरा है। यह ज्ञान सबसे पहले ऋग्वेद में, फिर उपनिषदों में, दार्शनिक चिंतन में, गीता और ब्रह्मसूत्र में दिखाई पड़ता है। रामायण में इसी ज्ञान के प्रतिरूप मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं। गीता में श्रीकृष्ण हैं। बुद्ध, महावीर भी इसी धारा के शीर्ष व्यक्तित्व हैं। सांख्य दर्शन के ऋषि कपिल हैं। योग दर्शन के पतंजलि हैं। इसी परंपरा में विवेकानंद, दयानंद जैसे महान व्यक्तित्व हैं। इन सबके बीच अद्वैत दर्शन के प्रचारक शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य ने अपने शोध, बोध व आचरण से वैदिक दर्शन को भारतीय स्वाभिमान का सनातन तत्व पाया है। उन्होंने अल्प आयु में ही गीता, ब्रह्मसूत्र और तमाम उपनिषदों का भाष्य किया है। पूरे देश की यात्राएं की। वेदांत दर्शन पर तमाम तर्क हुए। विद्वानों ने तमाम प्रश्न पूछे। शंकराचार्य ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। ईश्वर और मोक्ष जैसे गूढ़ और जटिल विषयों पर उनकी व्याख्या अद्भुत है। शंकराचार्य की दार्शनिक अनुभूति का प्रभाव तत्कालीन समाज पर पड़ा ही था। उन्होंने लम्बी दूरी की यात्राएं की। व्यापक जनसम्पर्क किया। उन्होंने शास्त्रार्थ में बौद्ध विद्वानों को भी प्रभावित किया। शंकराचार्य के समय बौद्ध पंथ का प्रभाव फैल रहा था। राज्याश्रयी होने के कारण बुद्ध विचार के

भारत में हजारों वर्ष पीछे से सांस्कृतिक निरंतरता का प्रवाह है। इस सांस्कृतिक विकास को दर्शन और विज्ञान की धाराओं ने लगातार मजबूत किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में सांस्कृतिक विकास के पहले दर्शन नहीं था। समाज ने उन्नति की। पंथ और संप्रदाय ने सामाजिक जीवन को नियंत्रित किया। शुभ और अशुभ की विभाजक रेखाएं विकसित हुईं। पंथिक विकास के क्रम में विश्वास का वातावरण बना। इस विकास में तर्क और संशय नहीं थे। पंथ और विश्वास बढ़ते गए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्वीकारने का साहस नहीं हुआ। विचार अंधविश्वास हो गए। भारत में ऐसा नहीं हुआ। भारत में दर्शन का जन्म जिज्ञासा से हुआ है। आदिम समाज में धरती, आकाश, सूर्य, और चन्द्र के प्रति जिज्ञासा थी। इस जिज्ञासा ने सोच, विचार और अध्ययन के नए रास्ते खोल दिए। तर्क चले। कुतर्क भी चले। लेकिन दर्शनाभिलाषी सतर्क रहे। तर्क ही यहाँ मार्गदर्शक रहा है। मूर्ति देव प्रतीक होती हैं। यह साधारण पत्थर या मिट्टी नहीं है। इसलिए मंदिर में जाने को दर्शन करना कहा जाता है। सतत विवेचन से दर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ी। विज्ञान और दर्शन में अंधविश्वास को जगह नहीं है। संकीर्णता के लिए भी कोई स्थान नहीं है। पूर्वजों ने समूचे अस्तित्व को एक इकाई जाना था। वैदिक काल में दार्शनिक चिंतन की सुस्पष्ट धारा दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है। इस सूक्त के प्रत्येक शब्द में जिज्ञासा का अमृतघट उफनाता दिखाई पड़ता है। सूक्त के रचयिता ऋषि परमेष्ठिन हैं। कहते हैं, तब न सत था, न असत। न दिवस था न रात्रि। कौन जानता है कि पहले क्या था? सृष्टि का अध्यक्ष भी नहीं जानता होगा कि सबसे पहले क्या था? -यह सूक्त सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा से जुड़ा है। तब से लेकर प्राचीन भारतीय दर्शन में तर्क, बहस और शास्त्रार्थ जीवंत परंपरा है। गीता और उपनिषदों में यही परंपरा आज तक जारी है। यह धारा बेशक किसी न किसी कालखण्ड में मध्यम भी रही है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, यह ज्ञान मैंने सूर्य को, सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। समय के अंतराल में यह ज्ञान लुप्त हुआ। अब मैं तुमको वही ज्ञान दे रहा हूं। ज्ञान सदा रहता है। सनातन है ज्ञान का तत्व। भारत की धरती पर मूल ज्ञान को युग अनुसार बनाए रखने वाले महानुभावों की लम्बी परंपरा है। यह ज्ञान सबसे पहले ऋग्वेद में, फिर उपनिषदों में, दार्शनिक चिंतन में, गीता और ब्रह्मसूत्र में दिखाई पड़ता है। रामायण में इसी ज्ञान के प्रतिरूप मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं।

प्रचार का काम भी सरल था। वेदांत का तत्व विवेचन आसान नहीं पर आचार्य शंकर ने शब्द गर्भ में पैठकर सार और असार का अनावरण किया है। दर्शन का अर्थ है-सत्यानुभूति, लेकिन सत्य की अनुभूति आसान नहीं। यह प्रवचन से असंभव है। मेधा शक्ति भी आत्म तत्व तक नहीं पहुँचती है। तर्क से भी बात नहीं बनती। सामान्यतया भक्ति, संन्यास और योग कर्म ईश्वर की प्राप्ति के उपकरण माने जाते हैं, लेकिन शंकराचार्य इनमें से किसी उपकरण को ब्रह्म अनुभूति का साधन नहीं मानते। शंकराचार्य के वास्तविक समय के सम्बंध में मतभेद है। वैसे, अधिकांश विद्वानों के अनुसार उनका समय 788 ई. से 820 ई. तक माना जाता है। इसका मुख्य ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। उनके दर्शन से भारतीय ज्ञान साधना ने आकाश जैसी ऊंचाई पाई। वेदांत दर्शन भारतीय राष्ट्रभाव का प्रतिनिधि दर्शन है। ब्रह्मसूत्र ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारंभ होता है। दार्शनिक परंपरा में ब्रह्म को लेकर काफी तर्क चले हैं। शंकराचार्य ने ब्रह्म को सत्य बताया है और संसार को मिथ्या। वेदांत दर्शन के जानकारों के लिए यह कोई नई बात नहीं है लेकिन विराट को प्रकट करने के लिए शब्द अर्थ ही पर्याप्त नहीं होते। शंकराचार्य का ब्रह्म समूचे अस्तित्व में कण-कण में व्याप्त है। इसका न जन्म होता है और न मृत्यु। यह अजन्मा है। सदा से है। सदा रहता है। शंकर ने इसे नित्य कहा है। नित्य का अर्थ है कि इस पर काल का प्रभाव नहीं पड़ता है। ब्रह्म काल के भीतर भी है और बाहर भी है। काल अबाधित है। इसका बोध भक्ति से नहीं होता। इसके विपरीत संसार के प्रत्येक पदार्थ कालाधीन हैं। काल प्रभाव में है। नदियां अपने संगीत में बहती हैं। नदी का जन्म शिखर ऊंचाई पर पत्थर की खोह से निकले जल से होता है। जल अपनी प्रकृति में रसपूर्ण और प्रवाहमान है। सदा ऊपर से नीचे की ओर बहता है। नदी नाद आनंददायी है लेकिन नदियां नित्य नहीं अनित्य हैं। काल के अधीन हैं। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में नदीतमा रही सरस्वती भयावह जल प्रलय के समय खण्डों में टूट गई। संसार की प्रत्येक वस्तु काल के अधीन है। जीवन की भी अवधि होती है। इसलिए सारी वस्तुएं पदार्थ और प्राणी अनित्य हैं। वे ब्रह्म की तरह नित्य नहीं हैं। ब्रह्म नित्य हैं, जगत अनित्य है। जगत को शंकर ने मिथ्या कहा है। मिथ्या का अर्थ अस्तित्वविहीन होना नहीं है। जो क्षणभंगुर है, वही शंकराचार्य की दृष्टि में मिथ्या है और जिस पर भूत, भविष्य, वर्तमान का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जो सभी कालों, दशाओं और दिशाओं में उपस्थित रहता है, वह ब्रह्म है। **-हृदयनारायण दीक्षित**

## बैसाखीः संस्कृति, संघर्ष और समर्पण का समागम

बैसाखी पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

कृषि प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर पंजाब का प्रमुख त्योहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरुआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाइयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरुद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है। उत्तर भारत और विशेषकर पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्योहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे



अपने नए साल की शुरुआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान की भी परम्परा रही है। 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी का दिन आज भी अंग्रेजों की बर्बरता और जुल्मों की दास्तान बयां करता है। दरअसल, रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे। 'रोलट एक्ट' के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैंकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे। बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्योहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरु गोबिन्द सिंह जैसे महापुरुषों के महान आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

### सेहत मंत्र

## कंधे में दर्द से परेशान हैं तो यह उपाय तुरंत राहत दिलाएंगे

जब भी आप गलत तरीके से सोते हैं या फिर आवश्यकता से अधिक व्यायाम करते हैं तो आपके कंधे में दर्द होने लगता है। कभी-कभी कुछ भारी सामान उठाने के कारण भी कंधों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर देखने में आता है कि लोग इसकी अनदेखी करते हैं और एक या दो दिन में यह दर्द खुद-ब-खुद ठीक हो जाता है। लेकिन अगर आपको समय के साथ अपने दर्द में आराम का अहसास न हो तो यह बेहद आवश्यक है कि आप इस दर्द को ठीक करने के लिए कुछ उपाय करें। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही कुछ उपायों के बारे में बताते हैं- सिंकाईः दर्द को दूर करने में आप सिंकाई की मदद ले सकते हैं। कंधों में दर्द से आराम के लिए आप ठंडी सिंकाई करें। ठंडी सिंकाई दर्द के क्षेत्र में उत्तकों को सुन्न करने में मदद करता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। ठंडी सिकाई करने के लिए आप एक प्लास्टिक बैग में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें और फिर उस बैग को एक पतले टावल में लपेट दें। इस टावल को दर्द वाले स्थान पर रखें। आप चाहें तो ठंडे पानी में तौलिया डुबोकर उससे भी सिकाई कर सकते हैं। इससे भी आपको काफी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त गर्म सिंकाई भी कंधों के दर्द में आराम दिलाती है, लेकिन यह सिंकाई आप तभी करें, जब किसी चोट के कारण आपको कंधे में दर्द हो और चोट लगने के 48 घंटों के भीतर ही गर्म सिंकाई करें। कंप्रेशन : दर्द को कम करने में कंप्रेशन भी एक असरदार तरीका है। कंप्रेशन न सिर्फ दर्द वाले स्थान पर दबाव डालता है, बल्कि इसके चलते आपके हाथों को एक सपोर्ट भी मिलता है। जिससे आप अपने हाथों को अच्छी तरह मूव कर पाते हैं। इसके लिए आप इलास्टिक बैंडेज की मदद से अपने दर्द वाले स्थान को बांधें। यह बैंडेज आपको केमिस्ट शॉप से आसानी से मिल जाती है। कुछ दिन लगातार इस उपाय को करने से दर्द व सूजन में काफी हद तक राहत मिलती है। लेकिन बैंडेज बांधते समय ध्यान रखें कि आप इसे बहुत अधिक जोर से न बांधें अन्यथा इससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और आपकी स्थिति बद से बदतर हो जाती है। मसाज : जब आप हल्के हाथों से दर्द वाले स्थान पर मसाज करते हैं तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन के बेहतर होने से आपके क्षतिग्रस्त उत्तकों को रिपेयर होने में काफी कम वक्त लगता है। इस प्रकार आपके कंधों का दर्द व सूजन भी ठीक हो जाता है। मसाज करने के लिए आप नारियल, सरसों या ऑलिव ऑयल को हल्का गर्म करके इस्तेमाल कर सकते हैं।

### धर्म मंत्र


## श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृश्णाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥ दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः। तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे। कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

पर्यटन



## एडवेंचर एक्टिविटीज करने के साथ लें मौसम का मज़ा, हिमाचल में बसे इस मनोरम जगह जाकर

शिमला से तकरीबन 54 किमी. दूर स्थित लगभग अनछुई जगह है तत्तापानी। यहां रोमांचक गतिविधियों के संग आप इन दिनों मना सकते हैं बारिश का उत्सव। रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ बादलों की अठखेलियां मन मोह लेती हैं। ऐसे में इस अनछुई, प्यारी जगह का दीदार करना किसी शानदार सौगात से कम नहीं। यहां सतलुज नदी की ठंडी धारा के बीच 70 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाला गर्म पानी का सोता निरंतर बह रहा होता है। इसे आज से 20 साल पहले यहां के स्थानीय लोगों के अलावा कोई जानता तक नहीं था। ऐसे में यहां के निवासी प्रेम कुमार रैना, जिनका घर नदी के बिलकुल पास हुआ करता था, उन्होंने एक दिन इस कीमती धरोहर को पहचाना। आज प्रेम कुमार रैना 'हॉट वाटर स्प्रिंग' नाम से एक नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर भी चलाते हैं, जहां दूर-दराज से लोग स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के जरिए लोग अनेक रोगों से मुक्ति पाते हैं। हिमालय के ऊपरी इलाकों के निवासी जोड़ों के दर्द से राहत पाने हर साल यहां आते हैं। मान्यता है कि यह स्थान वास्तव में देवों का स्थान रहा है। यहां पांडवों ने वास किया, ऋषियों ने तपस्या की, इसीलिए यहां कदम-कदम पर चमत्कार देखने को मिलते हैं। तत्तापानी के स्थानीय लोग इस स्थान को महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि मानते हैं। महर्षि अपनी पत्नी रेणुका और पुत्र परशुराम के साथ यहां तत्तापानी के आसपास रहा करते थे। इह जगह का धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बहुत महत्व है। यहां हर साल माघ मेला लगा करता है। शिमला से तत्तापानी की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी होती है, लेकिन इन रास्तों पर ड्राइव का मजा दूरी का एहसास नहीं होने देता। रास्ते में इतने सुहाने नजारे मिलते हैं कि आप मुग्ध हो जाएंगे। चूंकि शिमला से यह पूरा रास्ता उतराई की तरफ है, इसलिए पहाड़ों का नजारा बहुत आकर्षक है। इन रास्तों में कई धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें देखते हुए आगे बढ़ने में आनंद आता है। देश और दुनिया से बहुत सारे बाइकर ग्ररुप इस घाट पर ड्राइव करने आते हैं। किन्नौर और काजा जाने वाले भी इसी रूट को पसंद करते हैं। अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं तो यह जगह आपके लिए स्वर्ग के समान है। देवदार के जंगलों के बीच ट्रेकिंग करने का अलग ही मजा है।

# एसडीएम और कोतवाल की मौजूदगी में बेटियों ने लोगो को पढ़ाया यातायात नियमो का पाठ

## बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को स्कूली छात्राओं ने गुलाब का फूल देकर किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी, बदोसराय । सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बदोसराय कस्बे में स्कूली छात्राओं ने सोमवार को एक प्रेरणादायक पहल की। कस्बे के मुख्य चौराहे पर उन्होंने उन बाइक चालकों को गुलाब का फूल भेंट किया जो बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे थे। इस अभियान ने न केवल लोगों का ध्यान आकर्षित किया बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया ।

यह जागरूकता अभियान स्थानीय विद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों के सहयोग से आयोजित किया गया। छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर खड़ी थीं, जिन पर 'हेलमेट पहनिए, सुरक्षित जीवन अपनाइए', 'आपकी सुरक्षा आपके हाथ' जैसे संदेश लिखे हुए थे। जैसे ही कोई बिना हेलमेट सवार चौराहे पर पहुंचता, छात्राएं मुस्कान के साथ उन्हें रोकतीं, गुलाब का फूल देतीं और विनम्रता से हेलमेट पहनने के लिए आग्रह करतीं।

इस दौरान कई बाइक चालकों ने छात्राओं की बात को गंभीरता से लिया और अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में हमेशा हेलमेट पहनने का वादा किया। कुछ लोगों ने मौके पर ही पास की दुकानों से हेलमेट खरीदकर पहन भी लिया।

कार्यक्रम में मौजूद उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा ''बच्चों द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। यह तरीका सख्ती से ज़्यादा प्रभावी साबित हो सकता है। जागरूकता ही सबसे बड़ी ताकत है।'' प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने भी छात्राओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, ''हम अपने विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी सिखाते हैं। यह अभियान उसका जीवंत उदाहरण है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि ऐसी गतिविधियों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# परमात्मा का परम वरदान है मानव शरीर : पंकज जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। सन्त पंकज जी महाराज समाज में बढ़ती विकृतियों से सचेत करते हैं। कहते है कि सन्त, महापुरुषों की शिक्षाओं से दूरी होने के कारण समाज में विकृतियाँ आयीं ।अनमोल मानव शरीर पाकर लोक-परलोक दोनों बनायें। मांसाहार व शराब को त्याग कर चरित्रवान बनें। अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें। हरख ब्लाक के सुरवाकुटी में आयोजित जयगुरुदेव सत्संग समारोह में ज्ञान गंगा की वर्षा करते जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज

कहते हैं कि मनुष्य शरीर की प्राप्ति को परमात्मा का सबसे बड़ा बरदान बताया तथा कहा सारी आत्मायें आकाशवाणी देववाणी पर उतार कर सत्तदेश से लाई गईं। यह कारण, सूक्ष्म, लिंग और स्थूल शरीर सहित चार शरीरों में बन्द की गई। सबसे ऊपर हमारा आप का यह स्थूल शरीर है। इस कलयुग में अन्य युगों की अपेक्षा बहुत परिवर्तन हो गया। आयु घट गई,

### जगजीवन साहब अनुसरण करें त्यागें मांसाहार शराब

शारीरिक बल घट गया, मन की चंचलता बढ़ गई तथा प्राण अन्न में चला आया। अब पिछले युगों की साधनायें संभव नहीं। दयालु प्रभु ने इस कलयुग में संतों को धरा पर भेजा उन्होंने आकर सरल साधना का मार्ग सुरत-शब्द योग (नाम योग) जिसे सन्तमत कहते हैं, जारी किया। प्रारम्भ में सन्त कबीर दास, नानक जी, रविदास जी, गोस्वामी जी महाराज, स्वामी जगजीवन साहब, पलटू साहब, मीराबाई, सहजोबाई, दरिया साहब, स्वामी शिवदयाल जी महाराज, स्वामी घूरेलाल जी महाराज जैसे कई महान सन्तों का अवतरण हुआ। जिन्होंने जीवों का कल्याण किया। हमारे गुरु महाराज ने सुरत शब्द साधना की पर्त दर पर्त खोल कर इसे जन सुलभ बनाया और करोड़ो लोगों का जीवन बदल कर भजनानन्दी बना दिया। इसलिये आप अपने जीवन का समय बर्बाद न करें। सन्त सत गुरु की प्राप्ति कर अपना जीवन सफल बनायें।

उन्होंने बताया कि खेती में रासायनिक खादों व कीट नाशकों के अन्धाधुन्ध प्रयोग से उत्पादित अनाज को खाने से कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। सभी से अपील है कि शाकाहार को अपनायें, शराब जैसे खराब नशों का त्याग करें। आने वाली भयानक आपदाओं से बचें। आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने तेरहवें पावन वार्षिक भण्डारा में अवश्य पधारें। आयोजन की शांति व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर रामचन्द्र यादव, बिहारी लाल, विनोद कुमार, लल्लू प्रसाद वर्मा, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे। सज्जाद अली, रामशाद अली, इस्लाम, इशरत अली, निशार अहमद का आयोजन में सहयोग रहा। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव ग्राम गुरेला ब्लाक मसौली के लिये प्रस्थान कर गई। यहाँ कल रविवार को अप. 12.30 बजे से सत्संग संदेश होगा।

# मिलेट महफ़िल वर्कशॉप का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शनिवार को वृंदावन सेक्टर 9 में स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या डॉ. रुपाली पटेल की अध्यक्षता में 'मिलेट महफ़िल वर्कशॉप' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेलिब्रिटी शेफ अलका सिंह तोमर मौजूद रहीं। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य मिलेट्स (मोटे अनाज) के महत्व और स्वास्थ्य लाभों को जनसाधारण तक पहुँचाना था। कार्यक्रम में प्रसिद्ध डाइटीशियन डॉ. नेहा मोहन सिन्हा, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. कल्पना सिंह और डॉ. बिसमा वाहिद ने मिलेट्स को दैनिक आहार में शामिल करने के वैज्ञानिक और पोषण संबंधी फायदों पर विस्तृत जानकारी दी।इस मौके पर मिलेट्स प्रमोटर और समाज सेविका संदीप कौर ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए मिलेट्स के सामाजिक और स्वास्थ्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मंच संचालन में मधुलिका सिंह, संदीप कौर और अनिता पासी की भूमिका उल्लेखनीय रही। अलका मास्टर कुकिंग क्लासेज़ और ए.एम.सी. हेल्थ वर्कशॉप ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली और हेल्दी कुकिंग के आधुनिक तरीकों से महिलाओं को परिचित कराना था। इस वर्कशॉप की एक और खास बात रही योग का समावेश, जिसके माध्यम से उपस्थित महिलाओं को शरीर और मन की सेहत के प्रति जागरूक किया गया। शेफ अलका सिंह तोमर ने ए.एम.सी. कुकवेयर का उपयोग करते हुए विशेष व्यंजन तैयार किए जिनका स्वाद और सरलता महिलाओं को अत्यंत पसंद आया। उन्होंने कहा सीखने की कोई उम्र नहीं होती हम हमेशा कुछ नया सिखाते रहेंगे।इसके साथ ही उन्होंने ए.एम.सी. के विक्रेता अंबरीष के कुकवेयर की भी सराहना की और बताया कि यह ऐसा कुकवेयर है जिसमें न तेल की जरूरत होती है न ही अधिक पानी की। इससे रसोई में स्वास्थ्य और सुविधा दोनों मिलती हैं। इस कार्यक्रम ने न सिर्फ पोषण और स्वाद का अनूठा मेल प्रस्तुत किया बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी प्रेरणादायक कदम साबित हुए। साथ ही साथ स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. रुपाली पटेल और सेलिब्रिटी शेफ अलका सिंह तोमर ने इस कार्यक्रम के जरिए जीवन में सेहत के लिए एक नई दिशा दी है।

# बेजुबानों व जलचरों को जीवन जल दावों से कोसों दूर बंदोबस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गर्मी का मौसम प्रारम्भ होते ही तालाबों में पानी घट जाता है। प्रधान और सचिव के बपौती वाले सरकारी तालाबों पर टीका-टिप्पणी ही बेमतलब है। पशु पक्षियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना ही उनका नसीब। सरकार हर वर्ष तालाबों में पानी की उपलब्धता के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है ।लेकिन जिम्मेदारों को समय रहते अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं आता। हां इतना अवश्य है बजट में बंदरबांट क्रम में नाना उपक्रम करते हैं। हर वर्ष गर्मी के महीने में यह समस्या निकट होती है तुरंत इसका स्थाई समाधान नहीं होता। सबका साथ सबका विकास योजना से शायद पशु पक्षी या जलचर प्रथक है। अभी दो-तीन दिन पूर्व की बात है जब लोधेश्वर महादेवा स्थित अभरण तालाब में पानी की कमी से

### अभहरन तालाब में गंदगी, वातावरण दूषित

मछलियां असमय काल का ग्रास बनने लगी तो ग्रामीणों ने बीडीओ से संपर्क साधा। बीडीओ तो ठहरे साहब। बंदा होते तो उन्हें कुछ दूसरों की तकलीफ़ का अहसास होता। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से संपर्क साधा तो तालाब में पानी भरने का काम शुरू हुआ। जिससे मछलियों का जीवन अब सुरक्षित है। तालाब के किनारे पानी सप्लाई के लिए एक टंकी बनी हुई है। इस तालाब में जब यह टंकी चलती थी तो पानी आता रहता था। लेकिन इस बार पानी की सप्लाई क्षेत्र में किसी तरह तो हो रही है ,लेकिन तालाब में टंकी का पानी नहीं जा पा रहा है। तालाब के किनारे पंपिंग सेट बोरिंग से बंधा हुआ खड़ा हुआ है। अभी तक यह चलाया नहीं गया है। पिछले वर्ष जब पानी की कमी हुई और इस तालाब की मछलियां मरने लगी तो गोरखनाथ कुटी के बाबा रामनाथ जी महाराज और पहाड़ी बाबा की कुटी के बाबा मुन्नू ने किसी प्रकार डीजल तेल की व्यवस्था करके पंपिंग सेट चलवाया था। जब पंपिंग सेट चलना शुरू हुआ तो उस समय कुछ सेवादारों ने भी इस कार्य में सहायता की तब जाकर इस तालाब की मछलियों की जान बच सकी। इधर अप्रैल का महीना शुरू होते ही तापमान कुछ अधिक हीं बढ़ गया।

**महादेवा का अभरन तालाब, गंदगी व दुर्गंध**

महादेवा के ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन के निर्देश पर थोड़ा पानी तो भरवारा गया है। जो कि ना काफी है। गंदगी के कारण तालाब का वातावरण दुर्गंध से भरा है। तालाब में अगर दवा नहीं डाली जाती है तो मछलियों व अन्य जलचरों का बे मौत मारना तय है।

# शार्ट-सर्किट से गेहूं के फसल में लगी आग, फसल जलकर खाक, युवक झुलसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। चिलचिलाती धूप एवं नम हवा के झोंको से नहीं थम रहा आग लगने का सिलसिला । तहसील क्षेत्र के असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्लन पुरवा मजरे सूपामऊ गांव में शार्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। शनिवार की दोपहर लगी आग में सूपामऊ गांव के इब्राहिम व अहमद की ढाई बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई तो वही आग बुझाने के प्रयास में स्थानीय किसान धनीराम पुत्र राम उजागर भी झुलस गया जिसका निजी चिकित्सक के यहां ईलाज करवाया गया।जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर खेत से निकले झूलते तारों से हुए शार्ट सर्किट से बनीकोडर क्षत्र के सूपामऊ गांव निवासी इब्राहिम व अहमद लगभग ढाई बीघे गेंहू की फसल जल कर खाक हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि खेत में झूलते तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से नीचे खेतों में आग भड़क उठी और देखते-देखते गेहूं की फसल जलकर खाक हो गया। आसपास के खेतों में मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने की कोशिश में लग गए।ग्रामीणों की सूचना देने के बाद मौके पर डायल 112 मौके पर पहुचीं वही ग्रामीणों की तत्परता के चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ी को आग बुझने की वजह से रास्ते से वापस कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि लेखपाल को सूचना दे दी गई थी लेखपाल संदीप कुमार ने मौके पर पहुचकर नुकसान का आकलन किया।

# थाना दिवस में राजस्व मामलों की भरमार, डीएम ने सुनी शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी व बड्डूपुर थाना परिसर में आज आयोजित थाना दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने की। थाना कुर्सी में खरिहानी, गुग्गौर, नियामतपुर, गंगौली, टिकैतगंज, मुनीमपुर बरतरा ,निगोहा,ठकुरामऊ,कुर्सी ब्राह्मणीटोला गांवों से संबंधित कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिसमे से तीन पुलिस विभाग एवं 10 राजस्व विभाग से संबंधित थे। ।संबंधित सभी मामलों में थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने समाधान हेतु हल्का लेखपाल व बीट के दरोगा एवं सिपाहियों की टीम गठित करके रवाना की।

डीएम ने लेखपालों को निर्देशित किया कि अवैध खनन मिलते ही कार्यवाही करे। राजस्व संबंधित समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करें और किसी भी पीड़ित को तहसील परिसर के चक्कर न लगवाए। पीड़ितों की हर संभव मदद की जाये उन्हें बार बार संबंधित मामलो में दौड़ाया न जाए।वही बड्डूपुर थाना में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिसमे अभिलेखों का रख रखाव, बन्दी ग्रह की सफाई, रसोई को स्वच्छ रखने व पौष्टिक भोजन बनाने , के निर्देश दिए।

और महिला हेल्प डेस्क की प्रशंसा की। यहां समाधान दिवस पर राजस्व से सम्बंधित छः शिकायत आई जिसमे से किसी का निस्तारण नही हुआ , शिकायतों को सम्बन्धित लेखपाल व पुलिस को निस्तारण के लिए दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ,तहसीलदार वैशाली शेखावत ,उमरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार, ओदार इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा, लेखपाल सर्वेश यादव, प्रिंस शर्मा,कपिल देव, अरविन्द कुमार, मोहित यादव उपस्थित रहे।

## फांसी फंदे पर झूली विवाहित

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर कोतवाली की भगौली चौकी क्षेत्र के ग्राम थनैतापुर गांव निवासी स्तुति वर्मा 26 वर्ष पत्नी अभिनव वर्मा ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या की। बताते हैं कि खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चली गई ,सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों द्वारा दरवाजा खटखटाया, फोन मिलाया। ना तो फोन उठा और ना ही दरवाजा खुला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा।

## शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखना जरूरी : प्रीति सिंह

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसरांय में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने की। रामनगर की पुलिस उपाधीक्षक गरिमा पंत ने संयोजन किया।समाधान दिवस में कुल चार शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से तीनशिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष एक शिकायत के लिए राजस्व और पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया है।

एसडीएम प्रीति सिंह ने पुलिस और राजस्व कर्मियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।कार्यक्रम में कोतवाल सन्तोष कुमार उपनिरीक्षक सालिक राय, सुरेश चंद्र, रविकुमार सरोज, आशुतोष मिश्रा, सुधांशू कटियार, अमरेश शुक्ला और महेन्द्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसेवा केंद्र संचालक से ठगी

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक अनजान व्यक्ति ने जनसुविधा केंद्र प्रभारी को चुना लगाकर 16 हजार की ठगी कर फरार हो गया पीड़ित ने मसौली पुलिस को तहरीर दी है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी शिवशंकर गुप्ता पुत्र मैकूलाल जो अपने ही घर पर जनसुविधा केंद्र का संचालन करता है गत 10 अप्रैल की शाम करीब साढ़े 6 बजे एक अनजान व्यक्ति आया और कहा कि हम विशाल मेगा मार्ट के पास रहते है बड़ागांव क्रासिंग पर फाइनेंस कम्पनी वालो ने मेरी सकार्पियों गाड़ी को पकड़ लिया है 16 हजार की किस्त देना है देदो और हमारा मोबाईल जमानत के रूप मे रख लो व्यक्ति पैसा लेकर चला गया जो अभी तक वापस नही आया। ठगी का शिकार हुए शिवशंकर गुप्ता ने थाना मसौली मे तहरीर दी है।

# हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव पर हुए भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### महंत देव्यागिरी ने की संत सम्मेलन अध्यक्षता



बाराबंकी। प्रभु राम के कंाच संभालने वाले पवन पुत्र महाराजाधिराज हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव आज जिले भर में श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ कतर बद्ध हुई थी। बजरंगबली की जय पवन पुत्र की जय व रामदूत हनुमान की जय जयकार से वातावरण गुंजायमान हुआ था।

रामनगर प्रतिनिधि आर.के शुक्ला ने बताया कि तहसील क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिरों में सुंदरकांड कांड का पाठ हवन पूजन व प्रसाद वितरण किया गया।हनुमान जन्मोत्सव पर तहसील क्षेत्र के मलौली गांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी के नेतृत्व में महाराज जी अधिराज बजरंगबली काजल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव के अवसर पर विविध आयोजन हुए। समारोह पूर्वक संत सम्मेलन मनाया गया। संत मिलन समारोह में मनकामेश्वर महादेव मंदिर की महंत देव्या गिरि बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता परम पूज स्वामी चेतनानंदजी परमहंस ने की। उपस्थित न्यासियों व साधु संतों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा रामनगर के यूनियन इंटर कॉलेज मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कमलेश सिंह बजरंग दल के सहसंयोजक ब्रह्म प्रकाश,जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद, जिला धर्म प्रसार प्रमुख कृष्णा श्रीवास्तव व एसपी शुक्ला ने दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया।प्रतियोगिता में यूनियन इंटर कॉलेज सहित रामनगर की अन्य टीमों के बीच मुकाबला हुआ।

जिसमें वीर शिवाजी टीम बरियारपुर ने महाराणा प्रताप टीम रामनगर को हराकर जीत हासिल की।रेफरी की भूमिका खेल शिक्षक धर्मेंद्र पांडेय ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## भाजपा सरकार के 8 साल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुशासन की मिसाल : ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर विकासखंड क्षेत्र के कई गांवों में घर घर संपर्क एवं पत्रक वितरण हेतु गांव चलो वार्ड चलो अभियान चलाया है।इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर '8 साल बेमिसाल'के पत्रक कई गांवों में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अगुआई में वितरित किए गए हैं।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया है।साथ ही बूथ समिति एवं वार्ड समिति के पदाधिकारियों से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की और आने वाले चुनाव के लिए कार्ययोजना पर विचार-विमर्श भी किया है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का विद्यालय के अभिलेखों में त्रुटिवश नाम तान्या गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही नाम कीर्ति गुप्ता है। अतः मेरी पुरी को कीर्ति गुप्ता से नाम से जाना जाए। सुरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राम चरन गुप्ता निवासी-वार्ड संख्या-16, बरगदी मगठ, बख्शी का तालाब, लखनऊ।






# घरेलू मैदान पर जीत के क्रम को जारी रखने उतरेगी दिल्ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स रविवार शाम जहां राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 29वें मैच में अपने जीत के क्रम को जारी रखने मैदान में उतरेगी वहीं मुंबई इंडियंस को लगातार दो हार के बाद जीत के लिए भिड़ेगी। दिल्ली कैपिटल्स इस सत्र में चार मैचों में आठ अंक के साथ अजेय है और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है जोकि उसके आत्मविश्वास को दर्शाता है। वहीं इसके विपरीत, मुंबई की टीम पांच मैचों में केवल एक जीत के साथ तालिका में आठवें स्थान पर और जीत हासिल करने के संघर्ष करती दिख रही है। दिल्ली की शानदार शुरुआत के पीछे केएल राहुल का फॉर्म है, जो उनकी बल्लेबाजी लाइनअप की धुरी बनकर उभरे हैं। स्टाइलिश दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने न केवल शीर्ष पर रहने की काबलियत है, बल्कि जरूरत पड़ने पर आक्रामक की भूमिका निभाने की क्षमता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट की शानदार जीत के साथ दिल्ली के पिछले मैच में 53 गेंदों पर उनकी नाबाद 93 रन की पारी दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की उनकी दक्षता को दर्शाता है। 58 रन पर 4 विकेट गंवाने के बाद राहुल ने ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 38) के साथ 111 रनों की मैच जिताऊ साझेदारी की। 169.72 की शानदार स्ट्राइक रेट से तीन पारियों में 185 रन बनाने वाले राहुल की मौजूदगी दिल्ली की बल्लेबाजी की मजबूत कड़ी है। इस बल्लेबाज ने जरूरत पड़ने पर संतुलित और मौका मिलने पर विस्फोटक बल्लेबाजी की है। इस बीच, स्टब्स मध्यक्रम में एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं, जो स्ट्राइक रोटेट करते हैं और खराब गेंदों का भरपूर फायदा उठाते हैं। दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण भी शानदार रहा है। मिशेल स्टार्क की तेज गेंदबाजी ने चार मैचों में 9 विकेट चटकाए हैं, जबकि कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में अपनी कलाई की स्पिन से कमाल दिखाया है और 5.66 रन प्रति ओवर की औसत से आठ विकेट चटकाए हैं। युवा खिलाड़ी विप्रज निगम एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 18 रन देकर दो विकेट झटके थे। दिल्ली ने जहां स्थिर और खतरनाक प्रदर्शन किया है, वहीं मुंबई ने बल्ले और गेंद दोनों से ही जूझना पड़ रहा है। उनके सबसे हालिया प्रदर्शन में वानखेड़े में आरसीबी के खिलाफ 222 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए वे 12 रनों से पीछे रह गए। हालांकि तिलक वर्मा (29 गेंदों पर 56 रन) और कप्तान हार्दिक पांड्या (15 गेंदों पर 42 रन) ने अंत में जोरदार वापसी की, लेकिन शीर्ष क्रम एक बार फिर ठोस आधार बनाने में विफल रहा। बल्लेबाजी विभाग में सूर्यकुमार यादव उनके एकमात्र उज्ज्वल स्थान रहे हैं, जिन्होंने 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से पांच पारियों में 199 रन बनाए हैं, लेकिन समर्थन की कमी रही है। रोहित शर्मा अभी तक अपनी लय नहीं बना पाए हैं, जबकि विल जैक्स और रयान रिकेल्टन अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में विफल रहे हैं। कप्तान के तौर पर बढ़ते दबाव के बावजूद पंड्या ने गेंदबाजी में मिसाल पेश करते हुए 8.57 की इकॉनमी से 10 विकेट चटकाए हैं। हालांकि, उनके गेंदबाजों को अहम मौकों पर रन रोकने में दिक्कत आ रही है। ट्रेंट बोल्ट और मिशेल सेंटनर ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वे लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। जसप्रीत बुमराह की वापसी से टीम को मजबूती मिली है, लेकिन तेज गेंदबाज अभी भी पूरी लय में वापसी का प्रयास कर रहे हैं। एकादश में शामिल नए खिलाड़ी विग्नेश पुथुर ने प्रत्येक मैच में नियमित विकेट लेकर प्रभावित किया है।

# अभी हार स्वीकार करने की जरूरत नहीं, हमारे पास सही खिलाड़ी हैं: माइकल हसी

एजेंसी



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार पांचवें मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि अभी हार स्वीकार करने की कोई जरूरत नहीं है और पांच बार के चैंपियन के पास सही खिलाड़ी हैं। चेन्नई को अपने घरेलू मैदान चेपॉक में नौ विकेट पर 103 रन का अपना अब तक का सबसे कम स्कोर बनाने के बाद शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स से आठ विकेट की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। हसी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मेरा अब भी मानना है कि हमारे पास सही खिलाड़ी हैं। हमें बस उन्हें कुछ आत्मविश्वास और निरंतरता हासिल करने में मदद करनी है। इसके बाद हम सही राह पर आगे बढ़ सकते हैं फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण।'' उन्होंने कहा, ''हमारे खेल की शैली के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, हम उनसे बिल्कुल अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कहना चाहते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जोनापुरी विकासखंड मरौरी जिला पीलीभीत

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जोनापुरी की वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर केम को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय आयोग टाइड एवं अनटाइड फंड पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA। मनरेगा योजनान्तर्गत SLWM तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य नव निर्माण एवं मरम्मत नाली निर्माण नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत भवन का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प नव निर्माण जन सेवा केंद्र के कच्छ का निर्माण,विद्यालयों का कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, ट्टख्रडख्र योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प,अन्नपूर्णा भवन नव निमार्णा कार्य,लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छो का कायाकल्प व नवनिर्माण, हेडपंप रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय व मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत डस्टविन क्रय, ठेली, व रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग,बजरी, सीमेंट ,सरिया,मोरंग,लोहा, टाइल,पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट,कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन,प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत जोनापुरी पर दिनांक 13/04/2025 से 19/04/2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 20/04/2025 को 05:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत जोनापुरी पर खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान** — **ओमवती**

**ग्राम पंचायत अधिकारी** — **मोहम्मद रिजवान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत केम विकासखंड मरौरी जिला पीलीभीत

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केम की वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर केम को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय आयोग टाइड एवं अनटाइड फंड पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA। मनरेगा योजनान्तर्गत ट्टख्रडख्र तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य नव निर्माण एवं मरम्मत नाली निर्माण नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत भवन का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प/नव निर्माण जन सेवा केंद्र के कच्छ का निर्माण,विद्यालयों का कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प,अन्नपूर्णा भवन नव निमार्णा कार्य,लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छो का कायाकल्प व नवनिर्माण, हेडपंप रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय व मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत डस्टविन क्रय, ठेली, व रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग,बजरी, सीमेंट ,सरिया,मोरंग,लोहा, टाइल,पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी,मिट्टी, ठेली,पी0 पी0 किट,मास्क, सफाई किट,कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन,प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत केम पर दिनांक 13/04/2025 से 19/04/2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 20/04/2025 को 05:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत केम पर खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान** — **वीरमती**

**ग्राम पंचायत अधिकारी** — **मोहम्मद रिजवान**


# अमेरिकी शुल्क से वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आने की आशंका: संयुक्त राष्ट्र अर्थशास्त्री

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आ सकती है और निर्यात अमेरिका और चीन जैसे बाजारों से भारत, कनाडा और ब्राजील की ओर स्थानांतरित हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक व्यापक शुल्क योजना की घोषणा की। अमेरिका ने बाद में चीन को छोड़कर अधिकांश देशों के लिए 'जवाबी शुल्क' पर 90 दिनों की रोक की घोषणा की। बदले में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं के आयात पर 125 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने शुक्रवार को जिनेवा में कहा, ल्लव्यापार तरीके और आर्थिक एकीकरण में महत्वपूर्ण दीर्घकालिक बदलावों के साथ वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आ सकती है। उन्होंने कहा, ल्लउदाहरण के लिए, मेक्सिको से निर्यात, जो अत्यधिक प्रभावित हुआ है, अमेरिका, चीन, यूरोप और यहां तक कि अन्य लातिन अमेरिकी देशों जैसे बाजारों से स्थानांतरित हो रहा है। इससे निर्यात कनाडा और ब्राजील और कुछ हद तक भारत में मामूली लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, वियतनामी निर्यात अमेरिका, मैक्सिको और चीन से हट रहा है, जबकि पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) बाजारों, यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया और अन्य बाजारों की ओर काफी बढ़ रहा है। परिधान का उदाहरण देते हुए कोक-हैमिल्टन ने कहा कि विकासशील देशों के लिए आर्थिक गतिविधि और रोजगार के मामले में कपड़ा उद्योग शीर्ष उद्योग है। इस संदर्भ में, उन्होंने कहा कि अगर यह लागू होता है तो दुनिया के दूसरे सबसे बड़े परिधान निर्यातक बांग्लादेश को 37 प्रतिशत का जवाबी शुल्क झेलना पड़ेगा, जिससे 2029 तक अमेरिका को वार्षिक निर्यात में 3.3 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों के लिए किसी भी वैश्विक झटके से निपटने के लिए समाधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा ऽ चाहे वह कोविड महामारी हो, जलवायु आपदा हो या नीतियों में अचानक बदलाव हो ऽ तीन क्षेत्रों ऽ विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और क्षेत्रीय एकीकरण को प्राथमिकता देने में निहित है। उन्होंने कहा, ल्लइसलिए विकासशील देशों के लिए न केवल अनिश्चितता के समय से निपटने के अवसर हैं, बल्कि लंबी अवधि के लिए सक्रिय रूप से तैयारी करने के भी अवसर हैं। कोक-हैमिल्टन ने कहा कि फ्रांसीसी अर्थशास्त्र अनुसंधान संस्थान सीईपीआईआई के साथ तैयार प्रारंभिक अनुमान, 90-दिवसीय विराम की घोषणा और चीन पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ोतरी से पहले गणना की गई थी। यह दर्शाता है कि 2040 तक, तथाकथित 'जवाबी' शुल्क और प्रारंभिक प्रतिवादों का प्रभाव वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 0.7 प्रतिशत तक कम कर सकता है। मेक्सिको, चीन और थाईलैंड जैसे देशों और दक्षिणी अफ्रीका के देश भी अमेरिका के साथ-साथ सबसे अधिक प्रभावित हैं। अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत शुल्क लगाने के चीन के फैसले पर, एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट (एएसपीआई) के वाशिंगटन डीसी स्थित कार्यालय की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वेंडी कटलर ने कहा कि अमेरिकी आयात पर शुल्क बढ़ाने की चीन की घोषणा से यह स्पष्ट है कि यह उम्मीदें गलत हैं कि चीन इस व्यापार युद्ध में पहले कदम उठाएगा। उन्होंने कहा, चीन को लंबी लड़ाई लड़नी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत तरहटा, कर्नलगंज जनपद गोंडा

पत्रांक : / निविदा /2025 - 26 निविदा सूचना — दिनांक 02.04.2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा /पंचम राज्य वित्त / पंद्रहवावित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण )/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले निर्माण कार्य हेतु निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेंडर/निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक फॉर्म दिनांक 15--04--2025 को पूर्वाहन 12 बजे तक टेण्डर/ निविदा फार्म मोहर बन्द लिफाफा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि व समय पर निविदा / टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।प्राप्त निविदा का दिनांक 15-04-2025 अपराहन 02 बजे समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा / टेण्डर वाली फर्म को स्वीकृति प्रदान की जायेगी। फर्म द्वारा कार्य स्थल पर ही सामग्री आपूर्ति की जायेगी जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी। निविदा सम्बन्धी फार्म व नियम शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्मत म होगा। निविदा / की गुणवत्ता में किसी प्रकार कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना संम्भव न होगा। निविदा टेण्डर को निरस्त किये जाने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा,इसके लिये किसी को कोई कारण संसूचित नहीं किया जायेगा। सभी सामग्रियों का दर मय क्र भाड़ा सहित प्रस्तुत करना अनिवार होगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | क्र. सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट | 17. | शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | प्रथम श्रेणी इंट | 16. | वाटर सप्लाई हेतु समस्त सामग्री |
| 3. | सीधा खन्जड ईंट | 18. | दिवाल टाइल्स |
| 4. | ईट अध्धा | 19. | फर्स टाइल्स |
| 5. | बालू/रेत | 20. | इण्टर लाकिंग ईट कलर व सादा |
| 6. | स्थानीय बालू | 21. | ह्यूम पाइप सभी साइज के |
| 7. | मेरंग | 22. | पी0वी0सी0 पाइप |
| 8. | पत्थर गिट्टी 20 mm | 23. | समरसेबिल पम्प मय मजदूरी |
| 9. | सरिया | 24. | सेटरिंग कार्य हेतु मय भाडा |
| 10. | लोहे की चौखद व दरवाजा | 25. | एलईडी लाइटें |
| 11. | लकडी चौखट व दरवाजा | 26. | पोलीथीन सीट |
| 12. | पेटिग हेतु समस्त सामग्री | 27. | लोहे का एगिल सभी साइज |
| 13. | इण्डिया मार्का II हैण्डपम्प रिबोर में प्रयुक्त होने वाली सामग्री मय मजदूरी | 28. | टीन सेड सभी साइज |
| | | 29. | साइन बोर्ड |
| | | 30. | आरा. सी. सी. बेंच |
| 14. | इण्डिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री मय मजदूरी | 31. | ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी, मेज आदि |
| | | 32. | गौ-आश्रय केन्द्र से सम्बन्धित सामग्री |
| 15. | विद्युतीकरण हेतु समस्त सामग्री | 33. | अन्य वांछित सामग्री |

कुरीसा, ग्राम प्रधान — सचिव, अजीत गुप्ता

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेलहरी, कर्नलगंज जनपद गोंडा

पत्रांक : / निविदा /2025 - 26 निविदा सूचना — दिनांक 02.04.2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा /पंचम राज्य वित्त / पंद्रहवावित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण )/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले निर्माण कार्य हेतु निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेंडर/निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक फॉर्म दिनांक 15--04--2025 को पूर्वाहन 12 बजे तक टेण्डर/ निविदा फार्म मोहर बन्द लिफाफा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि व समय पर निविदा / टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।प्राप्त निविदा का दिनांक 15-04-2025 अपराहन 02 बजे समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा / टेण्डर वाली फर्म को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।फर्म द्वारा कार्य स्थल पर ही सामग्री आपूर्ति की जायेगी जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी। निविदा सम्बन्धी फार्म व नियम शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्मत म होगा। निविदा / की गुणवत्ता में किसी प्रकार कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना संम्भव न होगा। निविदा टेण्डर को निरस्त किये जाने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा,इसके लिये किसी को कोई कारण संसूचित नहीं किया जायेगा। सभी सामग्रियों का दर मय क्र भाड़ा सहित प्रस्तुत करना अनिवार होगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | क्र. सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेन्ट | 17. | शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 2. | प्रथम श्रेणी इंट | 16. | वाटर सप्लाई हेतु समस्त सामग्री |
| 3. | सीधा खन्जड ईंट | 18. | दिवाल टाइल्स |
| 4. | ईट अध्धा | 19. | फर्स टाइल्स |
| 5. | बालू/रेत | 20. | इण्टर लाकिंग ईट कलर व सादा |
| 6. | स्थानीय बालू | 21. | ह्यूम पाइप सभी साइज के |
| 7. | मेरंग | 22. | पी0वी0सी0 पाइप |
| 8. | पत्थर गिट्टी 20 mm | 23. | समरसेबिल पम्प मय मजदूरी |
| 9. | सरिया | 24. | सेटरिंग कार्य हेतु मय भाडा |
| 10. | लोहे की चौखद व दरवाजा | 25. | एलईडी लाइटें |
| 11. | लकडी चौखट व दरवाजा | 26. | पोलीथीन सीट |
| 12. | पेटिग हेतु समस्त सामग्री | 27. | लोहे का एगिल सभी साइज |
| 13. | इण्डिया मार्का II हैण्डपम्प रिबोर में प्रयुक्त होने वाली सामग्री मय मजदूरी | 28. | टीन सेड सभी साइज |
| | | 29. | साइन बोर्ड |
| | | 30. | आरा. सी. सी. बेंच |
| 14. | इण्डिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री मय मजदूरी | 31. | ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी, मेज आदि |
| | | 32. | गौ-आश्रय केन्द्र से सम्बन्धित सामग्री |
| 15. | विद्युतीकरण हेतु समस्त सामग्री | 33. | अन्य वांछित सामग्री |

कुरीसा, ग्राम प्रधान — सचिव, अजीत गुप्ता


# एवरेडी ने 3 गुना बेहतर क्वालिटी और लंबे शेल्फ लाइफ वाली अगली पीढ़ी की कार्बन जिंक बैटरी लॉन्च की

लखनऊ। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने अपनी नई, बेहतर कार्बन जिंक बैटरी लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसमें उल्लेखनीय 3 गुना बेहतर क्वालिटी है। लॉन्च के हिस्से के रूप में, कंपनी ने एक अभिनव अभियान का अनावरण किया है, जो रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लंबे समय तक चलने वाले और विश्वसनीय पावर समाधान प्रदान करने के लिए एवरेडी के समर्पण को उजागर करता है। बढ़ी हुई कार्बन जिंक बैटरी एवरेडी के उत्पाद पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण उन्नति का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें 3 गुना इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज डाइऑक्साइड पावर है जो विभिन्न प्रकार के उपकरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। कार्बन जिंक बैटरियां निरंतर गुणवत्ता और विश्वसनीयता की गारंटी देने के लिए 300 प्रदर्शन आकलन के कठोर परीक्षण प्रोटोकॉल से गुजरती हैं। 3 साल तक की प्रभावशाली शेल्फ लाइफ के साथ, ये बैटरियां उपभोक्ताओं को विस्तारित मूल्य और निर्भरता प्रदान करती हैं, जो एक विश्वसनीय घरेलू नाम के रूप में ब्रांड की स्थिति को और मजबूत करती हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और एसबीयू प्रमुख (बैटरी और फ्लैशलाइट) श्री अनिरबन बनर्जी ने कहा, एवरेडी भारत के ड्राई सेल बैटरी उद्योग में अग्रणी स्थान रखता है, खासकर कार्बन जिंक सेगमेंट में। यह लॉन्च उपभोक्ताओं को भरोसेमंद और टिकाऊ बिजली समाधान प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयास के अनुरूप है। नवीनतम उत्पाद पेशकश, उभरती जरूरतों को पूरा करने, मूल्य जोड़ने और विभिन्न घरेलू अनुप्रयोगों के लिए एक भरोसेमंद बिजली स्रोत बनने के प्रति एवरेडी की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड, ड्राई सेल बैटरी उद्योग में बाजार की अग्रणी कंपनी है, जिसकी 50 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी है, जिसमें कार्बन जिंक बैटरी सेगमेंट इस नेतृत्व का प्राथमिक चालक है। उन्नत कार्बन जिंक बैटरी रेंज 10 बैटरी के पैक में आती है और प्रत्येक की कीमत 18 है। एंटी-लीक तकनीक के साथ डिज़ाइन की गई, ये बैटरियां मजबूत सुरक्षा प्रदान करती हैं, जिससे डिवाइस सुरक्षित और चालू रहते हैं। एवरेडी अपनी निरंतर आकांक्षा के साथ भारत में उच्च-विकास वाले व्यवसायों को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है जो टिकाऊ, मापनीय और लाभदायक हों, और उत्कृष्टता और ग्राहक-केंद्रितता के माध्यम से सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य प्रदान करें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अंदऊमऊ विकास खण्ड- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

पत्रांक- मेम/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त/2024-25 — दिनांक 11/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत अंदऊमऊ विकास खण्ड- हैदरगढ़ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) /राज्य वित्त/ चैदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15 वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फ़ेज-2 (एस. एल. डब्लू. एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, सीमेंटेड बेंच, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024 - 25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15/04/2024 से 24/04/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र बंद लिफ़ाफ़े में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 25/04/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते

1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9 - आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा0 पं0- अंदऊमऊ, वि0 खं0- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

पंचायत सचिव, ग्रा0पं0- अंदऊमऊ, वि0खं- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत खेमीपुर विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद- बाराबंकी

पत्रांक- मेम/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त/2024-25 — दिनांक 11/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत खेमीपुर विकास खण्ड- त्रिवेदीगंज में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) /राज्य वित्त/ चैदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15 वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फ़ेज-2 (एस. एल. डब्लू. एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, सीमेंटेड बेंच, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024 - 25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15/04/2024 से 24/04/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र बंद लिफ़ाफ़े में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 25/04/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते

1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9 - आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा0 पं0- खेमीपुर, वि0 खं0- त्रिवेदीगंज, जनपद- बाराबंकी

पंचायत सचिव, ग्रा0पं0- खेमीपुर, वि0खं- त्रिवेदीगंज, जनपद- बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत - भिखरा विकास खण्ड- हैदरगढ़ , जनपद- बाराबंकी

पत्रांक- मेम/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त/2024-25 — दिनांक 11/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत अंदऊमऊ विकास खण्ड- हैदरगढ़ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) /राज्य वित्त/ चैदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15 वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फ़ेज-2 (एस. एल. डब्लू. एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, सीमेंटेड बेंच, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024 - 25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15/04/2024 से 24/04/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र बंद लिफ़ाफ़े में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 25/04/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते

1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9 - आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा0 पं0- भिखरा, वि0 खं0- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

पंचायत सचिव, ग्रा0पं0- भिखरा, वि0खं- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

# उप्र के आगरा में करणी सेना ने की सपा सांसद के आवास पर कूच की कोशिश, तलवारें लहराई गईं

## रक्त स्वाभिमान रैली में एक लाख से अधिक की भीड़ पहुंची

एजेंसी

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में करणी सेना की रक्त स्वाभिमान रैली में एक लाख से अधिक लोग पहुंचे हैं। युवाओं के हाथों में लाठी-डंडे और तलवार हैं। इस दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के बयान से भड़की करणी सेना ने तलवारें लहरा कर उग्र प्रदर्शन किया। सांसद के आवास की ओर कूच करने का प्रयास किया। यहां तक कि एक बैरियर को भी तोड़ दिया। इसके साथ ही हाई-वे पर जाम लगा दिया गया। इसे देखते हुए सभी चौराहों पर पुलिस बल तैनात कर दी गई है। सांसद आवास और सपा कार्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

राज्यसभा में राणा सांगा पर सांसद सुमन द्वारा दिए विवादित बयान के बाद करणी सेना ने शनिवार को आगरा के गढ़ी रामी में रक्त स्वाभिमान सम्मेलन करने का ऐलान किया था। इसी के मद्देनजर आगरा के गढ़ी



रामी में रक्त स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने शुरू कर दिए थे। शनिवार को सुबह ही सम्मेलन में भाग लेने के लिए लोगों का आना जारी रहा। उधर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग लगाकर चौराहों पर भारी वाहन खड़े कर दिए गए, ताकि कोई भी प्रदर्शनकारी सपा सांसद के आवास की ओर न जा सके। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिए गए।

रैली में आये लोग तलवार और लाठियां लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वाभिमान सम्मेलन में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने मंच से कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान से क्षत्रियों ही नहीं बल्कि सनातन समाज को ठेस पहुंची है। माफी मांगने से काम नहीं चलने वाला है। रामजीलाल सुमन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। राज्यसभा सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ये मांगें पूरी नहीं हुईं तो करणी सेना सांसद के आवास कूच करेगी।

इस ऐलान के बाद पुलिस ने सांसद के आवास के रास्ते पर किसी को जाने की अनुमति नहीं है। साथ ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात हैं। कार्यक्रम स्थल के साथ ही सपा सांसद के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भारी संख्या में फोर्स के अलावा सांसद के आवास पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उधर ऐहितयात के तौर पर पिनाहट के भड़ौली स्थित सपा कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया है।

राणा सांगा की जयंती को शांतिपूर्ण सम्मपन्न कराने के लिए पुलिस का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें लगभगत 1,000 डंडे और 1200 हेलमेट मंगाए गये थे। इस वीडियों के सार्वजनिक होने पर शुक्रवार को क्षत्रिय नेताओं ने कहा था कि हम लाठी-डंडों से डरने वाले नहीं हैं। स्वाभिमान और सम्मान बचाने के लिए कुछ भी किया जा सकता है। पुलिस को खुद पर नियंत्रण रखना चाहिए। गौरतलब है कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने कुछ दिन पहले संसद में राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी की थी। इससे नाराज करणी सेना ने सांसद के आवास पर पथराव किया था। कुर्सियां और वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए थे। उस समय पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला था।

# चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ खड़ा था, है और सदैव खड़ा रहेगा: ज्ञानेश कुमार

एजेंसी

रांची। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि झारखंड की इस महान धरती पर मुझे सभी से मिलने और उनका अभिवादन करने का अवसर मिला है। मैंने वालेंटियरस से बातचीत की, जिसके दौरान मुझे एहसास हुआ कि झारखंड में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को निर्वाचक बनना चाहिए। चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ खड़ा था, है और सदैव खड़ा रहेगा। श्री कुमार आज झारखंड के रामगढ़ के सीसीएल गेस्ट हाउस स्थित सभागार में वालेंटियर के साथ एक्सपेरिएंस शेयर कार्यक्रम के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर एक बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाता है और हर बूथ पर हर राजनीतिक दल को बूथ लेवल एजेंट नामित करने का अधिकार होता है। हर नागरिक एक निर्वाचक के रूप में सभी सुविधा अपने बूथ पर प्राप्त कर सकते है। अगर किसी व्यक्ति को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के निर्णय पर आपत्ती है तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी/डीईओ के समक्ष अपील कर सकता है, साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी/डीईओ के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील दायर की जा सकती है। झारखंड में किसी भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी/डीईओ या सीईओ कार्यालय के समक्ष कोई भी अपील लंबित नहीं है, जिसका मतलब है कि झारखंड में मतदाता सूची मतदाताओं एवं अन्य सभी सत प्रतिशत संतुष्टि के करीब है, इसके लिए झारखंड की निर्वाचन टीम सराहना की पात्र है।

# लोकतंत्र का पाठ न पढाएं, रेखा गुप्ता से माफी मांगे आतिशी: सचदेवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की सोशल मीडिया पोस्ट की तीखी आलोचना की है और उनसे पोस्ट को डिलीट करने तथा माफी मांगने की मांग की है।

श्री सचदेवा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सुश्री आतिशी के पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए शनिवार को कहा, आपकी पोस्ट देख कर आश्चर्यचकित हूं कि एक महिला होते हुए आपने खुद के परिश्रम से जन सेवा के संकल्प के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) सचिव से लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री पद तक की यात्रा पूर्ण करने वाली श्रीमती रेखा गुप्ता के प्रति अपमान जनक कटाक्ष किया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने उस पोस्ट में दिल्ली के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की फोटो टैग किया है जिसमें मुख्यमंत्री गुप्ता के साथ उनके पति की उपस्थिति भी दिखती है। सुश्री आतिशी ने इसे लेकर अपनी टिप्पणी में 'सरपंच-पति' का क्षेपक भी जोड़ा है। श्री सचदेवा ने कहा, राजनीति में दैनिक जन समस्याओं का निदान अति आवश्यक है और उसमें जन प्रतिनिधि के परिजनों का उन्हें सहयोग करना सामान्य बात है।ङ्क उन्होंने आतिशी से सवाल किया है कि अगर उन्हें जन प्रतिनिधि के पति या पत्नी का सहयोग करना लोकतंत्र का अपमान है तो जब वह दिल्ली की एक पूर्णकालिक महिला मुख्यमंत्री बनी थीं तो उनके नेता अरविंद केजरीवाल का उन्हें रोज कार्यवाहक मुख्यमंत्री कहना क्या लोकतंत्र का अपमान नहीं था? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उनसे यह भी सवाल किया, आपने मुख्यमंत्री कार्यालय में अपनी कुर्सी के बगल में एक सांकेतिक कुर्सी लगाई थी, क्या वह लोकतंत्र का अपमान नहीं था ? आपके नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शीशमहल के मुख्यमंत्री कक्ष की लाल कुर्सी पर बैठ कर दिल्लीवालों को सम्बोधित किया था, क्या यह लोकतंत्र का अपमान नहीं था ? श्रीमती आतिश आप जब मुख्यमंत्री थीं, उस वक्त सचिवालय में आपके निवास कार्यालय में श्री भूपेंद्र चौबे काफी सक्रिय दिखाई देते थे, उनसे आपकी सरकार से क्या सम्बंध था, क्या यह अनुचित हस्तक्षेप लोकतंत्र का अपमान नहीं था? श्री सचदेवा ने यह भी लिखा है कि अधिकारी फाइलों पर टिप्पणी में श्रीमती केजरीवाल के लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदया लिखते थे क्या यह लोकतंत्र का अपमान नहीं था?

# तहव्वुर के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने वाले क्या दाऊद को नहीं ला पाने का भी जिम्मा लेंगे : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने की होड़ में शामिल लोगों को यह भी बताना चाहिए कि दाऊद इब्राहिम तथा अन्य आतंकवादियों का प्रत्यर्पण नहीं हो पाने का जिम्मेदार कौन है।

पार्टी ने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार को तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय दिया जा रहा है और श्रेय लेने की होड़ मची है, लेकिन सच यह है कि यह लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है और इसकी शुरुआत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शुरू ही नहीं की बल्कि इसमें तेजी भी ला दी थी, लेकिन अब श्री मोदी को इसका श्रेय देने वालों को यह भी बताना चाहिए कि दाऊद इब्राहिम, डेविड हेडली, विजय माल्या आदि का प्रत्यर्पण नहीं हो पाने की जिम्मेदारी किसे दी जानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा, आज एक होड़ मची है कि किसी भी तरीक़े से तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय नरेन्द्र मोदी और सिर्फ़ नरेन्द्र मोदी को मिले। जबकि सच यह है कि यह प्रत्यर्पण हमारी एजेंसियों के 15 वर्षों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण की प्रक्रिया की कहानी बताते हुए कहा, ल्लआइए क्रोनोलॉजी समझते हैं। अक्टूबर 2009 में डेविड हेडली और तहव्वुर राणा डेनमार्क में आतंकवादी हमले की साजिश



में पकड़े गए थे। खुलासा हुआ कि वे मुंबई के आतंकवादी हमले की साजिश में भी शामिल रहे हैं। फिर संप्रग सरकार ने उस पर कई धाराएं लगाकर उसे आतंकवादी गतिविधियों का आरोपी बनाया। अमेरिका ने उसे आतंकवादी हमले की साजिश से बरी कर दिया तो कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका की इस कार्रवाई पर निराशा व्यक्ति की लेकिन कूटनीतिक तथा कानूनी प्रयास जारी रखे। इसके बावजूद अमेरिकी सरकार उसको लेकर खुफिया जानकारी देती रही। इसी बीच विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद तथा विदेश सचिव अमेरिकी प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखते रहे और साल 2014 में संप्रग सरकार गई, लेकिन उन्हीं नीतियों के सहारे सरकार इस मामले को आगे बढ़ाती रही। जो दस्तावेज संप्रग सरकार के समय इस मामले में इकट्ठे किए गए थे, उन्हें आगे बढ़ाया गया और उसी का परिणाम है कि आज इस आतंकवादी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हुई है, जिसकी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जा रहा है और ऐसा करने वाले लोगों को यह भी बताना चाहिए कि डेविड हेडली, दाऊद इब्राहिम, मेहुल चौकसी, नीरज चौधरी, विजय माल्या आदि जा प्रत्यर्पण नहीं हो पाने का श्रेय किसको दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम श्रेय पर विश्वास नहीं करते हैं लेकिन भारत की सुरक्षा का मामला हो, भारत के हितों की बात हो तो हम सरकार के साथ खड़े हैं।

# आईजीएनसीए में 'अयोध्या पर्व' के अवसर पर तीन प्रदर्शनियों का उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में तीन दिवसीय 'अयोध्या पर्व' के शुभारम्भ के अवसर पर तीन प्रदर्शनियों का उद्घाटन और तीन किताबों का विमोचन किया गया है।

आईजीएनसीए की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम' पर आधारित पद्मश्री वासुदेव कामत के चित्रों की प्रदर्शनी, वाल्मीकि रामायण पर आधारित पहाड़ी लघुचित्र प्रदर्शनी और चौरासी कोसी अयोध्या के तीर्थस्थल पर आधारित 'बड़ी है अयोध्या' प्रदर्शनी लगाई गयी है। प्रदर्शनी का उद्घाटन अयोध्या के मणिरामदास छावनी के महंत पूज्य कमल नयन दास जी महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर पूज्य ज्ञानानंद जी महाराज, जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय, आईजीएनसीए के ट्रस्टी वासुदेव कामत ने किया। इस मौके पर गणमान्य अतिथियों ने तीन पुस्तकों का



विमोचन भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने कहा, ''अयोध्या आनंद और जागृति की कुंजी है। अयोध्या हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। अयोध्या हमारी प्रेरक शक्ति है। अयोध्या राष्ट्र का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आधार भी है। हज़ारों वर्षों से अयोध्या ने हमारी राष्ट्रीय पहचान और पूरे समाज को जोड़े रखने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं नई पीढ़ी से जरूर कहना चाहूंगा कि एक तरफ अयोध्या में जहां आप अध्यात्म का स्वर्ण शिखर देख सकते हैं, वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में आपको व्यक्तिगत मूल्यों और आकांक्षाओं का प्रतीक मूल्य भी स्पष्ट रूप से नजर आएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम चला रहा है। आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने कहा, ''भौतिक अयोध्या 84 कोस की हो सकती है, लेकिन आध्यात्मिक अयोध्या अनंत है, आकाश की तरह अनंत। गीता मनीषी पूज्य ज्ञानानंद जी ने कहा, ''भारत परम्पराओं का देश है। इसमें पर्व परम्परा का विशिष्ट स्थान है। भारत केवल भौगोलिक आकार नहीं है, एक विचार है। एक चिंतन है। पूज्य महंत कमल नयन दास महाराज ने कहा, ''जब तक समरसता नहीं होगी, तब तक ज्ञान की पूर्णता भी नहीं होगी। उद्घाटन सत्र के बाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शृंखला में राजकुमार झा और उनके साथी कलाकार विनोद व्यास तथा पंकज ने मृदंग वादन से समां बांध दिया। इसके बाद, प्रज्ञा पाठक, विनोद व्यास, साकेत शरण मिश्र एवं उनके साथी कलाकारों ने अपने भजन गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव श्रद्धा, शास्त्रीयता और संवाद का संगम होगा, जिसमें देशभर के साधु-संत, सांस्कृतिक मनीषी, राजनेता, विद्वान, और कलाकार एक साथ जुटेंगे। पर्व के दूसरे दिन यानी आज पूर्वाह्न 11 बजे 'भारतीय समाज में मंदिर प्रबंधन' विषय पर एक संगोष्ठी हुयी, जिसमें अयोध्या के प्रमुख संत-महंतों के साथ प्रशासनिक और सांस्कृतिक विद्वान शामिल हुए। अंतिम दिन 13 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे 'कुबेरनाथ राय के निबंधों में श्रीराम' विषय पर संगोष्ठी में हिंदी साहित्य के विद्वान भाग लेंगे। समापन समारोह में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पूज्य गोविंद देव गिरि जी महाराज, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय, आईजीएनसीए के डीन (प्रशासन) एवं कला निधि प्रभाग के प्रमुख प्रो. रमेश चंद्र गौड़ और सुप्रसिद्ध कलाकार सुनील विश्वकर्मा की उपस्थिति रहेगें। इस मौके पर फौजदार सिंह और साथी कलाकार आल्हा गायन तथा लोकगायिका विजया भारती लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी। 'अयोध्या पर्व 2025' का आयोजन कला, अध्यात्म और भारतीय जीवनमूल्यों के नवसंचार का एक अनूठा प्रयास है।

# इटली के उप प्रधानमंत्री तजानी ने राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की

एजेंसी

नयी दिल्ली। इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने श्री तजानी और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा भारत और इटली दोनों ही प्राचीन सभ्यतागत विरासत में निहित हैं, तथा हमारे दर्शन, साहित्य और कला के माध्यम से दुनिया को योगदान देने का गौरवपूर्ण इतिहास है। हम सदियों से व्यापार और लोगों तथा विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश उभरती प्रौद्योगिकियों, नवाचार और रक्षा में घनिष्ठ सहयोग कर रहे हैं और जी-20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी मिलकर काम कर रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि की बहुत संभावना है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और 2047 तक 'विकसित भारत' का रोडमैप औद्योगिक साझेदारी और सहयोग के लिए कई अवसर पैदा करता है। उन्होंने इतालवी कंपनियों और सार्वजनिक उपक्रमों को भारत में विशेष रूप से विनिर्माण और सह-उत्पादन के लिए अपने संचालन का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने इतालवी हरित प्रौद्योगिकी कंपनियों से भारतीय उद्योग के साथ सहयोग और साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा,ल्ल नवंबर 2024 में रियो में प्रधानमंत्री मेलोनी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक के दौरान घोषित संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना अगले पांच वर्षों के लिए एक खाका है। यह कार्य योजना हमारे संयुक्त प्रयासों को गति देने के लिए एक मार्गदर्शक ढांचा होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अच्छी बात है कि इतालवी विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

# श्री अयप्पा सेवा समिति ने युवा पीढ़ी को सनातन मूल्यों से जोड़ने का काम किया : विजेंद्र गुप्ता

नयी दिल्ली। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि श्री अय्यप्पा सेवा समिति सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक संरक्षण और युवा पीढ़ी को सनातन मूल्यों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

श्री विजेंद्र गुप्ता ने श्री अय्यप्पा सेवा समिति की 35वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने समिति की 35 वर्षों की यात्रा को अनुशासन, समर्पण और सांस्कृतिक चेतना की मिसाल बताया। उन्होंने समिति के निस्वार्थ सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा, ल्लसमिति का कार्य क्षेत्र केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक संरक्षण और युवा पीढ़ी को सनातन मूल्यों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है। कार्यक्रम में भक्ति संगीत, पारंपरिक नृत्य, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अय्यप्पा परंपरा के विविध आयामों का भव्य प्रदर्शन किया गया।

# पेज एक का शेष

### बंगाल में वक्फ...

सबको है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता और हिंसा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जो कानून हाथ में लेने की कोशिश कर रहे हैं। राज्यपाल ने इस सिलसिले में मुख्य सचिव मनोज पंत से रिपोर्ट तलब की है और कहा है कि पुलिस को स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने बताया कि हिंसा की आशंका को देखते हुए उन्होंने पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से गोपनीय चर्चा की थी। फारक्का में एसडीपीओ घायल, सांसद को भी झेलनी पड़ी भीड़ की नाराजगीमुर्शिदाबाद के अलावा दक्षिण 24 परगना के आमतला और हुगली के चांपदानी में भी विरोध प्रदर्शन के दौरान झड़पें हुई हैं। आमतला में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिससे जवाबी कार्रवाई में तनाव और बढ़ गया। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग 117 पर भी यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। फारक्का में विरोध प्रदर्शन के दौरान सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) घायल हो गए। वहीं, तृणमूल सांसद खलीलुर रहमान को जंगीपुर के धुलियान में प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। खलीलुर ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर कर अपशब्द कहे और उनपर हमले की कोशिश की गई। उन्हें पुलिस ने सुरक्षित निकाला। शुभेंदु अधिकारी ने सरकार पर साधा निशानापश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पूरे घटनाक्रम पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा है कि बंगाल में कुछ कट्टरपंथी तत्व संविधान और कानून का खुलेआम विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कट्टरपंथी सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है और राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। तीन जिलों में शांति, मुर्शिदाबाद में अब भी तनावपिछले 24 घंटे में चार जिलों में हिंसा की घटनाएं सामने आई। इनमें से तीन जगह- चांपदानी, आमतला और धुलियान में फिलहाल शांति बहाल हो गई है। मुर्शिदाबाद में अभी भी तनाव है और प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। डीजीपी राजीव कुमार ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### राष्ट्रपति को विधेयकों ...

कार्यों के निर्वहन में राष्ट्रपति को कोई 'पॉकेट वीटो' या 'पूर्ण वीटो' उपलब्ध नहीं है। 'घोषणा करेगा' अभिव्यक्ति का उपयोग राष्ट्रपति के लिए अनुच्छेद 201 के मूल भाग के तहत उपलब्ध दो विकल्पों के बीच चयन करना अनिवार्य बनाता है, अर्थात या तो विधेयक को स्वीकृति प्रदान करना या स्वीकृति रोकना।

### यूपी में 16 लाख...

योजना ने पशुपालकों को नई राह दिखाई है। वहीं नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत डेयरी स्थापना के लिए योगी सरकार 50 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। साथ ही, डीबीटी के माध्यम से गोआश्रय स्थलों को प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन की दर से 1500 रुपए मासिक धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। इन योजनाओं से पशुपालक परिवारों की आय में वृद्धि हुई और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। योगी सरकार के ये प्रयास गोवंश संरक्षण और दुग्ध उद्योग के विकास में एक सुनहरे अध्याय की शुरुआत हैं।

### यूपीआई सर्विस 3...

अपडेट रखेंगे। उपयोगकर्ताओं को हुई असुविधा के लिए खेद है।

### 10 हजार पर्यावरण...


'सूर्य सखी' के रूप में प्रशिक्षित किया गया। यह पहल महिलाओं को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने इस महत्वाकांक्षी योजना की बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण का केंद्र बनाने का एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। इस रणनीति के तहत हर मंडल में सौर उत्पाद निर्माण इकाइयों की स्थापना है। प्रदेश में कुल 18 मंडलों को कवर करते हुए इन इकाइयों के माध्यम से 540 महिलाओं को सीधे रोजगार प्रदान किया जाएगा। ये इकाइयां सौर पैनल, बैटरी, और अन्य अत्याधुनिक उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित होंगी, जो न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेंगी, बल्कि बाजार में भी अपनी पहचान बनाएंगी। इसके अलावा योगी सरकार 826 विकास खंडों में 3,304 सौर शॉप्स की स्थापना करने जा रही है। प्रत्येक विकास खंड में औसतन चार शॉप्स खोले जाएंगे, जो सौर लालटेन, चार्जर और छोटे घरेलू उपकरणों की बिक्री और मरम्मत के लिए हब के रूप में काम करेंगी। इससे 3,304 महिलाएं इन शॉप्स का संचालन कर आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रसार तेज होगा। प्रदेश में 20,000 विकेंद्रीकृत सौर उत्पादों जैसे सोलर फूड प्रोसेसिंग मशीन, सोलर ड्रायर, और सोलर डीफ्रीजर की स्थापना की जाएगी। इन उत्पादों से 20,000 महिलाओं को उद्यमिता का मौका मिलेगा, जो उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने और स्थानीय स्तर पर आय सृजन में सक्षम बनाएगा। ये उत्पाद खाद्य संरक्षण और ऊर्जा संचयन में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण 57,702 ग्राम पंचायतों में 57,702 'सूर्य सखियों' की तैनाती है। हर ग्राम पंचायत में एक सूर्य सखी होगी, जो सौर ऊर्जा उत्पादों के उपयोग, रखरखाव, और जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी लेगी। यह कदम ग्रामीण स्तर पर ऊर्जा क्रांति को गति देगा और महिलाओं को तकनीकी नेतृत्व की भूमिका में लाएगा। प्रदेश में अगले तीन साल में 10,000 पर्यावरण सखियों का प्रशिक्षण देकर दिया जाएगा। ये सखियां क्लीन कुकिंग समाधानों जैसे, सौर चूल्हे और बायो-गैस सिस्टम को बढ़ावा देंगी, जो धुएं से मुक्त रसोई और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करेंगी। इससे घरेलू प्रदूषण कम होगा, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा, और ग्रामीण जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। इन सभी योजनाओं के जरिए योगी सरकार प्रदेश की एक लाख महिलाओं को सौर ऊर्जा के साथ जोड़ेगी, जो न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि प्रदेश को में हरित ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देगी, जो प्रदेश के लिए एक मॉडल बनेगी।

# चारधाम यात्रा के लिए पशुपालन विभाग तैयार

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर घोड़े-खच्चरों की हो रही सघन जांच

■ श्रीनगर स्थित रोग अनुसंधान केंद्र में रोजाना हो रही नमूनों की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पशुपालन विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग द्वारा यात्रा मार्गों पर चलने वाले घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में पशुपालन विभाग की रोग अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा श्रीनगर यात्रा में आने वाले घोड़े-खच्चरों के रक्त सीरम की जांच की जा रही है। अब तक यहां पांच हजार से ऊपर नमूने जांच के लिए पहुंच चुके हैं। प्रयोगशाला में ग्लैंडर्स और इक्वाइन इन्फ़्लुएंज़ा (ईआई) या हॉर्स फ्लू संक्रमण की जांच की जा रही है। लैब में बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून सहित अन्य जिलों से नमूने पहुंच रहे हैं। लैब में जांच के लिए 5,662 नमूने आए हैं। इनमें से 3,392 नमूनों की जांच की जा चुकी है। यदि कोई नमूना संदिग्ध व संक्रमित निकलता है, तो इसको पुष्टि के लिए रिपीट सैंपल राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र (एनआरसीई) भेजा जाएगा। यदि किसी भी ग्लैंडर्स की दुबारा पुष्टि होती है, तो उसे इच्छामृत्यु दी जा सकती है। वहीं, ईआई संक्रमण पाए जाने पर बीमार पशु को अन्य से अलग (क्वांरटीन) कर दिया जाएगा। 14 दिन बाद उसकी पुनः जांच होगी, स्वस्थ होने पर उसका यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन होगा। उल्लेखनीय है कि यमुनोत्री, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा पैदल करनी पड़ती है। यहां तीर्थयात्रियों के आवागमन और सामान ले जाने के मुख्य साधन घोड़े-खच्चर हैं। भारी संख्या में विभिन्न स्थानों से घोड़े-खच्चर यात्रा के दौरान यहां पहुंचते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, हर साल चार धाम यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम में लगभग आठ हजार, यमुनोत्री धाम में तीन हजार और हेमकुंड साहिब की यात्रा में एक हजार घोड़े-खच्चर आते हैं। ऐसे में उनमें आपस में संक्रमण का खतरा बना रहता है।

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया। हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को फारबिसगंज सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के मंदिरों सहित घरों में सुबह से धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है। भक्तों ने बजरंग बली सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों यथा सांवालियां कुंज महावीर ठाकुरबाड़ी, संकट मोचन ठाकुरबाड़ी, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गोदना ठाकुरबाड़ी, श्रीलक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी, स्टेशन परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर, सुल्तान स्थित वीर हनुमान ठाकुरबाड़ी, पटेल चौक स्थित हनुमान मंदिर, गौशाला परिसर स्थित इच्छापूरण हनुमान मंदिर, द्विजदेनी चौक स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्त की भीड़ उमड़ पड़ी, भक्तों में भगवान श्री हनुमान की पूजा- अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। ज्यादातर लोगों ने सुबह से अपने-अपने घरों में वीर हनुमान की पूजा-अर्चना कर लाल पताका फहराया। सभी मंदिरों में हनुमान जयंती पर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कई भक्तों ने हवन-पाठ कर भजन-कीर्तन का आयोजन अपने-अपने घरों में किया। इस मौके पर शहर के सबसे प्राचीन श्रीहनुमान मंदिर सांवलिया कुंज महावीर ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे का अष्टयाम सह संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर में महंथ पंडित अर्जुन दुबे में बताया की मुख्य यजमान के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर पंडित अर्जुन शर्मा के अलावे पंडित आकाश दुबे, पंडित कौशल दुबे, पंडित अभिषेक दुबे, अंगद दुबे, विकास दुबे, पंडित तारानंद झा, स्वेताभ मिश्रा, मंजीत मिश्रा,आशुतोष, आदित्य भगत, बिट्टू साह आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

### स्थानीय स्वरोजगार संरक्षण की मुख्यमंत्री से की मांग

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नैनीताल नगर मंडल की ओर से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित कर नगर में पर्यटन आधारित स्थानीय स्वरोजगारों के संरक्षण व प्रोत्साहन की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री का नगर के आंतरिक मार्गों के सुधारीकरण सहित अन्य कार्यों की स्वीकृति पर आभार व्यक्त करते हुए होम स्टे, टैक्सी, स्कूटी टैक्सी व छोटे रेस्टोरेंट जैसे स्वरोजगारों से जुड़े स्थानीय लोगों के समक्ष खड़ी व्यवस्थागत व शुल्क संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इन स्वरोजगारों से नगर के हजारों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है, किंतु वर्तमान में नगर पालिका और संबंधित विभागों द्वारा थोपे जा रहे अतिरिक्त टोल टैक्स, पंजीकरण, भारी कर, लाइसेंसिंग जटिलताएं तथा पार्किंग शुल्क जैसे नियम स्थानीय युवाओं के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ बनते जा रहे हैं। इससे न केवल उनकी वर्तमान जीविका पर संकट उत्पन्न हो रहा है, बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से भी दूर होते जा रहे हैं। नगर अध्यक्ष नितिन कार्की, मोहित आर्य, मनोज जोशी व विकास जोशी की ओर से हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि वर्ष 2017 के बाद जारी टैक्सी व स्कूटी सेवाओं के परमिट पर लगे प्रतिबंधों की समीक्षा कर स्थानीय युवाओं को पुनः स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर दिया जाए। साथ ही स्थानीय निवासियों को विशेष पास या पहचान पत्र प्रदान कर उन्हें बिना बाधा के कार्य करने की अनुमति दी जाए। इसके अतिरिक्त होम स्टे, टैक्सी, बाइक टैक्सी आदि लघु सेवाओं की पंजीकरण व कर प्रक्रिया को सरल व व्यवहारिक बनाए जाने की मांग की गई है।

### प्रो. सुनील बत्रा बने रेडक्रॉस के जिला नोडल अधिकारी

**हरिद्वार।** एसएमजेएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा को राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा हरिद्वार जिले का जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। कॉलेज की इस उपलब्धि पर प्रबन्ध समिति एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने प्रोफ़ेसर डॉ. बत्रा को बधाई दी तथा कहा कि इस उपलब्धि का लाभ जनपद हरिद्वार के छात्रों को मिलेगा। कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि यह कॉलेज परिवार के लिए गौरव की बात है। नवनियुक्त रेड क्रॉस जिला हरिद्वार नोडल अधिकारी प्रो बत्रा ने बताया कि जिले के सभी शासकीय, अशासकीय तथा निजी महाविद्यालयों में रेड क्रॉस यूनिट्स को स्थापित कर उनके प्रभारी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 15 अप्रैल को शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों के प्रभारियों को प्रशिक्षित करने के लिए एसएमजेएन पीजी कॉलेज में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

### श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह

**हरिद्वार।** श्री पंच दश नाम जूना अखाड़े के बिरला घाट स्थित श्री दुख हरण हनुमान मंदिर में पवन पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री महंत हरी गिरी महाराज के संयोजन में हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर श्री महंत आनंद गिरि, महामंडलेश्वर, महंत देव ऋषि गिरी, श्री महंत केदार पुरी, महासचिव श्री महंत महेश पुरी, श्री महंत पूर्णागिरि, थानापति महंत मुन्नागिरी, कोठारी महंत महाकाल गिरी, श्री महंत पशुपति गिरी, महंत तूफान गिरी महंत रतन गिरी, यज्ञ दत्त आदि के नेतृत्व में हरियाणा पंजाब से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं व साधु संतों ने हनुमान जी की बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा बाल्मीकि चौक, दत्तात्रेय चौक, भोलागिरी रोड, माया देवी मंदिर, आनंद भैरव मंदिर होते हुए श्री दुख हरण हनुमान मंदिर पहुंची।रास्ते में जगह-जगह पर श्रद्धालु भक्तों व स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। श्री महंत आनंद गिरि महाराज ने बताया कि आज शनिवार प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में श्री हनुमान जी की पूर्ण वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा नया चोला चढ़ाया गया। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। वैदिक विद्वानों द्वारा सुंदरकांड के साथ-साथ हनुमान वडवानल स्तोत्र, पंचमुखी हनुमान कवच स्तोत्र, हनुमान साठिका, हनुमान चालीसा आदि का पाठ किया गया।

### नवादा नगर के 7 मोहल्लों में विकास को ले जन जागृति फाउंडेशन का जन संवाद

**नवादा।** नवादा के चहुंमुखी विकास के लिए चलाए जा रहे जन जागृति फाउंडेशन का जन-जागरण अभियान दल शनिवार को नवादा नगर के भगत सिंह चौक,प्रसाद विघा, मेनरोड,हरिश्चंद्र स्टेडियम के चारों ओर बसे मोहल्ले, गोला रोड, पम्प्यू कल रॉड,स्टेशन रोड मोहल्ले पहुंचा, जहां सैकड़ो नागरिकों व समर्थकों के साथ डोर टू डोर जाकर नवादा के विकास के लिए समर्थन मांगे जाने के साथही उनके स्वाभिमान जगाने के लिए जन संवाद किया गया। फाउंडेशन के संयोजक, समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने नवादा नगरवासियों के बीच जाकर जन-संवाद किया। जन संवाद को संबोधित करते हुए डॉ अनुज ने कहा कि यह अभियान नवादा विधानसभा क्षेत्र के लोगो की शिक्षा ,स्वास्थ्य , कृषि,रोजगार,एवं सुरक्षा के लिए समर्पित है। आज भी हमारा नवादा विधानसभा राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर से पिछड़ा हुआ है ।जिस पर किसी भी प्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं है। आज तक जो भी यहां के जन प्रतिनिधि हुए हैं, उन्होंने केवल अपनी सुख सुविधा लेने का काम किया।

### मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सम्राट अशोक भवन में शनिवार को जिला प्रशासन और मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान करने के लिए काफी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से लोग पहुंचे। भागलपुर मायागंज अस्पताल से आए मेडिकल टीम ने कागजी कार्रवाई एवं जांच के बाद लोगों ब्लड लिया। सबसे पहले बीडीओ संजीव कुमार और थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने रक्तदान किया। जिसके बाद दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुलतानगंज विधायक प्रोफ़ेसर ललित नारायण मंडल, नगर सभापति राजकुमार गुड्डू, उप सभापति नीलम देवी, बीडीओ संजीव कुमार, सीओ रवि कुमार और थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में आए मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक, सभापति, उपसभापति और थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है। इससे कई लोगों की जिंदगी बच सकती है।

# शिक्षक स्वयं जलकर बच्चों के जीवन मे भरते हैं ज्ञान का प्रकाश: प्रो नवल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नवादा। नवादा जिले के राजौली में शनिवार को रजौली स्थित इंटरमीडिएट मथुरासिनी महाविद्यालय में सेवानिवृति के उपलक्ष्य में शिक्षिका और पुस्तकालय अध्यक्ष के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर इंटरमीडिएट मथुरासिनी महाविद्यालय में जीव विज्ञान की शिक्षिका नीलम कुमारी और पुस्तकालय अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे बिहार विधान पार्षद प्रोफ़ेसर नवल किशोर यादव ने सेवानिवृत शिक्षिका और पुस्तकालय अध्यक्ष को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विधान पार्षद प्रो नवल किशोर यादव ने संबोधन में कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह होते हैं, जो खुद जलकर बच्चों के भविष्य संवारने में लगे रहते है।शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होते हैं।वह जीवन के अंतिम समय तक समाज हित में कार्य करते हैं। महाविद्यालय परिवार व विद्यालय के प्रति हमेशा उनके समर्पण और निष्ठा की यादें हम लोगों के दिलों में रहेगी ।साथ ही उनके शालीनता और उनके ज्ञान को सदा ही महाविद्यालय परिवार व यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे याद करते रहेंगे। शिक्षक प्रतिनिधि ब्यास कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा।उनके कुशल कार्य क्षमता व उत्कृष्ट योगदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।ये दोनों पद से सेवानिवृत्ति जरूर हुए हैं पर सेवा के दायित्व से मुक्त नहीं हुए। जब भी विद्यालय परिवार को उनके मार्गदर्शन की जरूरत होगी। हम सभी विद्यालय परिवार उनके मार्गदर्शन जरूर लेंगे।

# नालंदा में पान विकास योजना प्रारंभ किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा। भारत में पान की खेती का ऐतिहासिक और आर्थिक महत्व है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पान कि खेती के लिए किसानों को पान विकास योजना 2025 शुरू की है।इस योजना के तहत नालंदा जिले में किसानों को 50% तक का अनुदान दिया जाएगा। इस योजना से किसानों की आय में वृद्धि होगी और पान की खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा।पान विकास योजना का उद्देश्य पान की खेती को संरक्षित और विस्तारित करना है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि वे आधुनिक तकनीक अपनाकर बेहतर उत्पादन कर सकें। नालंदा जिले का मगही पान अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है और सरकार इसके उत्पादन को बढ़ावा देना चाहती है।बिहार सरकार पान किसानों को पान विकास योजना के तहत 100 वर्गमीटर में पान की खेती करने वाले किसानों को 11,750 अनुदान मिलेगा।वहीं 300 वर्गमीटर में खेती करने पर 35,250 अनुदान मिलेगा। 300 वर्गमीटर की खेती पर कुल 70,500 लागत आती है, जिसका 50% अनुदान सरकार देगी।किसानों को यह राशि सरकारी पोर्टल पर आवेदन करने के बाद प्राप्त होगी। वही जो किसान पिछले 1-2 वर्षों में इस योजना का लाभ ले लिया है वे इस बार आवेदन नहीं कर सकते हैं।एक बार लाभ लेने के बाद तीन साल तक दोबारा इस योजना का लाभ नहीं दिये जाने का प्रावधान है। नालंदा जिले के इस्लामपुर और राजगीर में लगभग 400 बीघे में पान की खेती होती है।

बौरीसराय, बौरीडीह और खुदागंज गांवों के किसान मगही पान के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं। नालंदा से बनारस और गया की मंडियों में बड़ी मात्रा में पान की खेप भेजी जाती है। इस योजना से करीब 20,000 परिवार लाभान्वित होंगे जो पान की खेती पर आश्रित हैं। यह योजना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में सहायक होगी।

# अभिनेता मनोज कुमार की अस्थियां गंगा में विसर्जित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मशहूर अभिनेता मनोज कुमार की अस्थियां आज विधि विधान के साथ हरकी पैड़ी पर गंगा में विसर्जित कर दी गईं। इस अवसर पर मनोज कुमार के बेटे, भाई और अन्य परिजन मौजूद रहे। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भी इस मौके पर अभिनेता मनोज कुमार को अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि 4 अप्रैल को मनोज कुमार का 87 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया था। अपने जीवनकाल में उन्होंने कई हिट फिल्में दी। देश भक्ति से ओतप्रोत फिल्में देने के कारण उनका नाम भारत कुमार भी पड़ गया था। उन्होंने पूरब और पश्चिम, उपकार, क्रांति और शहीद जैसी देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्मों से देशवासियों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी। मनोज कुमार का योगदान न सिर्फ भारतीय सिनेमा को एक नई दिशा देने में रहा, बल्कि उन्होंने देशभक्ति की भावना को बड़े पर्दे पर जीवंत कर एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया। मनोज कुमार के बेटे और परिजनों ने वैदिक विधि के साथ पूजा कर मनोज कुमार की अस्थियों को गंगा में विसर्जित कर उनकी सद्गति की कामना की।

# पूर्वी चंपारण जिले में बेस्ट पुलिसिंग के लिए डीआईजी ने एसपी को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूर्वी चंपारण। एसपी स्वर्ण प्रभात को चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय ने बेस्ट पुलिसिंग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधियों, शराब माफियाओं, ड्रग्स तस्करों और भूमाफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे है।लिहाजा बड़े पैमाने पर अपराधियो की गिरफ्तारी हुई है।इसके साथ ही पुलिस दबिश के बाद संगीन आरोपो में वर्षो से फरार चल रहे अपराधियो ने आत्मसमर्पण को विवश हुए है। इस बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बीते दिनो बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिले में दो बार महाकुर्की जब्ती अभियान चलाया,जिसमे करीब 700 से अधिक फरार अपराधियों की घरों की कुर्की जब्ती की गई।इसके साथ ही बड़े पैमाने पर अपराधियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी ने अपने अभियान के दौरान जिले में पदस्थापित भ्रष्ट व कर्तव्यहीन पुलिस अधिकारियो को भी निशाने पर लिया,जिस कारण कई दरोगा व चौकीदारो को जेल की हवा खानी पड़ी,साथ ही कई पुलिस अधिकारी निलंबित किये गये। उन्होने जिला के नेपाल सीमावर्ती थाना क्षेत्रो में सक्रिय ड्रग्स व मादक पदार्थो के तस्करो के विरूद्ध अभियान चलाया,जिस कारण बड़े पैमाने पर भारत में प्रवेश के पूर्व चरस,स्मैक व गांजा के साथ ही नशीली दवा की खेप के साथ कई कुख्यात ड्रग्स तस्कर पकड़े गये।

# सुखबीर बादल बने शिरोमणि अकाली दल के प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। आखिरकार कई महीने की अंदरूनी खींचतान के बाद सुखबीर सिंह बादल को दोबारा शिरोमणि अकाली दल का प्रधान चुन लिया गया। सुखबीर बादल का यह चौथा कार्यकाल होगा। पार्टी के करीब पांच सौ डेलीगेट सदस्यों ने शनिवार को अमृतसर में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में सुखबीर बादल को प्रधान चुना। इस चुनाव के बाद पार्टी के भीतर चल रही अंदरूनी कलह का अंत हो गया है। सुखबीर बादल के नेतृत्व पर सवाल खड़े करने वाले बागी अकाली भी अब शांत हो गए हैं। सुखबीर बादल पहली बार वर्ष 2008 में शिरोमणि अकाली दल के प्रधान चुने गए थे। इसके बाद सत्ता में आयी अकाली दल की सरकार के दौरान पंजाब में बेअदबी की घटनाओं ने पार्टी की छवि को धूमिल कर दिया। वर्ष 2017 के चुनाव में अकाली दल को काफी नुकसान झेलना पड़ा और 2022 के चुनाव में पार्टी केवल तीन सीटों पर सिमट गई। इसके बाद सुखबीर बादल के नेतृत्व पर सवाल उठने शुरू हो गए। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान अकाली दल को 13 में से केवल एक सीट पर ही जीत हासिल हुई। पार्टी के भीतर उठे विवाद को शांत करने के लिए सुखबीर बादल ने अकाल तख्त पर पेश होकर माफी भी मांगी और पिछले साल 16 नवंबर को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वरिष्ठ अकाली नेता बलविंद्र सिंह भूंदड़ को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया और फिर पंजाब में पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिला स्तर पर डेलीगेट सदस्य बनाए गए जिन्होंने शनिवार को फिर से सुखबीर बादल को प्रधान चुन लिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063